रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ


RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 23 फरवरी 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-182 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के परिसरों की ली तलाशी


**नयी दिल्ली।** केंद्र जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत



परियोजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों में गुरुवार को तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के बताया कि एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के कुछ स्थानों सहित 30 विभिन्न स्थानों पर भी तलाशी ली। मलिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें दो फइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गयी थी, जिनमें से एक किरू परियोजना से संबंधित थी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने 2022 में इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी।

### ओडिशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत : राजनाथ

**भुवनेश्वर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ओडिशा को डबल



इंजन सरकार की जरूरत है और आगामी चुनाव में भाजपा ओडिशा में सरकार बनाएगी। राज्य के एक दिवसीय दौरे पर आए सिंह ने नबरंगपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में ओडिशा में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि यहां तक कि राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि भाजपा इस बार ओडिशा में सरकार बनाएगी।

### कर्नाटक में मंदिरों पर लगा टैक्स, कांग्रेस का जजिया कर : अखिल भारतीय संत समिति

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय संत समिति ने कर्नाटक सरकार द्वारा मंदिरों पर कर लगाए जाने को कांग्रेस का 'जजिया कर' करार दिया है और इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह संविधान का उल्लंघन और हिंदुओं के धर्म स्वतंत्रता के अधिकार का हनन है। समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने मंदिरों के ऊपर एक करोड़ से कम की राशि की आय पर पांच प्रतिशत और एक करोड़ से ऊपर की राशि पर 10 प्रतिशत का कर लगाए जाने का विधेयक विधानसभा में पारित कर दिया है। उन्होंने इसे जजिया कर करार देते हुए कहा कि यह देश का पहला मामला है जहां धर्म के आधार पर टैक्स लगाने की शुरुआत की गई है।

### शेयर बाजार गुलजार

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 535.15 अंक की छलांग लगाकर 73,158.24 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 162.40 अंक की तेजी लेकर 22,217.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 39,834.45 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत चढ़कर 45,789.81 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ।

# सरकारी जमीनों को हथियाने का खुला खेल

## विधानसभा में गूंजा 100 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा का मामला, राजधानी रायपुर में भी भरमार




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में सरकारी जमीनों की लूट मची हुई है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश का ऐसा कोई कोना नहीं है जहां भू-माफिया सक्रिय न हो। गुरुवार को विधानसभा में सरकारी जमीन पर बाहुबलियों के कब्जें का आरोप लगा, जिस पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने बेदखली की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। भाजपा सदस्य रिकेश सेन ने आरोप लगाया कि तकरीबन 100 एकड़ जमीन पर बाहुबलियों का कब्जा है। जिस पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने विधानसभा में आश्वासन दिलाया की जल्द ही जमीन मुक्त करा दी जाएगी। इसके लिए बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। प्रश्नकाल के दौरान रिकेश सेन के सवाल पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि दुर्ग जिले के हथखोज क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार ने 181.33 हेक्टेयर इंजिनियरिंग पार्क के लिए 57.17 हेक्टेयर और रेल पार्क के लिए 6.14 हेक्टेयर जमीन का आबंटन किया गया है। जिस पर भाजपा सदस्य सेन ने कहा जमीनों पर अवैध कब्जा हो चुका है। यही नहीं एमओयू करने वाले उद्योगों को जमीन नहीं मिल पा रही। रिकेश सेन ने पूछा कि अवैध कब्जा को कब हटाया जाएगा। जवाब देते हुए मंत्री लखनलाल देवांगन कहा कि भारी औद्योगिक क्षेत्र सुविधाओं के लिए आरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा है। जिसके लिए लगातार नोटिस जारी की गई है। भाजपा सदस्य ने आरोप लगाते हुए कहा की करीब 100 एकड़ जमीन पर बाहुबलियों का कब्जा है। उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि जल्द से जल्द बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया की हाईकोर्ट से कब्जाधारियों को स्टे मिला हुआ है। इस प्रश्न पर चर्चा के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने चुटकी लेते हुए कहा कि सेन जी आप तो खुद ही बुलडोजर लेकर पहुंच जाते हैं, वहां भी क्यों नहीं चले जाते। इस सेन ने कहा कि मुझे अनुमति मिले तो मैं वह भी करने को तैयार हूं।

### दलदलसिवनी और सड्डू ईलाके में चारों ओर कब्जा ही कब्जा

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी सरकारी जमीन हथियाने का खुला खेल चल रहा है। दलदलसिवनी के आर्मी चौक का यह नजारा है जिसमें मनमर्जी तरीके से जमीनों में बॉउड्रीवाल के साथ-साथ तारों से सरकारी जमीन को घेर दिया गया है। यह मामला कहीं दूरस्थ इलाके का नहीं बल्कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र के दायरे में है। जिला प्रशासन और निगम के अफसरों का इस क्षेत्र से प्रतिदिन गुजरना होता है। इसके बाद भी कब्जाधारियों के हौसले बुलंद है। वास्तव में सरकारी जमीनों की लूट को बचाने की आवश्यकता है। यदि जमीन नियमतः अलाट नहीं की गई है तो कब्जाधारियों से सरकारी जमीनों को मुक्त कराना चाहिए। नहीं तो आने वाले दिनों में राजधानी रायपुर की हर सरकारी जमीन पर माफियाओं का कब्जा हो जाएगा।



### पूर्व मंत्री डहरिया की पत्नी पर सरकारी जगह को कब्जा करने का आरोप



कब्जे के खेल में छोटे-बड़े सभी शामिल है। इस दौरान पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया का एक सामुदायिक भवन पर कब्जा करने के मामले को लेकर दो दिन से रायपुर नगर निगम में हंगामा हो रहा है। मिली जानकारी अनुसार शिव डहरिया की पत्नी शकुन ने एक नहीं बल्कि 2 स्थानों पर कब्जा कर रखा है। कहते है कि ईडब्लूएस की करीब 15 हजार फीट भूमि पर उन्होंने मकान और आलीशान गार्डन बनाया गया है। जानकारों का कहना है कि ईडब्लूएस की तकरीबन 15 हजार वर्ग फीट भूमि ही नहीं हड़पी गई बल्कि अटल आवास के मकानों को तोड़कर इसे बनाया गया है। इतना ही नहीं, भवन और गार्डन बनाने पर नगर निगम, स्मार्ट सिटी और सरकारी एजेंसियों का साढ़े 3 करोड़ खर्च करने का आरोप लगया जा रहा है। नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने इस मामले में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को इस मामले में समिति बनाकर 15 दिवस में जांच कराने को निर्देशित किया है। नगर निगम की सामान्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने गुरु घासीदास वार्ड के शताब्दि नगर कालोनी में नगर निगम के सामुदायिक भवन पर शकुन डहरिया की समिति का कब्जा होने का आरोप लगाया। दस्तावेजों के साथ नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि शकुन डहरिया ने राजश्री सद्भावना समिति के नाम से सामुदायिक भवन पर कब्जा कर रखा है। समिति की वो अध्यक्ष हैं, उनके लेटरपैड और उनके हस्ताक्षर के साथ जोन 10 के आयुक्त के नाम आवेदन किया गया था, जिसमें शताब्दि नगर में निर्मित सामुदायिक भवन का संचालन व हस्तांतरण करने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर मेयर इन काउंसिल की 16 जून 2022 की हुई बैठक में प्रस्ताव रखा गया। इसे एमआईसी द्वारा पारित किया गया।


➢ शेष पेज 12 पर


## हमारा फोकस है छोटे किसान का जीवन कैसे बेहतर हो : पीएम मोदी

एजेंसी ◄ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि हमारा फोकस है छोटे किसान का जीवन कैसे बेहतर हो, पशुपालन का दायरा कैसे बढ़े, पशुओं का स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मोदी ने इस अवसर पर कहा कि मुझे खुशी है कि यहां गुजरात में भी हमारी डेयरी सहकारी समितियों में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुझे याद है जब मैं गुजरात में था तो हमने डेयरी सेक्टर से जुड़ी महिलाओं के लिए एक और बड़ा काम किया था। हमने ये सुनिश्चित किया कि डेयरी का पैसा हमारी बहनों-बेटियों के बैंक खातों सीधे जमा हो। मैं आज इस भावना को विस्तार देने के लिए भी अमूल की प्रशंसा करुंगा। हर गांव में माइक्रो एटीएम लगने से पशु-पालकों को पैसा निकालने के लिए बहुत दूर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। आने वाले समय में पशुपालकों को रुपे क्रेडिट कार्ड देने की भी योजना है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पंचमहाल और बनासकांठा में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त होना जरूरी है। पहले केंद्र में जो सरकारें रहीं, वो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं। हम गांव के हर पहलू को प्राथमिकता देते हुए काम को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा फोकस है- छोटे किसान का जीवन कैसे बेहतर हो। हमारा फोकस है- पशुपालन का दायरा कैसे बढ़े। हमारा फोकस है- पशुओं का स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो। हमारा फोकस है- गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। इसी सोच के साथ, हमने पहली बार पशुपालकों और मछलीपालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी है। हमने किसानों को ऐसे आधुनिक बीज दिए हैं जो जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार, राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसे अभियानों के माध्यम से दुधारू पशुओं की नस्ल सुधारने का भी काम कर रही है। लंबे समय तक फुट एंड माउथ डिजीज़- मुंहपका और खुरपका, हमारे पशुओं के लिए बहुत बड़े संकट का कारण रही है। इस बीमारी के कारण हर साल हज़ारों करोड़ रुपए का नुकसान आप सभी पशुपालकों को होता है।

## किसानों, जवानों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है सरकार : राहुल गांधी

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर किसानों और जवानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है और जनता की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिक्कत यह है कि जब लोग हक़ के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हैं तो सरकार गोली चलाकर उनकी आवाज को दफन कर देती है। किसान अपने हक की बात कर रहे हैं तो उन्हें गोली मारी जा रही है। सोशल मीडिया पर लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, किसान एमएसपी मांगें तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफडेमोक्रेसी। जवान नियुक्ति मांगें तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो -ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। पूर्व गवर्नर सच बोलें तो उनके घर सीबीआई भेज दो - ये है मदर ऑफडेमोक्रेसी। गांधी ने कहा, सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज़ कर दो- ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। धारा 144, इंटरनेट बैन, नुकीली तारें, आंसू गैस के गोले- ये है मदर ऑफडेमोक्रेसी। मीडिया हो या सोशल मीडिया, सच की हर आवाज़ को दबा देना - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। मोदी जी, जनता जानती है कि आपने लोकतंत्र की हत्या की है और जनता जवाब देगी।

## एक साथ तीन बच्चों का जन्म



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय में महिला ने नार्मल डिलवरी के जरिये तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया है। तीनों नवजात बालक हैं। जिला चिकित्सालय की महिला चिकित्सक ने स्टॉफ नर्सों के साथ सफल प्रसव कराया। एक साथ तीन बच्चों की किलकारी सुनकर मां और परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, वहीं स्वास्थ्यकर्मी भी स्वस्थ बच्चों की सफल डिलवरी से बेहद गदगद हैं। मिली जानकारी के मुताबिक डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत बडग़ांव की रहने वाली 24 वर्षीय द्रौपती साहू ने 20 फरवरी की सुबह स्थानीय 100 बिस्तर मातृ-शिशु शासकीय चिकित्सालय में तीन बच्चों को जन्म दिया। मेडिकल भाषा में तीनों बच्चों को ट्रिपलेट कहते हैं। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चों का वजन क्रमशः 2 किलो 100 ग्राम, 3 किलो व एक किलो 400 ग्राम है। जिला अस्पताल में दाखिल होने के बाद चिकित्सकों को पता चला कि एक से अधिक बच्चे हैं, इसलिए सावधानीपूर्वक डिलवरी कराने के लिए स्त्री रोग चिकित्सक बुद्धेश्वरी देशमुख और स्टॉफ नर्स सविता जामुलकर, सुनीता साहू, प्रणिका साहू ने उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए नार्मल डिलीवरी कराया। तीनों बच्चों का जन्म 20 फरवरी की सुबह 5 बजे से सुबह 7 बजे के दौरान कुछ मिनटों के अंतराल में हुआ। बच्चों को अस्पताल के नवजात शिशु कक्ष में निगरानी में रखा गया है। नार्मल डिलवरी होने से परिजन भी खुश हैं, वहीं स्वास्थ्य कर्मियों की सूझबूझ की भी प्रशंसा हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगले एक-दो दिन में प्रसूति महिला की अस्पताल से छुट्टी कर दी जाएगी।

### मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण करने का काम किया है

## आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है : अमित शाह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुंकार भरी और कहा कि आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है। शाह ने कहा कि सन 2014 में 11 में से 10 सीटें भाजपा को आपने दी, 2019 में 11 में से 9 सीटें भाजपा को दी और विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बहुमत से भाजपा की सरकार बनाई और एक नाकारा सरकार, जिसने न तो नक्सलवाद पर लगाम कसी और न ही छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ न्याय किया, उसे उखाड़ फेंका। अमित शाह जांजगीर-चांपा में भाजपा की विजय महासंकल्प रैली में महती जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण करने का काम किया है। इन 10 वर्षों में मोदी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया, छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का अपनी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक के उपचार का पूरा खर्चा मोदी सरकार उठा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है, 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए, उसमें से 38 लाख शौचालय छत्तीसगढ़ में बने। 75 साल के बाद छत्तीसगढ़ की बहनों को शौचालय मिला। छत्तीसगढ़ के 2 करोड लोगों को 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रतिमाह मुफ्त में मिलता है। मुफ्त में गरीब का चूल्हा जलाने का काम मोदी सरकार ने किया है। 36 लाख माताओं को गैस का सिलेंडर दिया,10 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया और पूरे छत्तीसगढ़ में सभी लोगों को कोरोना का निःशुल्क का टीका लगाया। देश के 130 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लगाकर भारत और छत्तीसगढ़ को कोरोना से मुक्त बनाने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के अर्थतंत्र को आगे ले जाने का काम किया। हमारा देश दुनिया के अर्थतंत्र की तालिका में 11वें नंबर पर था, पाँचवें नंबर पर है। मोदी की गारंटी है कि केंद्र में भाजपा की सरकार एक बार फिर से ला दो, हम दुनिया में भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे। शाह ने कहा कि मोदी ने दलित, आदिवासी, पिछड़ा सभी का सम्मान करने का काम किया। 75 साल के बाद पहली बार किसी गरीब आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान करने का काम किया है। ओबीसी को पहली बार संवैधानिक मान्यता दी और 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। ओबीसी आयोग का गठन किया। यह सभी योजनाएं ओबीसी समाज, आदिवासी समाज, दलित समाज और सभी के लिए लागू करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसके साथ-साथ आज भारत देश ने चंद्रयान को चंद्रमा पर भेजा और भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में दुनिया में तीसरी शक्ति बनाया। जी-20 के माध्यम से हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को पूरी दुनिया में पहुँचाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। शाह ने कहा कि देश को सुरक्षा देने का काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कश्मीर में धारा 370 का नासूर सालों से परेशान कर रहा था। 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ मिला दिया। इसी प्रकार सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को दंडित करने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है।

### किसान हमारे अन्नदाता, सरकार उनसे मुद्दों पर हर समय बातचीत करने को तैयार : अनुराग ठाकुर




**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने किसानों को 'अन्नदाता' और 'भाई' कहते हुये कहा कि वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर आन्दोलन कर रहे किसानों से बातचीत को तैयार है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, केन्द्र आंदोलनकरी किसानों से बातचीत करने को तैयार है। किसान हमारे 'अन्नदाता' और 'भाई' हैं। ठाकुर ने राजधानी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिये कई कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा, हम पहले भी उनसे बातचीत के लिये तैयार थे और आज भी तैयार हैं तथा भविष्य में भी उनके विषयों पर बातचीत को तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौर में एमएसपी दोगुना हो गया है और खरीद भी दोगुने से अधिक हो रही है। मंत्री ने गन्ने का उचित एवं लाभदायक मूल्य बढ़ाने के केन्द्र के फैसले का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत दुनिया में गन्ने का सबसे ज्यादा मूल्य दे रहा है। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल ने गन्ना विपणन वर्ष 2024-25 के लिये बुधवार को गन्ने की उचित और लाभदायक दर आठ प्रतिशत बढ़ाकर प्रति क्विंटल 340 रुपये तय किया है।

# बोर्ड परीक्षार्थियों के भय और तनाव को दूर करने हेल्पलाइन

## टोल फ्री नंबर-18002334363 पर हो रहा फोन काल का निराकरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



बोर्ड परीक्षार्थियों के परीक्षा संबंधी भय और तनाव को दूर करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज 22 फरवरी से एक हेल्पलाइन शुरू कर दी है। हेल्पलाइन में स्थापित टोल फ्री नंबर-18002334363 पर आज पहला दिन परीक्षा भय एवं तनाव संबंधी समस्याओं से संबंधित 61 फोन काल प्राप्त हुए, इनका निराकरण मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, विषय विशेषज्ञ, मंडल के अधिकारियों द्वारा करते हुए परामर्श दिया गया।

हेल्पलाईन में आज अंग्रेजी विषय की विषय विशेषज्ञ सुश्री अंजू सूद ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा के तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया और मनोचिकित्सक डॉ. स्वाती शर्मा द्वारा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। हेल्पलाईन में छत्तीसगढ़ राज्य के दूरस्थ अंचलों जैसे - कोरबा, बस्तर, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, सारंगढ़, अम्बिकापुर और अन्य जिलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछे गए। हेल्पलाईन का संचालन मंडल के उप सचिव श्री जे.के. अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शुक्रवार 23 फरवरी को गणित विषय के विषय विशेषज्ञ श्री अखिल खरे और मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरवंडकर विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाईन में उपस्थित रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षाओं के संदर्भ में परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व यह हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नंबर-18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधन कर सकते हैं। रविवार और अवकाश को छोड़कर हेल्पलाइन में मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक विषय विशेषज्ञ एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# निरंतर हो रहा धान का उठाव

## राज्य में 113 लाख 88 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 121 लाख 84 हजार 969 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 113 लाख 88 हजार 576 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

# श्रीरामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया शुरू

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में श्रीरामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के संबंध में पर्यटन विभाग ने कलेक्टरों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिये गए हैं। इसमें श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा के लिए यात्रियों की समुचित व्यवस्था के संबंध में विस्तार से बताया गया है। कलेक्टरों से कहा गया है कि यात्रा के लिए पहली स्पेशल ट्रेन शीघ्र प्रारंभ होगी, अतः नियमानुसार यात्रियों का चयन कर सूची और प्रतीक्षा सूची यथाशीघ्र भेजना सुनिश्चित करें। यात्रा के लिए हितग्राहियों के चुनाव एवं अन्य कार्य संपादन का काम कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। योजना के लिए श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा कोष भी स्थापित किया जाएगा। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम यात्रा के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन ग्राम पंचायत या शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय (नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम) में देना होगा। आवेदन के साथ नवीनतम रंगीन फोटो के साथ ही पहचान और निवास के साक्ष्य के लिए राशनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या राज्य सरकार द्वारा स्वीकार्य अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। आवेदक को किन्ही दो व्यक्तियों के नाम और जानकारी देना होगा, जिनसे आपात स्थिति में सम्पर्क किया जा सके। इनमें से एक नाम निर्देशित व्यक्ति का मोबाईल नंबर देना होगा। ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय योजना के लिए इच्छुक आवेदकों की सूची कलेक्टर की ओर प्रेषित करेंगे। रामलला दर्शन योजना अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को जिसने अकेले यात्रा करने हेतु आवेदन किया है, को अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी।

# 65 लाख 7 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

## 25 फरवरी तक नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 22 फरवरी की स्थिति में 65 लाख 7 हजार 442 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का अन्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं निशक्तजन एपीएल राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। राशनकार्डधारियों के लिए खाद्य विभाग द्वारा एप तैयार किया गया है। एप के माध्यम से हितग्राही ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एंड्राएड मोबाईल की सुविधा नहीं है या नेटवर्क की समस्या है तो वे हितग्राही उचित मूल्य की दुकान में भी जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 25 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# ईवीएम के खिलाफ कांग्रेसियों का दिल्ली के जंतर मंतर में प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा ईव्हीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर दिल्ली पुलिस द्वारा संसद मार्ग थाने में सभी कार्यकर्ताओं की गिरफ़्तारी की गई हैं।

इस अवसर पर सुशील सन्नी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने कहा की विश्व के विकसित देशों ने भी ईव्हीएम का बहिष्कार कर दिया परंतु, भारत में ईव्हीएम के खिलाफ आवाज उठाने पर मोदी सरकार उन आवाजों को दबाने पर आमादा है।

यह अहंकारी सरकार अपने खिलाफ उठी प्रत्येक आवाज को दबाना चाहती है। अग्रवाल ने कहा की भाजपा की सरकार को यह मालूम नही की यह कांग्रेस के कार्यकर्ता है जो कभी अंग्रेजों से लड़कर इस देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दिए थे, हम भारत की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर दमन का शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करते रहेंगे।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, केकेसी अध्यक्ष उदित राज, सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूद प्राचा, केकेसी उपाध्यक्ष संजय गाबा, अभिषेक बोरकर सहित भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद उपस्थित रहे।



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जगदलपुर एयरपोर्ट में वरिष्ठ अधिकारियों ने किया स्वागत



**जगदलपुर।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे। रक्षा मंत्री का कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने स्वागत किया। रक्षामंत्री सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत विशेष विमान से जगदलपुर पहुंचे थे। यहां से ओड़िसा राज्य के नबरंगपुर के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।

# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1402 बच्चों का स्वर्णप्राशन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में बुधवार को 1402 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर द्वारा पुष्य नक्षत्र तिथि 9 जनवरी को भी 1235 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया था।

# बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन का आनंद लिया



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

## 86 छात्रावासों में न्योता भोज का किया गया आयोजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्म दिवस के अवसर पर बालोद जिले के सभी 86 छात्रवासों में न्योता भोज का आयोजन किया गया था। बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन किया और मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मनाया गया। न्योता भोज में बच्चों के लिए चावल, दाल, हरी सब्जी, आचार, पापड़, खीर, पूड़ी, हलवा जैसे स्वादिष्ट पकवान परोसे गए। उल्लेखनीय है कि न्योता भोज सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह एक ऐसा अवसर है जहां बच्चों के साथ अपनी खुशियां मनाई जा सकती है। न्योता भोज के रूप में बच्चों के साथ शामिल होकर इस दिन को विशेष रूप से भोजन करा सकते हैं। विभिन्न त्यौहारों, अवसरों वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल एवं छगन मूंदड़ा एवं आरती ग्रुप के सभी सदस्यों ने शंकर नगर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में पहुंच कर मुख्यमंत्री को केक खिला कर उनका जन्मदिन मनाया।

# छत्तीसगढ़ में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की तैयारियां तेज: बृजमोहन अग्रवाल

## शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एससीईआरटी को जल्द टीईटी परीक्षा आयोजित कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एससीईआरटी संचालक राजेंद्र कटारा को राज्य में जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) आयोजित कराने के निर्देश दिए है। शिक्षा मंत्री अग्रवाल के निर्देश के बाद एससीईआरटी ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) को पत्र लिखकर राज्य में जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा के आयोजन के लिए कहा है। अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने विधानसभा में राज्य में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। उसी क्रम में राज्य में टीईटी की परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही। हमारी सरकार में किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होगा। ज्यादा से ज्यादा युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सके इसके लिए टीईटी परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में करीब 3 साल से टीईटी परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है, जिसके कारण शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं में काफी निराशा है, जिसके चलते युवा अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को राज्य में टीईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए ज्ञापन सौंपा था।

# राजिम पुन्नी मेला को कुंभ बनाना सनातन परंपरा और छत्तीसगढ़ संस्कृति दोनो का अपमान: शुक्ला

### राजिम पुन्नी मेला छत्तीसगढ़िया संस्कृति के वैभव का प्रतीक इसे बदलना अनुचित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार द्वारा राजिम पुन्नी मेला को कुंभ बनाना सनातन परंपरा और छत्तीसगढ़ की पुरातन संस्कृति दोनो का अपमान है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सनातन धर्म और हिन्दु पुराणों परंपरा के अनुसार कुंभ केवल 4 स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में ही प्रत्येक स्थानों में 12 वर्षो में लगता है। केवल प्रयाग में हर 6 वर्ष में अर्ध कुंभ लगता, इसके अलावा कही पर भी होने वाले धार्मिक मेले को कुंभ नाम दिया जाना सनातन धर्म और हिन्दु धर्म की पौराणिक मान्यताओ का मखौल उड़ाना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजिम पुन्नी मेला भगवान राजिव लोचन की धर्म भूमि पैरी, सोंढुर और महानदी के संगम स्थल राजिम में 100 वर्षो से अधिक समय से लगता है। यह छत्तीसगढ़ की वैभवशाली संस्कृति का प्रतीक है। पुन्नी मेला के रूप में छत्तीसगढ़ के जनमन में इसका अपना महत्व और श्रद्धा है। अपनी राजनीति चमकाने के लिये भाजपा सरकार इसके महत्व को कम करने की कोशिश कर रही है। आखिर भाजपा को छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा तीज त्यौहार से इतनी नफरत क्यों है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बीते 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा तीज त्यौहार खान-पान बोली भाषा को देश और दुनिया में एक नई पहचान दिलाई हैं। माघी पुन्नी मेला, विश्व आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन, बोरे बासी दिवस, तीजा पोला, हरेली, कर्मा जयंती, माटी पूजन कार्यक्रम सहित अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जो छत्तीसगढ़ की परंपराओं से जुड़ा हुआ है।

# मेला आयोजन के लिए तीन नगरीय निकायों को 45 लाख रुपए जारी



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने मेलों के आयोजन के लिए 45 लाख रुपए जारी किए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रतनपुर नगर पालिका को माघी पूर्णिमा मेला के लिए 15 लाख रुपए तथा राजिम कुंभ मेला आयोजन के लिए राजिम नगर पंचायत को 15 लाख रुपए एवं गोबरा नवापारा नगर पालिका को 15 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

# राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड

**रायपुर।** डीपीसी में हरी झंडी मिलने के बाद भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के सात राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड कर दिया है। इनमें उमेश चौधरी, मनोज खिलाड़ी, रवि कुमार कुर्रे, चैनदास टंडन, सुरजन राम भगत, दर्शन सिंह मरावी और झाडू राम ठाकुर शामिल है। उपर के पांच अफसरों को आईपीएस में 2020 बैच और दर्शन सिंह मरावी और झाडूराम ठाकुर को 2021 बैच मिला है।

# छग शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैठक में दिए 14 सूत्रीय सुझाव

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव मधुलिका तिवारी ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में शिक्षा विभाग से संबंधित 18 मान्यता प्राप्त संगठनों का जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे, जिला साक्षरता अधिकारी वेणुगोपाल राव, कोंडागांव जिले के पांचो विकास खंड के सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी और सभी 18 संगठन के जिला अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में परामर्शदाता समिति बैठक का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पवन कुमार साहू एवं जिलाध्यक्ष जीवनलाल पांडे ने शिक्षकों की 14 सूत्री समस्याओं एवं समाधान हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिले के पदाधिकारी के समक्ष विस्तार पूर्वक रखा गया। जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे, जिला के साक्षरता जिला साक्षरता अधिकारी वेणुगोपाल राव एवं विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारियों ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने निम्नांकित सुझाव प्रस्तुत किए। छत्तीसगढ़ शासन के गाइडलाइन के अनुसार जिले में सेवारत दिव्यांग कर्मचारी को निकटतम विद्यालय में आवागमन की दृष्टि से सुविधा वाले स्कूलों में पदांकन किया जाए। शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने हेतु जिले के कर्मचारियों द्वारा परीक्षा अनुमति चाही गई है। अतः निर्धारित समय सीमा में लंबित कार्योत्तर अनुमति अविलब प्रदान किया जाए। सभी संवर्ग के कर्मचारियों का मुख्य प्रति एवं द्वितीय कॉपी सर्विस बुक का संधारण निर्धारित समय सीमा पर शिविर लगाकर किया जाए। अनेक वर्षो से एक ही पद एवं जगह पर पदस्थ विभागीय कर्मचारियों का पद स्थापना अन्यत्र किया जाए। संकुल से अन्यत्र पदस्थापन वाले संकुल समन्वयकों को हटाते हुए संकुल के अधीनस्थ योग्य शिक्षकों को संकुल समन्वयक बनाया जाए। जिले के राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों की सूची वर्षवार फोटो सहित जिला शिक्षा कार्यालय एवं खंड शिक्षा कार्यालय में लगाया जाए। राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक चयन समिति में अनिवार्य रूप से समिति के सदस्यता बनाया जाए। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए। शिक्षादूत, ज्ञानदूत, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों का चयन निर्धारित कंडिका के तहत किया जाए और पूरी तरह निष्पक्षता पूर्वक जांच पश्चात उच्च कार्यालय को भेजा जाए। संतान पालन अवकाश स्वीकृत करने हेतु नियमावली सार्वजनिक किया जाए। क्योंकि जिले में पदस्थ शिक्षकों को अलग-अलग नियमावली बताकर कुछ शिक्षकों का संतान पालन अवकाश स्वीकृत किया जा रहा है। जबकि कुछ शिक्षिकाओं का संतान पालन अवकाश स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। माध्यमिक शाला के तर्ज पर प्राथमिक शालाओं में भी छात्र-छात्राओं एवं कक्षा के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना किया जाए। संकुल क्षेत्र के समस्त विद्यालयों की जानकारी फॉर्मेट के आधार पर विद्यालय द्वारा प्राप्त करने के पश्चात ऑनलाइन की समस्त प्रक्रिया संकुल समन्वय के माध्यम से किया जाए। ताकि शिक्षक अपना पूरा समय बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान दे पाए या फिर प्रत्येक विद्यालय में एक-एक लिपिक की स्थापना किया जाए। जिले के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में 2 घंटे के बजाय पूर्ण कालिक सफाई कर्मचारियों की पद स्थापना किया जाए।

# एक्जीक्यूटिव प्रीमियर टूर्नामेंट के अंतिम लीग में सिल्वर स्टोर्मस रहीं विजयी




पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

एक्सीक्यूटिव लीग प्रीमियर क्रिकेट मैच किरंदुल परियोजना में बैला क्लब के तत्वावधान में 23 फरवरी 2024 तक एग्जीक्यूटिव प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच-2.0 का आयोजन स्थानीय फुटबॉल ग्राउंड में किया जा रहा है।

इस टूर्नामेंट में प्रीमियर लीग की कुल 10 टीमें भाग ले रही है। यह मैच 8-8 ओवरो का डे एंड नाईट खेला जा रहा। 21 फरवरी को लीग का अंतिम मैच सिल्वर स्टोर्मस और गोल्डन ग्रेडिएटर टीम के मध्य खेला गया। बी के माधव उप महाप्रबंधक (कार्मिक) की कप्तानी में सिल्वर स्टोर्मस टीम ने मजबूती के साथ खेलते हुए जीत दर्ज की।राजू राठी को मेन ऑफ द मैच दिया गया। जीत का श्रेय कप्तान माधव ने टीम को देते हुए कहा कि निश्चित ही इस तरह के क्रिकेट मैच का आयोजन अधिकारी खिलाड़ियों में एक टीम भावना विकसित करने में अहम योगदान दे रहा है।इससे न केवल शारीरिक, मानसिक विकास होता है बल्कि अधिकारियों में चुस्ती-फुरती बढ़ने से अपने कार्यक्षेत्र में वे और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस टूर्नामेंट का सेमी फाइनल मैच किमसन किंग्स, सेवेज स्कोर्पियन्स, वर्क्स वंडर्स और शॉफ्ट स्ट्राईकर्स के मध्य खेला जाएगा। 23 फरवरी को प्रीमियर लीग का अंतिम और फाइनल मैच खेला जाएगा। मैच के दौरान विशेष रूप से पद्मनाभ नाईक मुख्य महाप्रबंधक सहित एस.के.गुणावत, बिपुल पाण्डेय, जीतेन्द्र ठाकरे, सत्येन्द्र गोंड,महेश साम्वेटा एवं अन्य बैला क्लब सदस्य उपस्थित थे।

# पीएमश्री उद्घाटन समारोह में नवोदय विद्यालय समिति का उत्कृष्ट प्रदर्शन





पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश की राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित पीएमश्री विद्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव में चलाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट वुड क्राफ्ट और पेंटिंग का चयन प्रदर्शन के लिए किया गया, जिसे विद्यालय के छात्र प्रखर मंडावी के द्वारा अपनी चित्रकला और छात्र देवअंश सोनबोईर ने शिल्पनगरी कोंडागांव की काष्ठ कलाकृति का प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्य अवलोकन के दौरान बच्चों द्वारा धर्मेंद्र प्रधान को काष्ठ कलाकृति में उनकी पोट्रेट भेंट किया गया प्रदर्शन के लिए ज्वाइंट कमिश्नर ज्ञानेंद्र कुमार डिप्टी कमिश्नर मृदुला त्रिपाठी असिस्टेंट कमिश्नर मंजू शर्मा जेएनवी माना प्राचार्य महोबिया उप प्राचार्या स्वप्ना घोषाल विशेष दिशा निर्देश प्रदान किया गया था प्राचार्य संजय सिंह के मार्गदर्शन में अनुरक्षक नारायणी कुमारी आर्ट शिक्षिका नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्र सहप्रशिक्षक शिवचरण साहू और विद्यालय के समस्त शिक्षकों का इस उपलब्धि के लिए विशेष योगदान रहा हैं।

# माओवादियों के लिये सुरक्षित माने जाने वाले पहुंच विहीन क्षेत्र पीड़िया, इतावर की पहाड़ियों में पुलिस का धावा

■ दंतेवाड़ा के सरहद में माओवादी प्रभावित क्षेत्र पीड़िया, इतावार के पहाड़ियों में संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान। डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ कोबरा 202, 210 द्वारा संचालित किया गया अभियान



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत जिला बीजापुर व दंतेवाड़ा के सरहदी क्षेत्र पीड़िया, इतावार के पहाड़ियों में गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर 20/02/2024 को डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, कोबरा 202, 210 एवं डीआरजी दंतेवाड़ा के संयुक्त बलों द्वारा विशेष नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान 21/02/2024 को पुलिस पार्टी सर्चिंग करते हुए इतावार की पहाड़ी के पास पहुंचे थे कि लगभग 70-80 सशस्त्र माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी को जान से मारने एवं हथियार लूटने की नीयत से अंधाधूंध फायरिंग किया गया, जवाबी कार्यवाही में जवानों द्वारा भी फायरिंग किया गया।

जिससे माओवादी खुद को कमजोर पड़ता देख जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर मौके से भाग खड़े हुए। अभियान के दौरान वापसी के समय 21/02/2024 को डीआरजी बीजापुर की टीम सर्चिंग करते हुए लेण्ड्रा- कोरचोली के जंगल में पहुचे थे कि पूर्व से घात लगाये बैठे माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दिये डीआरजी की टीम सुरक्षित आड़ लेकर जवाबी कार्यवाही किया गया, माओवादी खुद को कमजोर पड़ता देख जंगल-पहाड़ का आड़ लेकर भाग खड़े हुए। मुठभेड़ में 02-03 माओवादियों के घायल होने की संभावना है। अभियान के दौरान पहाड़ी को सर्च करने पर माओवादी कैम्प मिला जिसे जवानों के द्वारा मौके पर ध्वस्त किया गया। मौके व आसपास स्थल को सर्च करने पर नक्सली वर्दी, पिट्ठू, बर्तन, सोलर प्लेट, पॉलिथिन, बड़े-बड़े जर्किन, दवाईयां व भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी का सामान बरामद किया गया। क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान लगातार जारी है।

# 6 गांवों में लगेगा समाधान शिविर

**कांकेर।** जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में चयनित कलस्टरवार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 फरवरी को चारामा विकासखंड के ग्राम गिरहोला एवं डेढ़कोहका, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम सिदेसर और कोदाभाट तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम घोटियावाही और मुसुरपुट्टा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# क्षेत्रीय सरस मेले में जिले की 3 महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया सम्मानित





**कोंडागांव।** रायपुर के साइंस कालेज ग्राउंड में क्षेत्रीय सरस मेले में कोंडागांव जिले की 3 स्वसहायता समूहों की महिलाओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस मेले में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से कुल 133 महिला स्व-सहायता समूह एवं असम, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, झारखण्ड और बिहार के स्वसहायता समूह के सदस्य भी शामिल हुए थे। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वसहायता समूह की 26 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कोण्डागांव जिले से उत्कृष्ट बैंक सखी कैटेगरी में खेम कुमारी, उत्कृष्ट बीमा सखी कैटेगरी में संतोषी नायक एवं उत्कृष्ट पशु सखी कैटेगरी में चंद्रिका मरकाम को सम्मानित किया गया।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत हुआ एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला ग्रंथालय दन्तेवाड़ा में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, रायपुर (एमएसएमई) एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के तत्वाधान में किया गया था। कार्यक्रम में एमएसएमई रायपुर के सहायक निर्देशक अरविन्द तिवारी द्वारा परंपरागत कारीगरों एवं शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में आवेदन करने, प्रशिक्षण प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं आधुनिक औजार, टूलकिट प्रदान करने व वित्तीय सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उनके द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रथम बैच के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उक्त कार्यशाला में लगभग 200 हितग्राहियों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जसबीर नेगी, सहायक जन शिक्षण संस्थान के अधिकारी, कामनी पटनायक, लाइवलीहुड प्राचार्य, कृतेश हिरवानी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, फिलीप तिग्गा सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी, जिले के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े कारीगरों/शिल्पकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# भरतपुर कैम्प में दैनिक योग कक्षा का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com





भरतपुर कैंप वार्ड क्रमांक 6 किरन्दुल में निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का शुभारंभ हुआ। करो योग रहो निरोग के नारों के साथ योग जागरण समिति किरंदुल एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में किरंदुल नगर में निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का प्रसार अलग-अलग स्थानो एवं वार्डो में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत भरतपुर कैंप वार्ड क्रमांक 6 किरंदुल में निःशुल्क दैनिक योग कक्षा का शुभारंभ पार्षद राजेंद्र मृणाल राय और विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता के विशेष आतिथ्य में किया गया। राघव मंदिर प्रांगण किरंदुल और नीलगिरी पार्क वार्ड क्रमांक 9 के बाद यह तीसरी निःशुल्क दैनिक योग कक्षा हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य किरंदुल के प्रत्येक वार्ड में योग कक्षा का संचालन कर लोगों में योग के प्रति जागरूकता के साथ योगासन प्राणायाम और आयुर्वेद तथा जीवन दर्शन के माध्यम से शारीरिक व मानसिक व्याधियों को दूर कर स्वस्थ जीवन शैली का निर्माण करना है। दैनिक योग कक्षा के माध्यम से कई लोग बीपी, शुगर, कब्ज, एसिडिटी, तनाव, अनिद्रा, यूरिक एसिड, जोड़ों का दर्द, साइटिका, थायराइड, सिर दर्द, अस्थमा आदि रोगों से निजात पा रहे हैं। कार्यक्रम में, पतंजलि योग समिति से अध्यक्ष एवं योग शिक्षक नरोत्तम सिंह ध्रुव, संगठन मंत्री छबिल साहू, प्रकाश चंद्र जैन, शशि भूषण तिवारी, डोमन निषाद, सदानंद साहू, फगनू कश्यप उपस्थित हुए।

# विधायक मद से विद्यालयों में सामग्री क्रय करने 66 लाख रूपये स्वीकृत

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

**कलेक्टर ने दी प्रशासकीय स्वीकृति**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत कांकेर विधायक आशाराम नेताम एवं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विद्यालयों में व्यायाम उपकरण सामग्री एवं खेल सामग्री क्रय करने हेतु 66 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव और बासनवाही में व्यायाम उपकरण सामग्री क्रय हेतु ढाई-ढाई लाख रूपये, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली, अमोड़ा, भैंसमुण्डी, ठेमा और थानाबोड़ी में खेल सामग्री क्रय हेतु एक-एक लाख रूपये, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, भनसुली, सुरही, बुदेली, चंवाड़ और देवगांव में सार्वजनिक वाचनालयों के लिए फर्नीचर क्रय करने हेतु एक-एक लाख रूपये सहित कुल 16 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। उक्त कार्यो के लिए सीईओ जनपद पंचायत नरहरपुर को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के शासकीय कंगलू कुम्हार महाविद्यालय दुर्गूकोंदल में कम्प्यूटर लैब हेतु आवश्यक उपकरण क्रय हेतु 13 लाख रूपये, रसायन/रसायनिक विषय हेतु प्रयोगशाला उपकरण क्रय हेतु 07 लाख रूपये और वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला हेतु आवश्यक उपकरण क्रय हेतु 05 लाख रूपये सहित कुल 25 लाख रूपये स्वीकृत किया गया।

चारामा विकासखण्ड के शासकीय शहीद गैंदसिंह महाविद्यालय चारामा में कम्प्यूटर लैब हेतु आवश्यक उपकरण क्रय के लिए 13 लाख रूपये और वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला हेतु आवश्यक उपकरण क्रय के लिए 12 लाख रूपये सहित कुल 25 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यों के लिए संबंधित संस्था के प्राचार्य को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**
Email ID:- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./1301/न.पा.प./लो.नि.वि./2023-24 **// सूचना //** सरायपाली, दिनांक 21/02/2024

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 14 शिवमंदिर बड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य हेतु आमंत्रित निविदा सिस्टम टेण्डर क्र. 153061 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

**नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सरायपाली**

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में रासेयो स्वयंसेवकों के द्वारा बनाया गया संकल्प दिवस

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



प्राचार्य डॉ. सी आर पटेल जिला संगठक कोंडागांव शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई व रासेयो विशेष सलाहकार हनी जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में संकल्प दिवस मनाया गया। जम्मू कश्मीर और लद्दाख अध्ययन केंद्र द्वारा देश भर में प्रतिवर्ष इस दिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। संकल्प दिवस मनाने का हमारा उद्देश्य पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर के भौगोलिक ऐतिहासिक एवं सामरिक महत्व में विद्यार्थियों को अवसत कराना है। राज्य एनएसएस अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गुरुवार को संकल्प दिवस के अवसर पर भाषण, वाद-विवाद, निबंध, विचार गोष्ठी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ संकल्प रैली भी निकाला गया। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि, भारत की अखंडता, सौहार्द, समरसता और विभिन्नता के परिपेक्ष्य में संकल्प दिवस का आयोजन कोंडागांव जिले के विभिन्न इकाइयों में किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/W/187 Raipur, date 15.02.2024

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC / HTPS-KW/ W/2023/67 | Utilization of fly ash by transportation to brick manufacturing plant located at various locations of Korba with maximum lead upto 50 KM from ash silo situated at 4x210 MW HTPS, CSPGCL, Korba West | 158.79 Lacs | 1,58,800/- | 12 Months | 81000 36126 |

**Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 07.03.2024 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 11.03.2024 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal.**
**Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee. @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder. (iii) Maintenance period for the work shall be Nil.**

//Save Electricity// Samvad-39759/4 **Executive Director (Civil) AU & PC, CSPGCL, Raipur**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स मां महामाया ज्वेलर्स पता-महामाया मार्केट नवधा चौक सक्ती जिला सक्ती छ.ग. 495689 के भागीदार श्री विनोद कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री रामप्रताप अग्रवाल एवं श्रीमति संध्या अग्रवाल पति विनोद कुमार अग्रवाल दिनांक 09/02/24 से फर्म से रिटायर हो गए है।

**भवदीय**
**श्री मनोज कुमार अग्रवाल**
**श्रीमति श्वेता अग्रवाल**
भागीदार
फर्म मेसर्स माँ महामाया ज्वेलर्स पता-महामाया मार्केट नवधा चौक सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) 495689

**न्यायालय तहसीलदार, बेमेतरा के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202402230600048**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-ब-121 सन- 2023-2024
बेमेतरा प.ह.नं. 00022 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रामानुज साहू,
अनावेदक पक्षकार-

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामानुज साहू पिता फिरंता साहू निवासी वार्ड नं. 05 बेमेतरा तहसील एवं जिला बेमेतरा ने इस न्यायालय के समक्ष अपनी माता राम्हिन साहू पति फिरंता साहू की मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया है जिनकी मृत्यु दिनांक 14/10/2022 को स्थान ग्राम बेमेतरा में होना और भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाना बताया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 06/03/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुदा से आज दिनांक 19/02/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार बेमेतरा**

# सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा की बैठक में अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




सामान्य प्रशासन स्थाई समिति एवं सामान्य सभा की बैठक आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन के आधार पर उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने धमतरी विकासखंड के जनपद पंचायत क्षेत्र दोनर, खरेंगा, के 08 ग्रामों के अपात्र व्यक्तियों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों के रूप में लाभान्वित किये जाने, इसी तरह कुरूद विकासखंड अंतर्गत स्वीकृत निराश्रित पेंशन प्रकरणों की अब तक संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है तत्संबंध में कार्यवाही किये जाने के निर्देश उपसंचालक समाज कल्याण विभाग को दिये गये। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किये जाने का हवाला देते हुए कहा कि-क्षेत्र में शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम में प्रतिनिधियों को आमंत्रित करना सुनिश्चित की जावें। जिले के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली मध्यान भोजन में सप्ताह के किसी एक दिन पोषण आहार के रूप में फ्ल दी जावें। तारिणी चन्द्राकर ने ग्राम पंचायत दहदहा सरपंच के विरूद्ध धारा 40 के तहत की गई कार्यवाही का निष्पक्ष जॉच करते हुए निरस्त करने कहा तथा पात्र दिव्यांगों को विभाग द्वारा ट्राईसिकल दी जावें। इसी तरह डोड़की और कसावाही के हितग्राहियों को भी श्रवण यंत्र उपलब्ध करावें। ग्राम जरवायडीह में अपात्र हितग्राहियों का राशनकार्ड जारी कर लाभान्वित किया गया है संबंधित विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। आक्सीवन के लिए स्वीकृत कार्य को विभाग द्वारा अब तक नहीं कराया गया है का जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। कविता बाबर ने पंच सम्मिलन की आय-व्यय की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश उपसंचालक पंचायत को दिये।शासकीय प्राथमिक विद्यालय कसावाही में शौचालय बनाये जाने के निर्देश दिये गये। जिला पंचायत मद की ब्याज राशि से स्कूलों के आहता निर्माण के लिए सर्वसम्मति से सदन में प्रस्तावित की जावें। डांगीमाचा में सोलर पॉइंट लंबे समय से बंद है ग्रामीणों की हित को देखते हुए तत्काल चालू करने के निर्देश दिये गये। खूललाल ध्रुव ने बताया कि विभाग द्वारा गंगरेल बांध में मेंटनेंस कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी तरह उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने राष्ट्रीय राजमार्ग और एडीबी विभाग प्रोजेक्ट अंतर्गत रोड चौड़ीकरण में पंचायत की मिट्टी निकाली गई है ठेकेदार द्वारा मिट्टी का परिवहन अन्यत्र किया गया है संबंधित पंचायत को अब तक किसी प्रकार का शुल्क प्रदाय नहीं की गई है। तथा 06 बिंदु की जानकारी विभाग से मांगी गई है जो अब तक अप्राप्त है तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनावानी, सुमनसाहू, कुसुमलता साहू, मनोज साक्षी, गौकरण साहू ने रेत खदानों में चेन माउटेंन के माध्यम से अवैध रूप से खुदाई हो रही है संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं शासकीय भवनों में लोकार्पित शिलान्यास पत्थर दीवार में लगाये जाने के निर्देश दिये गये। विकासखंड मगरलोड के मारागांव में जल जीवन मिशन के तहत कार्य कराये गये हैं श्रमिकों का भुगतान करने कहा गया है। तथा मिशन के तहत जहां-जहां गढ्ढे की खुदाई हुई है वहां वहां ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से मिट्टी से भराई की जावें। ग्राम पंचायत छाती, कसही में जल जीवन मिशन के तहत हुए नल कनेक्शन कार्य सुव्यवस्थित किये जावें। विधायक प्रतिनिधि गौकरण वर्मा ग्राम पंचायत सिर्री में जल जीवन मिशन के कार्य स्वीकृत करने कहा गया।

## गौरव पथ निर्माण में ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही एवं सुस्त रवैया को लेकर सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

संगम सेवा समिति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं नगरपालिका सीएमओ को सरायपाली नगर में बन रहे गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही एवं सुस्त रवैये की वजह से ज्ञापन सौंपा गया, एवं वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया कि जगह जगह गड्ढे खोद कर जस का तस छोड़ दिया जा रहा है तथा एक जगह कार्य पूर्ण किए बिना दूसरी जगह कार्य प्रारंभ कर दिया जा रहा है शहर में कई स्कूल कॉलेज संचालित है आए दिन छूट पुट घटनाएँ घट रही है, निर्माण मटेरियल का निस्तारण ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है, इस पर नगर पालिका सीएमओ ने ठेकेदार को ध्यानाकर्षण नोटिस जारी करने का आश्वासन समिति के संस्थापक प्रखर को दिया है, अग्रवाल ने नगरपालिका सीएमओ को हस्तक्षेप कर सज्ञान में लेने को कहा है अन्यथा समिति के सदस्य एवं आम जनता द्वारा मिल कर स्थानीय जयसम्तंभ चौक पर धरना देने की बात कही गई, एवं यह भी कहा कि आज दिनांक से अगर कोई अप्रिय दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार एवं प्रशासनिक अमले की होगी।

## विशेष जनजाति कमार परिवार को वनोपज आधारित परियोजना से किया जा रहा लाभान्वित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनमण्डल धमतरी में विशेष जनजाति कमार परिवार के लिये वनधन विकास केन्द्र कल्लेमेटा की स्थापना जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किया गया है। वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत 2 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति नगरी एवं राजपुर के 4 ग्राम-कल्लेमेटा, बिलभदर, राजपुर एवं कोटाभर्री शामिल है। वनधन विकास केन्द्र कल्लेमेटा के लिये 7 स्व सहायता समूह का चयन किया गया है, जिसमें कुल 66 कमार हितग्राही शामिल हैं। इन वनधन विकास केन्द्रों के लिये शासन द्वारा 3 लाख 30 हजार रूपये स्वीकृत कर उनके खाते में हस्तांतरित किया गया। वनमण्डलाधिकारी शमा फारूकी के मार्गदर्शन में वनधन विकास केन्द्र कल्लेमेटा में लघु वनोपज संग्रहण एवं माहुल पत्ता, बांस का प्रसंस्करण कार्य कर दोना-पत्तल, बांस टोकरी, सूपा व अन्य सामग्री निर्माण किया जा रहा है।

## विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन को लेकर हुई गीता भवन में बैठक

### प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया की उपस्थिति में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



आगामी 24 फरवरी को होने वाले विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। जिस हेतु गीता भवन में सरायपाली विधानसभा के प्रमुख भाजपा पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, संजय शर्मा, राजेंद्र विपिन उपोवेजा, चन्द्र कुमार पटेल (मिलो) कामता प्रसाद पटेल, विजय प्रधान, प्रमोद सागर, मंत्री प्रधान, गुंजन अग्रवाल, जे पी, यादव, हितेश यादव, संजय ड़डसेना के साथ ही बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में पहुंची कलेक्टर नम्रता गांधी

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर किया गया आयोजित





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

आयुष स्वास्थ्य सेवाओं के संवर्धन एवं बेहतर क्रियान्वयन के मद्देनजर शासकीय पॉलीक्लिनिक धमतरी में आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी ने बच्चों को स्वर्णप्रासन्न कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया स्वर्णप्रासन्न से बच्चों के स्वास्थ्य उत्तम रहता है, साथ ही बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं शक्तिवर्धन करने में सक्षम होता है। इस मौके पर गर्भवती माताओं को 'सुप्रजा' कार्यक्रम के तहत गर्भसंस्कार का भी आयोजन किया। गया, जिससे गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य रक्षा के साथ ही निरोगी संतान की प्राप्ति होती है। जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में 250 बच्चों का स्वर्ण प्रासन्न, 500 लोगों को काढ़ापान कराया गया, वहीं 35 गर्भवती माताओं को जच्चा कार्ड वितरण और 900 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, आयुर्वेद अधिकारी डॉ.गुरूदयाल साहू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बढ़ता तापमान गेहूं पैदावार के लिए बड़ी चुनौती, बढ़ रही किसानों की चिंता

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





दानों का आकार छोटा हो सकता है। उत्पादन में आंशिक कमी संभावित है। बढ़ता तापमान कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के लिए चिंता की बड़ी वजह बन रही है। दिसंबर मध्य में की गई बोनी पर यह असर ज्यादा देखा जा सकता है। सिंचाई साधन से संपन्न किसानों को ध्यान रखना होगा कि किसी भी हालत में मिट्टी की नमी कम ना होने पाए। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि बढ़ता हुआ मौजूदा तापमान, गेहूं की फसल के लिए सही नहीं है क्योंकि न्यूनतम और अधिकतम तापमान ज्यादा है। लिहाजा निगरानी बढ़ानी होगी और सिंचाई के समय में बदलाव करना होगा। तभी अपेक्षित उत्पादन मिल सकेगा।

### ऐसा है तापमान

वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की फसल के लिए न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए लेकिन मौजूदा समय में न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा हुआ है। याने तापमान का दोनों स्तर सामान्य से ज्यादा है।

### दाने छोटे और उत्पादन में कमी

बढ़ता तापमान स्पष्ट संकेत दे रहा है कि उत्पादन में आंशिक कमी आ सकती है। दानों का मानक आकार भी प्रभावित हो सकता है। तापमान का असर ऐसे क्षेत्रों में व्यापक रूप से पड़ने की आशंका है, जहां 15 दिसंबर के बाद की तारीखों में बोनी की गई है। इसके अलावा बीज चयन भी महत्वपूर्ण होगा। ताप सहनशील प्रजातियों की खेती नहीं की गई है तो नुकसान का प्रतिशत बढ़ सकता है।

### यह जरुरी

बढ़ता तापमान परिपक्वता की अवधि में पहुंच रही गेहूं की फसल के लिए सही नहीं है। इसलिए कृषि वैज्ञानिकों ने सलाह जारी करते हुए कहा है कि किसान 12 से 15 दिन के अंतराल में सिंचाई करें। स्प्रिंकलर का उपयोग किया जाना सही होगा क्योंकि इससे दूर तक सिंचाई होती है। इससे नमी की मानक मात्रा बनी रहेगी और भूजल का स्तर भी बना रहेगा।

### यह प्रजातियां अनुकूल

बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए टीसीबी कॉलेज ऑफ एग्री एंड रिसर्च स्टेशन बिलासपुर द्वारा तैयार की गई छत्तीसगढ़ गेहूं 4 (सीजी-1015) और कनिष्क (सीजी-1029) बिल्कुल सही है। यह दोनों प्रजातियां ताप सहनशील है। इन दोनों प्रजातियों की बोनी करने वाले किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

### ध्यान दें सिंचाई प्रबंधन पर

बढ़ता तापमान चिंता की वजह है। ताप सहनशील प्रजातियों पर हानि का खतरा कम है लेकिन अन्य प्रजातियों में दानों का आकार छोटा और उत्पादन में कमी की आशंका है।

**-डॉ. दिनेश पांडे, (एग्रोनॉमी), बीटीसी कॉलेज ऑफ एग्री एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# भाजपा का लाभार्थी सम्पर्क अभियान, विकास ठाकुर बने संयोजक, योगेश चंद्राकर को सहसंयोजक की कमान

पायनियर संवाददाता < खरोरा
www.dailypioneer.com



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा की तैय्यारी तेज हो चुकीं हैं। भाजपा व्दारा इस बार आम चुनाव में 400 सीटों के साथ ही नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए राष्ट्रीय नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए ज़िम्मेदारी तय कर दी गईं हैं। पिछले दिनों दिवाल लेखन एवं गाँव चलो अभियान के बाद अब भाजपा 1 से 4 मार्च के बीच लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाने की तैयारी कर रहीं हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रांत, लोकसभा, ज़िला एवं मंडल स्तर पर टिम बनाकर इन्हें ट्रेनिंग दी जा रही हैं, तकी ये बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को लाभार्थी सम्पर्क अभियान हेतु ट्रेनिंग दे सके। इस अभियान हेतु पिछले दिनों भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर रायपुर में लोकसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें बलौदा बाज़ार ज़िला सहित रायपुर शहर एवं ग्रामीण ज़िला के पदाधिकारियों सहित भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, अशोक बजाज, देवजी भाई पटेल, आशीष अग्रवाल, जयंती पटेल, श्याम नारंग, अनिल अग्रवाल सहित कई बड़े नेता उपस्थित थे। भाजपा व्दारा लाभार्थी सम्पर्क अभियान हेतू मंडलों में समिति बनाई गई हैं। मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर की अनुशंसा से उक्त अभियान हेतु विकास ठाकुर को खरोरा मंडल संयोजक एवं योगेश चंद्राकर को सहसंयोजक बनाया गया। वहीं विकास ठाकुर ने बताया की हर बूथ में 5 लोगों की टिम बनाई जायेगी। इनके द्वारा केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थीयो के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पहुँचाया जायेगा। वहीं इनके व्दारा सरल एप एवं नमो एप में लाभार्थी सम्पर्क अभियान से संबंधित जानकारी भी अपडेट की जायेगी। जिससे इस अभियान का स्टेटस पार्टी के बड़े नेताओं तक पहुँचता रहेगा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 65 जोड़े

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर सहित उपस्थितों ने दिया आशीर्वाद






पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण और शहरी तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विवाह में 65 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर सहित महापौर नगरनिगम धमतरी विजय देवांगन, पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जगरानी एक्का, अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने नवविवाहित इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार रूपये दिया जाता है। इसमें 8 हजार रूपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन पर, 6 हजार रूपये मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री चुनरी, साफा, 21 हजार रूपये वधु को ड्रॉफ्ट/बैंक खाते के माध्यम से भुगतान तथा 15 हजार रूपये अन्य उपहार सामग्री के लिए दिये जाते हैं।

# जैन मुनि विद्यासागर को दी गई श्रद्धांजलि

### त्याग तपस्या और बलिदान को किया गया याद

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शहर के नेहरू चौक में जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के देवलोक गमन होने पर सर्व समाज द्वारा समाज द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज शनिवार रात 2:30 में ब्रह्म में लीन हो गए हैं पिछले कई दिनों से अस्वस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज तीन दिन के उपवास के बाद समाधि हुई। रविवार सुबह खबर मिलते ही जिले भर के जैन समाज में शोक की लहर छा गई आचार्य 108 विद्यासागर महाराज का समाधि करण ही नहीं संपूर्ण विश्व समाज के लिए अपूर्ण क्षति है अपितु मानव समाज प्रकृति की इस विधा के सामने नतमस्तक है सर्व समाज द्वारा बुधवार 21 फरवरी को नेहरू चौक में आचार्य के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने का सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा कार्यक्रम रखा गया था जिसमें समाज के अध्यक्ष दिनेश जी ने बताया कि इन्होंने अपनी अंतिम सांस तक सिर्फ मानवता के कल्याण को प्राथमिकता दी। मंच का संचालन जैन समाज के सचिव अमित जैन ने किया इन्होंने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि ऐसे युग मनीषी का मुझे सानिध्य स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहा अंत में समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन द्वारा 2 मिनट मौन करवा कर भगवान विद्यासागर जी की मोक्ष प्राप्ति की कामना की गई। इस कार्यक्रम में सर्व समाज से अध्यक्ष एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष मिकी तिवारी बाबा केसरवानी चेंबर अध्यक्ष जुगलभट्टर संतोष शुक्ला विद्याभूषण शुक्ला प्रमोद केडिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन कपड़ा संघ के अध्यक्ष इंद्र कुमार जैन हाई स्कूल के प्रिंसिपल बलविंदर सिंह वर्धमान विद्यापीठ से सोनू जितेंद्र केसरवानी कपूरचंद जैन नरेंद्र जैन सुरेंद्र शर्मा पत्रकार प्रदीप माहेश्वरी पार्षद सविता प्रदीप साहू महेश अग्रवाल दिलीप जैन पदमचंद जैन अनूप जैन हेमचंद केसरवानी विनय गुप्ता अशोक हरिमन्नी, महिलाओं में जैन समाज के अध्यक्ष सुमन जैन ममता जैन रुचि जैन शोभा जैन साधना जैन श्वेता जैन नेहा जैन दीप्ति जैन दीपिका जैन श्रेया जैन आदि ने भगवान विद्यासागर जी महाराज को अपनी वियाअंजलि अर्पित की।

## भगवान राधा कृष्ण मंदिर के कुंभ भराई कार्यक्रम में पहुंचे प्रखर



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम केना के हृदय स्थल में भगवान राधा कृष्ण का भव्य मंदिर बन कर तैयार है मंदिर का निर्माण समस्त ग्राम वासीयो द्वारा किया गया है जिसके कुंभ भराई कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से कीर्तन मंडली एवं श्रद्धालु जन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ग्राम वासीयो के आमंत्रण पर कुंभ भराई कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं कुंभ भराई की रस्म को पूर्ण किए, एवं ग्राम वासीयो को समिति से जुड़ने एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, ग्राम केना कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम के लिए अंचल में प्रसिद्ध है ग्राम केना में प्रति वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन समस्त ग्राम वासीयो द्वारा भव्य तरीक़े से आयोजित किया जाता है मंदिर का निर्माण शिल्पकार सत्यम भोई सिरबोड़ा वाले के द्वारा किया गया है, उक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य तुषार सेन, तरुण गड़तिया, प्रखर शर्मा, आयुष साहू, उपस्थित रहे।

## नवागढ़ में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट मैच के फाइनल में तिलाइपाली प्रथम



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम नवागढ़ में दो दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन सागर क्रिकेट क्लब नवागढ़ एवं ग्राम वासीयो द्वारा किया गया, जिसके समापन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया समापन समारोह में उपस्थित हुई एवं संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल के नेतृत्व में संगम सेवा समिति के सदस्य आशीष सेन, तुषार सेन, आयुष साहू,तरुण गड़तिया कार्यक्रम में उपस्थित हुए, आयोजन के अंतिम दिन फाइनल मुक़ाबले में ग्राम तिलाईपाली की टिम प्रथम एवं नवागढ़ की टिम द्वितीय स्थान पर रही, जिन्हें आगन्तुक अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया कार्यक्रम में मदनलाल पटेल (सरपंच), शोकीलाल पटेल (उपसरपंच), घसिया पटेल, प्रेमलाल अग्रवाल, छबिलाल ,रिक्की अग्रवाल, सुरेश साहू एवं विभिन्न ग्रामों से आए दर्शक एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा में मुर्गी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा में किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर मुर्गी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 से 23 फरवरी 2024 तक आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.आर. बी.सिंह के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के. तिवारी के निर्देशन में विभिन्न जिलों से आए हुए 38 प्रतिभागियों, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ.जी.के.दत्ता, निदेशक जैव प्रौद्योगिकी डॉ.एम.के.अवस्थी, डॉ.के.मुखर्जी, डॉ.केशब दास, डॉ.धीरेंद्र भोंसले, प्राध्यापको, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी, उपकुलसचिव डॉ.एम.के. गेंदले, कुलपति जी के निज सहायक संजीव जैन एवं अन्य की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा मुर्गी पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे छत्तीसगढ़ में मुर्गी पालन की संभावनाएं, छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए उपयुक्त नस्ल, उनके आवास एवं सामान्य प्रबंधन, कुक्कुट आहार का प्रबंधन, मुर्गियों में रोग प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार, मुर्गियों में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां उनका टीकाकरण, रोकथाम, कम लागत में मुर्गी घर का निर्माण, उनकी प्रजनन व्यवस्था, ब्रुडिंग, चूजा, ग्रोवर एवं लेयर पालन तथा प्रबंधन पर जानकारियां दी गई। छत्तीसगढ़ तथा भारत सरकार द्वारा मुर्गी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे नेशनल लाइव स्टॉक मिशन एवं नाबार्ड घोषित योजनाएं आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया, छत्तीसगढ़ राज्य में रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के अंतर्गत मुर्गी पालन में संभावनाओं के बारे में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 एवं बी.व्ही.एस.सी.एण्ड एच.के प्रथम वर्ष के बुकलेट का भी विमोचन किया गया। इस बुकलेट का प्रकाशन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अनुसूचित जाति उपयोजना के वित्तीय सहयोग से किया गया है। कायक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में मुर्गी पालन की असीम संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर मुर्गी पालन को बढ़ावा देने हेतु कुक्कुट जर्मप्लाज्म का वितरण विभिन्न परियोजना द्वारा लगातार किया जा रहा है। भविष्य में कुक्कुट पालन व्यवसाय को काफी आगे जाना है, बस आवश्यकता है सिर्फ कुशल प्रबंधन एवं तकनीकी जानकारी की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर एस के तिवारी ने अपने व्याख्यान में कहा कि मुर्गी पालन हेतु किसानों को हमेशा तकनीकी सहयोग महाविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय द्वारा बैकयार्ड कुक्कुट पालन हेतु बटेर, टर्की एवं वन राजा तथा कड़कनाथ मुर्गी चुजों का वितरण भी किया जाता रहा है। विगत 5 वर्षों में एक लाख से अधिक चुजों का वितरण किया जा चुका है। कार्यक्रम प्रशिक्षण आयोजक डॉ.ओ.पी.दीनान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ति किरण बरवा द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग फिर हुआ रक्तरंजित पिता पुत्री की दुर्घटना में मृत्यु

## छोटी बेटी का हाथ टूटा चिकित्सा उपचार किया जा रहा है






पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी थाना अंतर्गत फिर एक बार एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बाईक क्रमांक Cg 08 AN 2697 में पिता और दो बेटी को ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 NX 9872 ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पिता और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई । वहीं छोटी बेटी का हाथ फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जप्त कर चालक की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मूंदगांव डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव निवासी कन्हैया सतनामी (35 वर्ष) अपनी बेटी मोनिका (11वर्ष)और छाया (10 वर्ष) मोटरसाइकिल में अपनी नानी के घर अकोला जा रहे थे तभी रास्ते में डी एम सी कम्पनी कुम्हारी के पास तेज रफ्तार एक ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में कन्हैया और उसकी बेटी मोनिका और छाया को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस की हायर पेट्रोलिंग तत्काल मौके पर पहुंची और सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक पिता और बेटी की मौत हो चुकी थी।

## विकास कार्य के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए एक कार्य के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिरसाखुर्द के सरस्वती शिशु मंदिर में कक्ष निर्माण हेतु 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 'जान है तो मतदान है' अनोखे संदेश के साथ बाइक रैली

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के लगभग 200 अधिकारियों, सकुल समन्वयकों, व्यायाम शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया। इस रैली में विभाग द्वारा न केवल मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया, अपितु हेलमेट पहनकर जन-जन को यह भी संदेश दिया गया कि "जान है तो मतदान है" हमें वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस रैली के माध्यम से यह भी संदेश दिया गया कि लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र जरूर जाए और वाहन से जाए तो हेलमेट अथवा सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस रैली में यातायात विभाग (पुलिस) का योगदान सराहनीय रहा। इस रैली को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत-दुर्ग अश्वनी देवांगन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के बाद डी.एस.पी. ट्रैफिक सतीश सिंह ठाकुर द्वारा यातायात सुरक्षा शपथ एवं जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल द्वारा मतदान करने हेतु सभी को शपथ दिलाया गया।

# घटिया निर्माण करने वालों पर नजर, निर्माण कार्यों पर निगरानी करने महापौर ने बनवाया व्हाट्सएप ग्रुप

पायनियर संवाददाता ✓ रिसाली
www.dailypioneer.com



रिसाली क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यो पर महापौर शशि सिन्हा की नजर रहेंगी। इसके लिए उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप बनवाया है। निगम के सुपरवाइजर कार्यो की प्रगति इसी ग्रुप में फोटो के साथ डालेंगे। उक्त निर्देश उन्होंने सब इंजीनियरों की बैठक में दिए। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि नगर पालिक निगम रिसाली के 40 वार्डो में होने वाले निर्माण कार्य की समीक्षा हर दूसरे दिन करेंगी। उन्होंने सब इंजीनियरों को निर्देश दिए कि गुरूवार की स्थिति में एक व्हाट्एप ग्रुप बनवाया जाए। जिसमें सुपरवाइजर प्रतिदिन कार्य आरंभ होने, प्रगति और निरीक्षण करते फोटो पोस्ट करेंगे। अगर कार्य रूका हुआ है तो उसकी जानकारी कारणों के साथ डालना आवश्यक होगा। महापौर की बैठक में सहायक अभियंता आर.के.जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, डिगेश्वरी चंद्राकर, नितीन अमन साहू, उमयंती ठाकुर व सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

**नगर सेवाएं विभाग को भेजे पत्र**-बैठक में महापौर ने कहा कि टाउनशिप में विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। इसके लिए निगम के अधिकारी पार्षदों से प्रकाश व्यवस्था के लिए विशेष चर्चा करे। वार्ड पार्षदों के पत्र को आधार बनाते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग को पत्र लिखे।

**लापरवाह ठेकेदार को नोटिस दे**-महापौर ने एक घंटे से भी अधिक समय तक अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। लापरवाह ठेकेदार को बिना देरी किए नोटिस दे। जवाब से संतुष्ट होने पर कार्य आरंभ कराए, अन्यथा कार्यवाही करे।

**करे प्रस्ताव तैयार**-बैठक में सब इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखे कि निगम क्षेत्र में विकास की कमी न हो। एमआईसी में प्रस्तुत होने वाले प्रस्ताव को शीघ्र बनाए। आगामी एमआईसी में वे प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे।

# राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन 25 फरवरी तक

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले में आनलाईन राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य एफपी.एस माडयूल एवं सिटीजन-एप के माध्यम से किया जा रहा है। अब तक 3,67,893 राशनकार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आनलाईन आवेदन किया है जो कि कुल राशनकार्डों का 77.52 प्रतिशत है। 1,06,687 कार्डधारियों द्वारा अब तक आवेदन नहीं किया गया है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन 25 फरवरी 2024 तक ही किये जानें का प्रावधान है। शेष राशनकार्डधारी निर्धारित समय के पूर्व नवीनीकरण आवेदन पूर्ण करा लें। खाद्य नियंत्रक सी.पी. दिपांकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राशनकार्डों पर खाद्यान्न वितरण हेतु नया वर्जन सीजी पीडीएस-वी 3.3 लागू किया गया है। नवीनीकरण एवं माह के प्रथम सप्ताह में राशन वितरण दोनों कार्य पूरे प्रदेश में एक साथ संचालित होने से विभागीय सर्वर पर अधिक लोड बढ़ने के कारण से नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रभावित हुई थी अब चूंकि राशन वितरण का कार्य समाप्ति की ओर है। अतः नवीनीकरण का कार्य में विलंब होने की संभावना नही है। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से नवीनीकरण के अलावा राशनकार्डधारी स्वयं सिटीजन एप के माध्यम से नवीनीकरण का कार्य कर सकते है। कलेक्टर द्वारा समय-समय पर नवीनीकरण के कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। नगर निगम आयुक्त, अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नवीनीकरण का कार्य की सतत रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये है। जिले में संचालित सभी शा.उ.मू. दुकान के संचालकों को नवीनीकरण करने हेतु डीलर एप दिया गया है।

# विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण), अहिवारा एवं भिलाई नगर में विकास कार्य हेतु 57.17 लाख रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण), अहिवारा एवं भिलाई नगर सहित तीनों क्षेत्रों हेतु 8 विकास कार्यों के लिए कुल 57 लाख 17 हजार 116 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) के लिए विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित 1 विकास कार्य हेतु 2 लाख 99 हजार 596 रूपए, विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के लिए विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित 1 विकास कार्य हेतु 3 लाख 70 हजार रूपए एवं विधानसभा क्षेत्र भिलाईनगर में 6 विकास कार्यों के लिए विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित 50 लाख 47 हजार 520 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विस क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) अंतर्गत वार्ड क्र. 07 में तामेश डेलीनिड्स के पीछे शिव मंदिर के पास पेवर ब्लॉक एवं तार फेंसिग लगाने हेतु 2 लाख 99 हजार रूपए, विस क्षेत्र अहिवारा अंतर्गत ग्राम सहगांव में प्राथमिक शाला प्रांगण में चेकर टाईल्स कार्य हेतु 3 लाख 70 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार विस क्षेत्र भिलाई नगर के 6 विकास कार्यों में भिलाई नगर अंतर्गत वार्ड न. 60 सेक्टर-5 स्थित सड़क नं. 40-41 के मध्य डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 19 लाख 98 हजार रूपए, सेक्टर 06 स्थित तेलगु क्रिश्चन समाज (बैप्टिस्ट) चर्च के समीप सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 9 लाख 99 हजार 758 रूपए, वार्ड क्र. 63 सेक्टर 06 मलयालय ग्रंथालय के समीप डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रूपए, सेक्टर 8 गोल मार्केट के पास सार्वजनिक सामुदायिक मंच निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 99 हजार 762 रूपए, वार्ड क्र. 59 क्रास स्ट्रीट 4 के पास शेड निर्माण कार्य हेतु 3 लाख एवं सेक्टर 10 देना बैंक के पीछे शिव मंदिर में मंच निर्माण कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# विनोबा ऐप के माध्यम से और एडवांस होगी जिले की शिक्षा व्यवस्थाः कलेक्टर

- शैक्षणिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में मददगार होगा विनोबा ऐप

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार शिक्षा में नवाचार लाने, शिक्षकों के कार्य को सुविधाजनक बनाने, शैक्षिक कार्यों तथा शिक्षकों की नई गतिविधियों को साझा करने और शिक्षकों को शैक्षिक सहायता प्राप्त करने के लिए विनोबा ऐप सक्रिय किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षकों को अकादमिक प्रबंधन में सहायता मिलेगी। इससे जिले की शिक्षा व्यवस्था और एडवांस होगी। स्कूली शिक्षकों और अधिकारियों का समय बचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और ओपन लिंक्स फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। इसके अंतर्गत विनोबा ऐप के पंजीकरण और उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 42 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों के काम को सरल बनाकर और उनका समय बचाकर सीखने के परिणामों में बड़े पैमाने पर सुधार हासिल किया जा सकता है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को अपने स्कूलों की सर्वोत्तम गतिविधियों को एक-दूसरे के साथ साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है। यह कार्यक्रम नियमित रूप से ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किये गये अच्छे कार्यों की सराहना कर उन्हें सम्मानित करने में मदद करेगा। इस पहल से जिला प्रशासन को निपुण भारत, नवजतन और उत्कृष्ट 10वीं और उत्कृष्ट 12वीं जैसे प्रमुख शिक्षण कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में मदद करेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, संकुल केंद्र प्रमुख, संसाधन व्यक्ति, सहायक परियोजना समन्वयक, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शिक्षक तथा ओपन लिंक्स फाउंडेशन विनोबा टीम से, विश्वजीत एवं हेमन्त साहू उपस्थित थे।

# संभाग आयुक्त द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बुधवार को दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न ओपीडी कक्षों एवं सर्जिकल वार्ड मे दी जा रही सेवाओं की जानाकरी ली। ब्लड बैंक एवं हमर लैब की कार्य प्रणाली और ऑपरेशन थियेटर एवं रेडियोलॉजी विभाग का भी अवलोकन किया। संभाग आयुक्त नें निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विभीन्न विभागो मे ई हॉस्पिटल योजना आरंभ किये जाने के लिये विस्तृत प्रस्ताव बनाये जाने के निर्देश दिये, विशेषकर लैब सैंपल कलेक्शन एवं रिपोर्टिंग एरिया का कार्य पूर्णतः ऑनलाईन करने के लिये एक ऑपरेटर पदस्थ किये जाने के भी निर्देश दिये। अस्पताल परिसर मे पब्लिक कैंटीन खोले जाने के भी निर्देश दिये जिससे अस्पताल परिसर में आने वाले मरीज एवं परीजनो को आवश्यक सुविधा मिल सके एवं अस्पताल की आय में भी वृद्धि हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ अरुण कुमार साहू, रेसिडेंट मेडिकल आफिसर डॉ अखिलेश यादव एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खाते के माध्यम से भुगतान 08 मार्च को

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में दुर्ग जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आवेदन पत्रों को प्राप्त करने से लेकर उनकी डाटा एण्ट्री एवं सत्यापन का कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पादित हो रहा है। राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना के रूप में संचालित होने जा रही महतारी वंदन योजना के तहत दुर्ग जिले में अब तक 3,91,109 महिलाओं ने आवेदन किया है जिसमें से 3,18,033 आवेदनों का ऑनलाईन सत्यापन भी किया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराते हुए इन आवेदन पत्रों की ऑनलाईन एण्ट्री तथा सत्यापन कार्य पूर्णतः की ओर है। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक उम्र वाली सभी विवाहित, तलाकशुदा, परित्यक्ता तथा विधवा महिलाओं को निर्धारित शर्तों के अधीन 1000 रूपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता उनके बैंक खातों के माध्यम से प्रदान की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार डाटा एण्ट्री तथा ऑनलाईन सत्यापन का कार्य संपन्न होने के साथ-साथ महिलाओं द्वारा अपने आवेदन पत्र में बैंक खाते के संबंध में दी गई जानकारियों का मिलान भी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफइंडिया (एनसीपीआई) से राज्य स्तर द्वारा परीक्षण कराये जाने पर यह पाया गया है कि बहुत सी महिलाओं द्वारा दिये गये बैंक खाते की जानकारी में आधार सीडिंग का मिलान नहीं हो रहा है।

## विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ शिविर कार्यक्रम 24 फरवरी मिनी स्टेडियम बैगापारा में प्रातः 9 बजे से आयोजन

# विकसित भारत संकल्प शिविर नगर निगम क्षेत्र में 26 फरवरी से 29 फरवरी तक

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन निगम द्वारा भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लेगशीप स्कीम के प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा 3.0" के सफल क्रियान्वयन हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बैठक आहुत की गई।विकसित भारत संकल्प शिविर की तैयारियों को लेकर उपायुक्त मोहेंद्र साहू ने संबंधित सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,उपअभियंता मोहित मरकाम,भारती ठाकुर, स्वेता महलवार, करण यादव, बाजार अधिकारी चंदन मनहरे,थानसिंह यादव, पंकज चंद्रवंशी आदि के साथ बैठक ली।आपको बता दे कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ शिविर कार्यक्रम 24 फरवरी मिनी स्टेडियम बैगापारा में प्रातः9 बजे से किया जाएगा। जिसके लिए नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त मोहेन्द्र साहू ने अधिकारियो को कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।शिविरों में स्टाल लगाने के अलावा अन्य कार्यो के लिए निर्दशित किया।बता दे कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नेताम, कार्यपालन अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है।दुर्ग निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 26 फरवरी शिविर 1 वार्ड क्रमांक 1 ढीमर समाज सामुदायिक भवन नया पारा एवं वार्ड क्रमांक 8 शिविर दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला सराय के पास, 27 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 शनिचरी बाजार पुराना स्वास्थ्य विभाग एवं 2 से 6 बजे तक शासकीय पू.मा.शाला केलाबाड़ी में,28 फरवरी को वार्ड क्रमांक 52 शीतला चौक हनोदा रोड बोरसी एवं 2 से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति घाम रोड गया नगर के अलावा 29 फरवरी को वार्ड क्रमांक 20 कुषाभाउ ठाकरे एवं 2 से शाम 6 बजे तक वार्ड क्रमांक 49 साई सुपर मार्केट विद्युत नगर में आयोजन किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम क्षेत्र में किया जाएगा।शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना व महतारी वंदन योजना का स्टाल लगाया जाएगा।

## आबकारी विभाग द्वारा जप्त की गई मध्यप्रदेश निर्मित शराब

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन तथा सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अमला द्वारा 21 फरवरी 2024 को प्रातः गश्त के दौरान वृत्त- भिलाई 03 के अन्तर्गत ग्राम धनोरा में अवैध रूप से शराब के विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत् कार्यवाही कर आरोपी संतोष गिरी, साकिन - ग्राम धनोरा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के कब्जे से मध्यप्रदेश निर्मित विदेशी मदिरा कुल 83 नग गोवा व्हिस्की पावल।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 19.02.2024

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

द्वितीय आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 05.03.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 352/दुर्ग (दुर्ग)/2023 | ग्राम बानबरद में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। | 60.65 |

टीप- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876

G-07967/3

संपादकीय

# किसान आंदोलन विरोध जारी

**प्रदर्शनकारी किसानों** ने एमएसपी पर सरकार का प्रस्ताव अस्वीकार कर 'दिल्ली चलो' मार्च जारी रखने का निर्णय किया है। सरकार से वार्ता सफल न होने के कारण उन्होंने विरोध प्रदर्शन फिर शुरू करने का फैसला किया है। सरकार और किसानों के बीच जारी गतिरोध कई दौर की वार्ता के बावजूद बना हुआ है जिसके जल्दी समाधान की उम्मीद कम है। किसानों की मांग में सर्वाधिक प्रमुख सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी है जिसमें 23 प्रमुख फसलों की खुली खरीद शामिल है। इसके साथ ही आंदोलनकारी किसानों और खेतिहर मजदूरों का सारा कर्ज माफ करने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांगों में डा. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग रिपोर्ट की संस्तुतियों के आधार पर फसलों का मूल्य निर्धारण शामिल है। किसान प्रदर्शनकारी किसानों तथा खेतों पर काम करने वालों के लिए पेंशन सुविधा तथा बिजली दरों में वृद्धि वापस लेने की मांग भी कर रहे हैं। वे भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 का राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना चाहते हैं। उनकी मांगों का विस्तार अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र तक है जिसमें भारत को विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ से बाहर निकालना तथा सभी मुक्त व्यापार समझौतों-एफटीए को स्थगित करना शामिल है। किसानों की मांगें अनेक कृषि अर्थशास्त्रियों व नीति विश्लेषकों के दृष्टिकोण से अतार्किक हैं।

किसानों ने सरकार द्वारा दालों, तिलहनी फसलों व कपास पर पांच साल के लिए एमएसपी लागू करने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और उन्होंने 'दिल्ली चलो' मार्च फिर शुरू करने की बात कही है। सरकार ने वार्ता के दौरान किसानों को यह प्रस्ताव दिया था, पर वे इससे संतुष्ट नहीं है। हालांकि, सरकार द्वारा प्रस्तुत एमएसपी प्रस्ताव को एक सद्भावना संदेश के रूप में देखा जा रहा था, पर किसान इसे नाकाफी मानते हुए पूर्ण कानूनी गारंटी चाहते थे। सरकार ने एमएसपी जारी रखने का आश्वासन दिया है, पर किसानों को संदेह है कि विधिक गारंटी और नियमों के अभाव में एमएसपी व्यवस्था अंततः समाप्त कर दी जाएगी। किसानों का यह संदेह निराधार है क्योंकि पिछले दस साल में न केवल सरकार ने विभिन्न फसलों का एमएसपी बढ़ाया है, बल्कि इसके दायरे में अन्य फसलें भी लाई गई हैं। डब्लूटीओ से भारत को बाहर निकालने या एफटीए को स्थगित करने जैसी मांगें न केवल अतार्किक हैं, बल्कि ये विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं। दुनिया की बदलती परिस्थितियों में भारत अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद कृषि उत्पादों के बड़े निर्यातक के रूप में भी उभर रहा है। ऐसे में किसानों की ये मांगें अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के समान हैं। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि भारत में आज 80 प्रतिशत किसानों के पास दो हेक्टर से कम जमीन है और सरकार उनके कल्याण को केन्द्र में रखती है। 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' से इन किसानों को व्यापक लाभ हुआ है। यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी दे दी जाए तो निजी क्षेत्र कृषि उत्पादों की खरीद, विपणन व प्रसंस्करण से बाहर हो जाएगा। इसका नुकसान अंततः न केवल किसानों, बल्कि उपभोक्ताओं को भी होगा। 'दिल्ली चलो' का आह्वान करने वाले किसान पूरे देश के किसानों, खासकर छोटे व सीमान्त किसानों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आरोप है कि वे अमीर किसानों, बिचौलियों व आढ़तियों के मुहरे हैं। इसलिए सरकार को किसान आंदोलन के नाम पर सक्रिय 'निहित स्वार्थी' व 'राष्ट्र विरोधी' तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

# यूक्रेन में देश विभाजन का खतरा

यूक्रेन जैसे टकरावों में पश्चिमी हस्तक्षेप से देश विभाजन का खतरा पैदा हो सकता है। ऐसे संकट में जमीनी यथार्थ की अनदेखी और संवेदनहीनता गंभीर हो सकती है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन ने पश्चिमी दृष्टिकोण के विरोधाभासों का उल्लेख किया है। यूक्रेन के मामले में पश्चिमी दृष्टिकोण से 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' तथा अन्य मूल्यों का खोखलापन सामने आया है। दुबई में विश्व सरकार सम्मेलन में पुतिन के साथ साक्षात्कार के बाद कार्लसन ने एक विश्लेषण के माध्यम से पश्चिमी महाशक्तियों के दृष्टिकोण पर सवाल उठाए हैं। विडंबना है कि अमेरिकी राजनीतिक क्षेत्रों में व्याप्त भावनायें यूरोप में उनके सर्वाधिक विश्वस्त मित्रों द्वारा अभिव्यक्त की जा रही हैं जो अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विश्व मंच पर अपनी पैरवी में लगे रहते हैं। साक्षात्कार की विवादास्पद प्रकृति के बावजूद इसमें यूक्रेन पर रूसी दृष्टिकोण से टकराव के बारे में आधिकारिक विचार रखे गए हैं। पुतिन ने अपने देश में यूक्रेन संबंधी विचारों को स्वीकार्यता दिलाने में सफलता प्राप्त की है। हालांकि, पुतिन के कुछ दावों पर सवाल उठ सकते हैं, पर उन्होंने अमेरिकन जनता के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने स्वयं को रूसी देशभक्त के रूप में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। भू-राजनीतिक भविष्यवक्ता जार्ज फ्रीडमैन के अनुसार पुतिन के दृष्टिकोण का एक रणनीतिक उद्देश्य है जिससे वे अपने देश तथा दुनिया की जनता को प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी रणनीति तथा खासकर संप्रेषण नीति संपूर्ण सत्य के बजाय अपना दृष्टिकोण प्रमुखता से उजागर करने पर केन्द्रित रखी है। इससे वे दुनिया की अन्य सरकारों पर दबाव डालने का प्रयास करते हैं।

जहां तक यूक्रेन में रूस की सैनिक कार्रवाई का सवाल है, यह धीरे-धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि किसी स्वीकार्य मध्यस्थ के अभाव में केवल गुटों को एकजुट करने का कोई नतीजा निकलना जरूरी नहीं है। विडंबना है कि पश्चिमी देश अभी टकराव के अंतर्निहित कारण समझने में विफल रहे हैं और इसके बजाय वे अपना संकुचित राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ा रहे हैं। पुतिन के खिलाफ प्रतिबंधों को प्रमुख औजार बनाने की रणनीति एक संकुचित दृष्टिकोण है जो किसी सार्थक हस्तक्षेप रणनीति से वंचित है। क्या हम कोई ऐसा उदाहरण पेश कर सकते हैं जहां प्रतिबंध सरकारात्मक परिवर्तन का कारण बने हों? इसके उलट प्रतिबंध निरपराध जनता पर भारी अत्याचारों का कारण बनते हैं, वे सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को संबोधित नहीं करते हैं तथा मानव पीड़ा घटाने के बजाय उसे बढ़ाने का ही काम करते हैं। हालिया इतिहास में हमें अनेक साम्राज्यों के उत्थान और पतन तथा सीमायें बदलने और नए देश बनने के मामले दिखाई देते हैं।

इस परिदृश्य में यूक्रेन एक त्रासदी में फंस गया है जहां संप्रभुता को खतरा पैदा हो गया है तथा विभाजनों की आशंका बढ़ती जा रही है। व्लादीमिर पुतिन ने दो साल पहले यूक्रेन में 'विशेष सैनिक कार्रवाई' का आदेश दिया था जिसका उद्देश्य उस देश का 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' था। लेकिन आज इस एक समय संप्रभु रहे देश के विभाजन का खतरा मंडरा रहा है। यूक्रेन का लगभग पांचवां हिस्सा रूसी कब्जे में है और रूस-समर्थक क्षेत्र केन्द्र सरकार से अलग होने की मांग कर रहे हैं। इस प्रकार पहले शुरू की गई सैनिक कार्रवाई आज आंतरिक मतभेदों की भूलभुलैया में फंस गई है। यूक्रेन में जनरल वलेरी जालुझनेई के अपदस्थ करने से देश का संकट और बढ़ा है।

संभवतः अंतरराष्ट्रीय पाठकों के लिए निर्देशित जालुझनेई ने एक लेख में यूक्रेन के भविष्य निर्धारण में अपनी भूमिका रेखांकित की थी। लेकिन राष्ट्रपति जेलेन्स्की द्वारा उनको पद से हटाए जाने के बाद अब इसका कोई अर्थ नहीं रह गया है। कोई सैनिक पृष्ठभूमि न होने के बावजूद अब जेलेन्स्की पर सैनिक कमांड का भारी बोझ आ गया है। जनरल जालुझनेई को हटाना देश में व्याप्त राजनीतिक उथलपुथल का प्रतीक है जो लगातार घटते संसाधनों तथा बढ़ते निजी हितों का शिकार हो गया है। आज यूक्रेन के समक्ष सबसे बड़ा सवाल यही है कि जेलेन्स्की कितने समय तक अपने पक्ष में प्रशासनिक और सैनिक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे और उनके बाद इस देश का क्या होगा? इस बीच मोर्चों पर रूस लगातार आगे बढ़ रहा है और यूक्रेनी रक्षा पंक्तियों पर दबाव बहुत बढ़ गया है। अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहे यूक्रेनी सैनिक निराशा से ग्रस्त हैं और अपने मजबूत ठिकानों को छोड़ने के पहले वहां सुरंगों का जाल बिछा रहे हैं। यूक्रेन का संकट हालिया दशकों में ऐसे टकरावों का उदाहरण है जहां पश्चिम ने स्वयं को फंसा लिया है जिसके भयानक परिणाम वहां की वर्तमान जनसंख्या पर पड़े हैं और भावी पीढ़ियां भी उनसे प्रभावित हो सकती हैं।

काफी लंबे समय से अनेक महाद्वीपों में अफ्रीका के रेगिस्तानों से लेकर बाल्कन तक हुए अनेक टकराव हमें युद्धों के मानवजाति पर पड़े विनाशकारी परिणामों की याद दिलाते हैं। सूडान में 2011 में आत्मनिर्णय को विजय की तरह देखा गया। लेकिन इस स्वतंत्रता के बावजूद दक्षिणी सूडान आंतरिक टकरावों और मानवीय संकट में फंसा हुआ है, जबकि बाकी सूडान भी आंतरिक चुनौतियों का शिकार है। दूसरे सूडान गृहयुद्ध में लाखों लोग मारे गए थे जिससे स्पष्ट होता है कि युद्धों का मानवजाति पर कितना गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार 1990 के दशक में यूगोस्लाविया के विघटन ने भयानक हिंसा और उथलपुथल को जन्म दिया था जिससे वहां रहने वाले समुदायों का जीवन अस्तव्यस्त हो गया था। बोस्निया, क्रोएशिया और कोसोवो के युद्धों के बीच स्लोवानिया के अल्पसंख्यकों की रक्तरंजित पीड़ा को सही स्थान नहीं मिला है। पश्चिमी शक्तियों ने यहां सहायता और मध्यस्थता के प्रस्ताव पर हस्तक्षेप किया, पर वे अपने पीछे लोगों के टूटे सपने तथा विभाजित पहचानें छोड़ गईं।

1947 में ब्रिटिश भारत का विभाजन मानवीय त्रासदी व भौगोलिक उथलपुथल का एक उदाहरण है। जहां भारत और पाकिस्तान बनने पर भयानक हिंसा तथा विस्थापन पर ध्यान दिया गया, वहीं बंगाल और पंजाब में रहने वाले समुदायों की पीड़ा पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। पश्चिमी औपनिवेशिक शक्तियों व खासकर ब्रिटेन के कारण हुए इस विभाजन के पीछे औपनिवेशिक नीतियां और निर्णय थे जिन्होंने भयानक सांप्रदायिक दंगों को जन्म दिया जिनमें हजारों-लाखों नागरिक मारे गए। इसी प्रकार कोरिया युद्ध के बाद उत्तर और दक्षिण कोरिया का अलगाव शीतयुद्ध में पश्चिमी हस्तक्षेप का नतीजा था। हालांकि, युद्ध का दस्तावेजीकरण हुआ, पर उन कोरियाई परिवारों की पीड़ा अनदेखी रह गई जो उत्तर और दक्षिण में विभाजित हो गए थे। इस विभाजन के लिए मुख्यतः अमेरिका जिम्मेदार था जो अपनी शीतयुद्ध विचारधारा के लिए दक्षिण कोरिया का समर्थन प्राप्त कर रहा था। इन उदाहरणों से भू-राजनीति तथा औपनिवेशिक विरासत के अंतर्संबंध उजागर होते हैं, लेकिन अक्सर उनको अनदेखा किया जाता है। इसके साथ ही विभिन्न देशों की आंतरिक परिस्थितियों को अनदेखा किया जाता है जो उनका भविष्य निर्धारित करती हैं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि अक्सर पश्चिमी हस्तक्षेप उनके अपने स्वार्थी एजेंडे के अंतर्गत होता है जिसमें जमीनी यथार्थ पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

युद्ध शुरू होने के दो साल बाद यूक्रेन के विभाजन का खतरा और गंभीर हो गया है जिससे यह पूरा देश भयानक गृहयुद्ध में फंस सकता है। इतिहास के दाग बाहरी हस्तक्षेप से और गंभीर हुए हैं जिससे आंतरिक मतभेद तीखे हुए हैं तथा यूक्रेन विखंडन के कगार पर पहुंच गया है। समय की आवश्यकता है कि तत्काल युद्धविराम का रास्ता खोजा जाए तथा ऐसा सार्थक शांति संवाद शुरू किया जाए जिससे मानवजीवन को संकट से बचाया जा सके तथा यूक्रेन का भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। कुछ समूह यूक्रेन के प्रति सद्भावना प्रकट करते हैं, पर वे अपने हितों को यूक्रेनी जनता के हितों से ऊपर रखते हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संकुचित राजनीति से ऊपर उठ कर यूक्रेन में शांति और स्थिरता लाने के प्रयास करने चाहिए। उचित कार्रवाई को शब्दजाल से अलग रखने के लिए जरूरी है कि यूक्रेन की जनता की एकजुटता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। लेकिन वर्तमान दुनिया में यह काम बहुत कठिन है।

# दुनिया में सत्य की खोज

"सत्य की खोज के लिए भौतिक चेतना से मुक्ति प्राप्त कर अपनी पहचान आत्मा के रूप में करनी चाहिए।"

ब्रह्म कुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



हम सभी जानते हैं कि बेईमानी भी जीवन का हिस्सा है। बहुत से लोग झूठ बोलते हैं, धोखा देते हैं। वे यह काम न केवल अपना लाभ बढ़ाने, बल्कि अनेक अन्य कारणों से भी करते हैं जिनका संबंध हमारी अपनी खास सामाजिक और नैतिक परिस्थितियों से होता है, बल्कि ये तत्कालीन कार्यों पर भी आधारित होते हैं। आमतौर से 'झूठ' का अर्थ किसी व्यक्ति द्वारा किया गलत कथन होता है, बशर्ते कि वह इसे सत्य न मानता हो। इस परिभाषा से झूठ की परिवर्तनशील प्रकृति स्पष्ट होती है। इसका अर्थ केवल किसी व्यक्ति द्वारा झूठ बोलना ही नहीं, बल्कि यह अच्छी तरह जानना भी है कि उसका कथन झूठ है। अपने चारों ओर देखने से स्पष्ट होता है कि हम ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां झूठ बोलने की स्थितियां बहुत परिपक्व होती हैं और 'सत्य' का विचार अनेक समस्याओं से घिरा होता है। इसका एक कारण यह भी है कि मूल्यों की सीढ़ी पर ऊपर चढ़ने के बजाय नीचे उतरना ज्यादा सरल होता है। झूठ के फलने-फूलने के अनेक प्रकार होते हैं। इनमें हर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का प्रमुख स्थान है। भ्रष्टाचार की विभीषिका से निपटने के लिए सरकारें अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार-विरोधी व्यवस्था बनाती हैं तथा उसे लगातार सटीक भी बनाती रहती हैं। लेकिन इसके बावजूद आमतौर से भ्रष्टाचार किसी श्रृंखलाबद्ध प्रक्रिया के रूप में बढ़ता रहता है।

समाज-विरोधी तत्व भ्रष्टाचार फैलाने के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं। इसी तरह न्यायोचित समाज बनाने के लिए दुनिया भर की संसद नए कानून भी बनाती रहती हैं तथा न्यायपालिका भ्रष्टाचार पर निगरानी रख कर नए व उल्लेखनीय फैसले भी करती रहती हैं। लेकिन बदलते समय के साथ अपराध और विवाद के नए-नए व विशिष्ट मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसे मामलों में न्याय के तत्कालीन मानक कभी-कभी विफल हो जाते हैं और इस कारण भ्रष्टाचार का दुष्चक्र फलता फूलता रहता है। समता और समानता सुनिश्चित करने के लिए सरकारें आमतौर से महिलाओं, अनुसूचित जातियों, पिछड़ी जातियों व अन्य के लिए विशेषाधिकार देती हैं। यह सूची कभी समाप्त नहीं होती है क्योंकि अतीत में भेदभाव के कारण अनेक समूह बेहतर सामाजिक दर्जे की मांग करते हैं। इस प्रक्रिया में कानून और नियमों की संख्या तो बढ़ती रहती है, पर वे विभाजन का कारण बनने वाली अवधारणों पर चोट नहीं कर पाते हैं।




इस प्रकार न्याय या समता का विचार लगातार कमजोर होता जाता है। विडंबना है कि आज स्वस्थ समाज का मानक अस्पतालों की संख्या स तय होता है, जबकि यह विचार अपने आप में ही भ्रामक है। ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों का अर्थ ज्यादा बीमारियों तथा ज्यादा भौतिक व मानसिक परेशानियां हैं। देश की संपदा का बड़ा हिस्सा सुरक्षा सरोकारों पर भी खर्च होता है। इसका अर्थ है कि 'सुरक्षा' की अवधारणा ही भ्रामक है क्योंकि आज ज्यादा से ज्यादा संवेदनशील तकनीकों का प्रयोग ऐसे हथियार बनाने में होता है जो सुरक्षा देने के नाम पर ज्यादा से ज्यादा विनाश का कारण बनते हैं। वर्तमान युग की महान विडंबना है कि सुरक्षा के नाम पर बनाए जाने वाले हथियारों से देश असुरक्षा फैलाते हैं तथा विशाल मानवता को इस भय से आतंकित करते हैं कि इनका प्रयोग किया जा सकता है। संक्षेप में कहा जाए तो 'प्रगति' की दिशा में उठाया जाने वाला हर कदम पतन की ओर अनेक कदम सिद्ध होता है। हम यह देखने में विफल रहत हैं कि समानता, सुरक्षा और शांति की अवधारणाओं में परस्पर विरोधी चरित्र अंतर्निहित हैं और वे उसी विकृति को बढ़ावा देते हैं जिसे रोकने के नाम पर बनाए गए होते हैं।

समय की आवश्यकता है कि हम अपनी वर्तमान परिस्थितियों को व्यापक दृष्टिकोण से देखें। हमारी वर्तमान स्थितियां अनेकानेक लोगों की व्यक्तिगत समस्याओं के कारण नहीं हैं जो एकसाथ सिर उठाती हैं। यथार्थ में ये सारी चीजें इस तथ्य का संकेत हैं कि वर्तमान समय आध्यात्मिक संकट का समय है। वर्तमान समय में दया, विनम्रता और प्रेम की भावनाओं पर क्रूरता, आक्रामकता, प्रभुत्व और घृणा जैसी नकारात्मक भावनायें हावी हो गई हैं। इस कारण प्रसन्नता, आनन्द और शांति की अवधारणायें झूठी हो गई हैं तथा स्वामिभक्ति और निष्ठा संदिग्ध हो गई है। हमें याद रखना चाहिए कि जब तक मूल कारण पर प्रहार नहीं होगा, तब तक झूठ फैलता रहेगा। इसका अर्थ है कि अपने 'स्व' की पहचान को भौतिकता से अलग किया जाए। हमें यह तथ्य अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि आत्मा शाश्वत है और दूसरे शब्दों में कहा जाए तो यही सत्य है। शरीर नष्ट हो सकता है, इसलिए यह परिवर्तनशील है। जब हम अपनी भौतिक चेतना से मुक्ति पा कर अपनी पहचान आत्मा के रूप में करते हैं तो सत्य का विस्तार होता है। इसके साथ ही गलत अवधारणाओं पर आधारित अनेक संरचनायें स्वयं नष्ट हो जाती हैं।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## संकट में सपा

**उत्तर प्रदेश** में स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया है। सपा विधायक पल्लवी पटेल ने ऐलान किया कि वे पार्टी प्रत्याशी को राज्यसभा में वोट नहीं देंगी। पांच बार सांसद रहे सलीम शेरवानी ने मुसलमानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए सपा महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। सपा पर दलित, पिछड़ों और मुस्लिमों की अनदेखी के आरोप उसे लोकसभा चुनाव में नुकसान पहुंचा सकते हैं। सपा का सबसे मजबूत आधार मुस्लिम समाज है जो प्रदेश में 18 प्रतिशत है। यदि मुस्लिम समाज में यह बात बैठ जाती है कि उनकी अनदेखी हो रही है तो पार्टी को बड़ा नुकसान हो सकता है। उत्तर प्रदेश में दलित, ओबीसी और मुस्लिमों की आबादी लगभग 85 प्रतिशत है। सपा पर संकट का एक और कारण कांग्रेस से उसका गठबंधन खटाई में फंसना है। यदि कांग्रेस और बसपा मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अपने-अपने उम्मीदवार उतारते हैं तो इसका सबसे ज्यादा लाभ भाजपा को होगा। हालांकि, सपा ने इस्तीफों के बाद टिकट आबंटन में सबको प्रतिनिधित्व देने के प्रयास किए हैं, पर बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति में उसे लाभ होना निश्चित नहीं है। बसपा का तीसरा कोण भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

## मराठा आरक्षण

**महाराष्ट्र** में विधानसभा ने सर्वसम्मति से 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। सरकार का कहना है कि इससे ओबीसी आरक्षण पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन फिर भी यह कानूनी विवाद का विषय बन सकता है। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने पर रोक लगा रखी है। दूसरी ओर सरकारें उस सीमा को लांघकर आधिधिक प्रतिशत तक आरक्षण देने को ललायित है। आरक्षण का संविधान में मात्र 10 वर्षों के लिए प्रावधान किया गया था, मगर अपने राजनीतिक हितों की खातिर सभी राजनीतिक दल इसे कई बार बढ़ा चुके हैं। अब पदोन्नति में भी अधिकाधिक आरक्षण की मांग की जा रही है। आरक्षण की सीमा लगातार बढ़ते जाने के कारण सामान्य वर्ग के अनेक प्रतिभाशाली छात्रों को मजबूरी में विदेश जाना पड़ता है। हालांकि, सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया है, लेकिन बेहतर होगा कि जातिगत आरक्षण को हटाकर आर्थिक आधार पर सभी वर्गों को आरक्षण दिया जाए। आधार कार्ड व्यापक होने के बाद सभी समुदायों के सभी गरीबों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देना अब असंभव भी नहीं रह गया है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

## वन संरक्षण


**भारत** के वनों को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को उसके पर्यावरणीय दायित्वों की याद दिलाई है। याचिकाकर्ताओं ने वनों के कमजोर सुरक्षा नियमों को चुनौती दी थी, जिसमें उन्होंने वनों के बड़े पैमाने पर गलत ढंग से वर्गीकरण और वन संपदा तथा वन्यजीवों के विनाश की आशंका जताई थी। 1996 के अपने फैसले को दोहराते हुए, न्यायालय ने वन की व्यापक परिभाषा और देश भर में वनों की स्थिति की सख्त समीक्षा का आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से जीवनदायी वन क्षेत्रों की रक्षा होगी। वनों की सुरक्षा केवल विकास बनाम पर्यावरण का सवाल नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के कल्याण के साथ-साथ जिम्मेदार विकास के बारे में है। पिछले वर्षों में देखा गया है कि आर्थिक विकास के नाम पर वन संपदा संकट में पड़ गई है जिससे पहले से ही विलुप्तप्राय अनेक प्रजातियों का जीवन और खतरे में पड़ गया है। वन संरक्षण में वनों में रहने वाले आदिवासियों व वनोपज से अपनी जीविका चलाने वालों के हितों पर भी समुचित ध्यान दिया जाना भी जरूरी हो गया है।

– **इब्ने फारूक़,** मुंबई

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर कर रहा है : योगेश तिवारी

## योगेश तिवारी व समर्थको ने मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन, अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू संगठन योगेश तिवारी ने रायपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्य रूप से किसान नेता व उनके समर्थको ने रायपुर में मेकाहारा हॉस्पिटल में मरीजों को फल का वितरण किया। वही आकाशवाणी स्थित मां काली मंदिर में मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना को लेकर हवन पूजन हुआ। हवन पूजन के पश्चात भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही बेरला के नेवनारा चंडी मंदिर में योगेश तिवारी के समर्थकों ने हवन पूजन किया। शाम करीब 7 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मां काली मंदिर के आयोजन में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योगेश तिवारी व उनके समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। माता का आशीर्वाद लेने के साथ प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर किसान नेता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने साय के सदैव स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु रहने की कामना की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर कर रहा है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिलना शुरू हो गया है। जिसमें मुख्य रूप से महतारी वंदन योजना जिसमें महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए मिलेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख हितग्राहियों के आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इससे गरीब परिवारों के पक्का मकान का सपना पूरा होगा।

### सैकड़ो कार्यकर्ता के बीच में सीएम ने मनाया जन्मदिन

भाजपा प्रदेश महासचिव रामु रोहरा सौरभ मिश्रा, रवि गड़पाले, पीयूष शर्मा पहलाद रजक पुयांश श्रीवास्तव शिवम दीवान रीजुल पाण्डेय साहिल राजपूत आकाश शर्मा वासु साहू प्रहलाद रजक मनीष तिवारी बाबा शुक्ला राजेश मारकंडे अखिलेश मारकंडे दीपक मोटवानी योगेश वर्मा पप्पू आर कोमल देवांगन कमलेश वर्मा नीलेश वर्मा धनंजय लालू शर्मा हर्ष यादव मोहन ध्रुवप्रशांत शर्मा, नीलकंठ पटेल, मनोज पटेल, महेश्वर पटेल, बलराम पटेल, अनिल यादव, इंदल वर्मा, शशांक शुक्ला वैभव यादव, तिलक सिन्हा, मोनू तिवारी, दीपक फू ल पगारे, मनोज सिन्हा, यशवंत टंडन आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश का दिखने लगा असर, बिना स्वीकृति अवकाश पर जाने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस





## डीएमसी अनुराग ने किया कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में कलेक्टर के निर्देश का असर देखने मिल रहा हैं। कुछ जिम्मेदार अधिकारी कलेक्टर के निर्देश को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने जुट गए हैं। विद्यालयों में बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता में विकास हेतु शालाओं के मैनेजमेंट में आवश्यक सुधार किये जाने संबंधी निर्देश समय सीमा की बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा दिये जाने के फलस्वरूप जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) अनुराग त्रिवेदी द्वारा जिले के विभिन्न शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। डीएमसी अनुराग त्रिवेदी ने बालोद ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला सिवनी, शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर, शासकीय प्राथमिक शाला उमरादाह, का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएमसी ने पाया कि शासकीय उच्च प्राथमिक शाला हीरापुर में प्रधानपाठक अवकाश पर थे। लेकिन उस दिन के संबंधी प्रभारी शिक्षिका शशिबाला रामटेके द्वारा उपस्थिति पंजी में नहीं चढ़ाया गया था। साथ ही उपस्थिति सभी शिक्षक क्लास में नहीं थे। जिन्हे डीएमसी द्वारा उचित दिशा निर्देश देकर संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी करने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद को निर्देशित किया गया।

### बिना दिनांक लिखे रखना पाया गया आवेदन पत्र

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला उमरादाह में शाला के प्रधानपाठक ठाकुर बिना किसी आवेदन के अनुपस्थित पाये गये। जिन्हे कारण बताओ सूचना जारी करने निर्देशित किया गया। इसी तरह बुधवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जुंगेरा में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहां के प्रधान पाठक होरीलाल ठाकुर द्वारा शिक्षक के आवेदन पत्र को उपस्थिति पंजी में नहीं चढ़ाया गया था। शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में वहां के प्रधानपाठक चुरेन्द्र के द्वारा उपस्थिति पंजी में बिना दिनांक लिखे आवेदन पत्र को रखना पाया गया। डीएमसी अनुराग त्रिवेदी ने नई दुनिया को बताया कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि शिक्षकों के द्वारा आवेदनों को बिना स्वीकृति लिए अवकाश पर चले जाते है। जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होते है। डीएमसी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अवकाश पत्र यथावत संधारण करने का निर्देश जारी किया गया।

# जिला चिकित्सालय बेमेतरा में हुआ घुटना प्रत्यारोपण निःशुल्क आपरेशन, आयुष्मान कार्ड का मिला लाभ



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में डॉ शिल्प वर्मा ने किया घुटना प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन, ग्राम धनौरा गुरुर निवासी वर्तमान निवास आदर्श नगर दुर्ग मरीज गयाराम साहू उम्र 71 वर्ष को मिला फायदा हुआ घुटना प्रत्यारोपण निःशुल्क जिला चिकित्सालय बेमेतरा के आर्थो सर्जन डॉ शिल्प वर्मा ने किया सफलतापूर्वक घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन बेमेतरा जिला में इस प्रकार की ये पहली केश है जो कि पूर्णतः सफल भी रहा, घुटने के प्रत्यारोपण के लिए सर्जन, 6 से 10 इंच लंबा चीरा लगाते हैं. इसके बाद, घुटने के ऊपर की हड्डी को मोड़कर, क्षतिग्रस्त जोड़ की सतहों को काटकर अलग कर देते हैं। फिर जोड़ की सतहों को तैयार करने के लिए, सर्जन कृत्रिम जोड़ के टुकड़े लगा देते हैं। बता दे कुछ दिन पूर्व इसी प्रकार पूर्ण हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट का भी सफल ऑपरेशन किया गया था। यह ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क आयुष्मान कार्ड का लाभ देते हुए किया गया प्राइवेट हॉस्पिटल में लगभग 3 लाख का खर्च जो कि मरीज वहन नही कर सकता जिला चिकित्सालय बेमेतरा में यह ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क किया गया 21 फरवरी को ऑपरेशन हुआ और 22 फरवरी को डॉ शिल्प वर्मा ने मरीज को वाकर सहारे चलाकर दिखाया सीएचएमओ मेडिकल स्टाफ के साथ साथ मरीज उनके परिजन ने डॉ शिल्प वर्मा का आभार जताया, बधाई शुभकामनाएं दी।

# पुलिस की अवैध गतिविधियों नशा पर अंकुश लगाने हेतु मेडिकल स्टोर के संचालकों की मीटिंग



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में 21.02.2024 को थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव के द्वारा थाना नवागढ टाउन व क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोर के संचालकों का मीटिंग आहूत किया गया। जिसमें क्षेत्र के नव युवकों के द्वारा गलत संगत के चलते नशीली दवाईयों का सेवन के रोक थाम हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिये गये व अपने - अपने दवाई दुकान संचालक (मेडिकल स्टोर) में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देश देकर सूचना का आदान-प्रदान किये जाने मेडिकल संचालकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। दवाई दुकान संचालकों (मेडिकल स्टोर) को अवैध नशीली प्रतिबंधित दवा की बिक्री न करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। उक्त आहूत मीटिंग में नवागढ के मेडिकल स्टोर संचालक मुकेश बिसेन, मिथलेश बिसेन, संतोष मिश्रा, लोचन सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश, संतोष कुमार साहू, भनेश्वर आडिल, भुपेन्द्र सिंह गुम्बर, राजेन्द्र कुमार पटेल, योगेश साहू, ओमप्रकाश साहू, हरिश कुमार साहू, जागेश्वरी साहू, कमल सोनी, संतोष पाण्डे, रमेश साहू, हुलास राम यादव थाना स्टाफ उप निरीक्षक भुनेश्वरलाल यादव, सउनि मोहनलाल साहू, आरक्षक ऋतुराज सिंह, राज आडिल, चन्द्रेश जोशी, सतीश वर्मा, सफिक खान उपस्थित रहे।

# लीनेस क्लब बेमेतरा में प्रेरणा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अत्यंत ही स्नेह आत्मीय एवं गौरवपूर्ण उद्गार के साथ हमारी पूर्व प्रेसीडेंट एवं सरगम मल्टीपल कोषाध्यक्ष सोनाली ओस्तवाल ने लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा को शपथ दिलाई। इनके साथ पीआरओ ली.लता चौधरी एवं एरिया ऑफिसर माला की गौरवपूर्ण उपस्थिति एवं भावपूर्ण अभिव्यक्ति सरल, सहज व्यवहार से क्लब अभीभूत हुआ शपथ अधिकारी के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए तीसरी बार मनोनीत विनोद राघव को सचिव रामेश्वरी साहू कोषाध्यक्ष डॉ निधि बनाफर उपाध्यक्ष मुमताज रवानी उर्वशी दास पीआर ओ पोस्ट के लिए शशि तिवारी टेमर रानी रवानी को शपथ दिलवाया गया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट रश्मि ताम्रकार चेयरपर्सन शारदा तिवारी उमा तिवारी शशि तिवारी व सहकोषाध्यक्ष नीलम साहू सहसचिव आरती साहू व दो नए सदस्य विद्यावती कोलहे वीना शर्मा सभी सदस्यों ने क्रमशः शपथ ग्रहण कर क्लब में निशुल्क सहयोग व योगदान देने की शपथ ली इस अवसर पर निम्मी पटेल कनकलता मिश्रा कांता सलूजा शपथ ग्रहण कर शामिल हुए।

# भाजपा सरकार के नेतृत्व में मिल रहा है महिलाओं को सम्मान : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिला एवं बाल विकास विभाग पर चर्चा के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपनी बात सदन के समक्ष रखा। उन्होंने वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे सार्थक प्रयासों, योजनाओं एवं उनके सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं पर विस्तार से अपनी बात रखी और कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी और भाजपा सरकार कितनी संवेदनशील है इस बात का अनुमान वर्ष 2024-25 के बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग हेतु किये गए 5,683 करोड़ रुपये के बजट से लगाया जा सकता है। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा 2675 करोड़ का बजट आवंटन किया गया था। जिसके मुकाबले इस वर्ष हमारी सरकार ने लगभग दोगुना बजट प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व सुपोषण के लिए किया गया है, यही है छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय। भावना बोहरा ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि अपने पंडरिया क्षेत्र की महिलाओं की बात मुझे प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में रखने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा की बहुत सी माताएं बहनें हैं जो अपने परिवार की मुखिया होने का दायित्व निभा रहीं हैं। हमारी स्वसहायता समूह की बहनें भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृह कार्य कर रहीं हैं। ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करना और उनके लिए रोजगार के नए अवसर दिलाने हेतु पंडरिया में गढ़ कलेवा की तर्ज पर मिलेट कैफे खोलने की मांग करती हूं जिसका संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि इस मिलेट कैफे का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के लोक व्यंजनों को मोटे अनाज में उपलब्ध करवाना होगा जैसे की रागी दोसा, ज्वार रोटी आदि।

# 7 वें खदान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह में राजहरा यंत्रीकृत खदान का 5 प्रथम पुरस्कार जीत कर बेहतरीन प्रदर्शन किया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में 7 वां खदान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 11 फरवरी 2024 को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, चीफ कंट्रोलर ऑफ माइन्स इंचार्ज (एमडीआर-भारतीय खदान ब्यूरो, नागपुर) पीयूष नारायण शर्मा थे, तथा विशेष अतिथि के रूप में कंट्रोलर ऑफ माइन्स (सेंट्रल जोन-भारतीय खदान ब्यूरो, नागपुर) डॉ.वाय.जी. काले उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय खदान नियंत्रक (भारतीय खदान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र) व खदान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के संरक्षक प्रेम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (रावघाट-बीएसपी) व खदान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के अध्यक्ष समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक (खदान-बीएसपी) व खदान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2030-24 के सह-अध्यक्ष बी के गिरी तथा निदेशक (गोदावरी पावर एवं इस्पात लिमिटेड) व खदान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के उपाध्यक्ष विनोद पिल्लई मंचासीन थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय खनन भू-विज्ञानी (भारतीय खदान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र) व खदान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के संयोजक देवदुर्लभ दास, उप-खदान नियंत्रक (भारतीय खदान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र) दयानंद उपाध्याय तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। देवदुर्लभ दाश ने पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, स्टॉल पुरस्कार, एम.ई.एम.सी. सप्ताह पुरस्कार ए-1 एवं श्रेणी ए-2 श्रेणी, बी-श्रेणी, सी-श्रेणी तथा अन्य श्रेणी में पर्यावरण-बंधु एवं थीम पुरस्कारों की घोषणा की। राजहरा यंत्रीकृत खदान ने ए-2 श्रेणी में अत्यंत श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 5 प्रथम पुरस्कार हासिल किया, जिसमें महत्वपूर्ण ओवरऑल परफॉरमेंस सहित वृक्षारोपण, मिनरल कंजर्वेशन, मिनरल बेनेफिसिएशन तथा पर्यावरण मॉनिटरिंग शामिल है। ए-1 श्रेणी में दल्ली-झरनदल्ली यंत्रीकृत खदान को कुल 5 पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें मिनरल बेनेफिसिएशन एवं पब्लिसिटी प्रोपेगेंडा में प्रथम, पर्यावरण मॉनिटरिंग में द्वितीय तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट व ओवरऑल परफॉरमेंस हेतु तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। ए-2 श्रेणी में ही महामाया-दुलकी लौह अयस्क खदान ने मिनरल कंजर्वेशन तथा मिनरल बेनेफिसिएशन हेतु 2 द्वितीय पुरस्कार हासिल किया, साथ ही ए-2 श्रेणी के रावघाट लौह अयस्क खदान को सिस्टेमैटिक एवं साइंटिफिक डेवलपमेंट तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय हेतु 2 तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। 'बी' श्रेणी में भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी चूना पत्थर खदान को वेस्ट डंप मैनेजमेंट, मिनरल कंजर्वेशन एवं रिक्लेमेशन/ रिहैबिलीटेशन, तीनों ही विषयों में 3 तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए व्यक्तिगत पुरस्कारों की एक श्रेणी में पर्यावरण विभाग, एम.व्ही.टी. सेंटर राजहरा में कार्यरत रूपराम वर्मा, मास्टर टेक्नीशियन को पर्यावरण-बंधु पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्लाईम बेनेफिसिएशन प्लांट पर आधारित स्टॉल एक्जीबिशन में लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रकार खदान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 में भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों ने विभिन्न श्रेणियों में कुल 18 पुरस्कार हासिल किया।

# मां कर्मा महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ का 17 मार्च को होली मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

माँ कर्मा महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ 17 मार्च को होली मिलन समारोह एवं 05 अप्रैल को मां कर्मा महोत्सव के विषय में गांधी चौक स्थित माँ कर्मा मंदिर में बैठक हुई । माँ कर्मा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दामिनी साहू ने उपस्थित महिलाओं को कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। होली मिलन समारोह 17 मार्च को स्थानीय साहू सदन में दोपहर 2 बजे से आयोजित है। फाग गीत से संबंधित एकल, सामूहिक, एवं होली से संबंधित प्रश्नोत्तरी, कार्यक्रम होगा। प्रत्येक गुरूवार को मां कर्मा मंदिर में शाम 5 बजे रामायण पाठ किया जाना है. इसमें सभी बहनों की उपस्थिति अनिवार्य है। 5 अप्रैल को मां कर्मा महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह के लिए सम्पर्क करके लोगों को समझाइश देना है। आदर्श विवाह करें, खर्ची से बचें। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पन्द्रह परिक्षेत्र में बैठक करना है। बैठक में कुन्ती साहू, रेवती साहू, पूर्णिमा साहू, द्रौपती साहू, अनुसुइया साहू, विमला साहू, अनिता साहू,गायत्री साहू, कल्याणी साहू, लोचन, चम्पा देवी साहू, रामेश्वरी, सहित समाज की महिलाएं उपस्थित थीं।

# महिला कमांडो की 100 टीम को टार्च, सीटी और लाठी का किया गया वितरण





पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गलियों में फिर एक बार सीटियों की आवाज़, लाठी की धमक सुनने मिलेगी। गांव की गलियों में फिर एक बार महिला कमांडो अपनी मौजूदगी का एहसास ग्रामीणों को दिलवाएंगी। भाजपा की सत्ता आते ही महिला कमांडो फिर एक बार एक्टिव नज़र आ रही हैं। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार बैठक लेकर महिला कमांडो को शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने और अनैतिक गतिविधियों पर नज़र रखने की समझाइश दे रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि पद्मश्री शमशाद बेगम के नेतृत्व में गठित महिला कमाण्डों बुधवार को सामाजिक उत्थान एवं सामाजिक जागृति के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यों के बदौलत नारी सशक्तिकरण का पर्याय बन गया है। कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल सहयोगी जन कल्याण समिति द्वारा गुंडरदेही नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में आयोजित एक दिवसीय प्रेरणा सम्मेलन में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पद्मश्री शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना का फार्म भराने में किया बेहतरीन कार्य : कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं कुपोषण मुक्ति अभियान जैसे सामाजिक जागृति के अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने के कारण महिला कमाण्डो का कार्य निश्चित रूप से अतुलनीय एवं अत्यंत सराहनीय है। कलेक्टर ने कहा कि महिला कमाण्डो के द्वारा अभी हाल में ही राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु राज्य में शुरू की जा रही महतारी वंदन योजना के फॉर्म भराने में सहयोग करने का बेहतरीन कार्य किया गया है। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, मतदाता जागरूकता, साइबर इम रोकने जागरूकता, सड़क दुर्घटना रोकने, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, कुपोषित बच्चों को गोद लेकर सुपोषित करने आदि कार्यों में सि य भागीदारी निभाकर शासन-प्रशासन के साथ अपनी अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

### हर संभव सहयोग किया जाएगा प्रदान : इंद्रजीत

उन्होंने कहा कि महिला कमाण्डो द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित करने का अभिनव एवं अत्यंत जनहितैषी का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा नशामुक्ति अभियान में भी महिला कमाण्डो का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि महिला कमाण्डो कोई भी नेक कार्य करने के लिए यदि ठान लेता है तो उसे लक्ष्य प्राप्ति के उपरांत ही विश्राम लेता है। कलेक्टर ने महिलाओं का सामाजिक उत्थान के कार्य में बहुमूल्य भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की उन्नति पर ही परिवार, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति निहित है। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन के द्वारा महिला कमाण्डो के द्वारा की जा रही जनहित के कार्यों को पूरा करने में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

### शासन की योजनाओं को पहुचा रही जन जन तक : शमशाद

पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिला कमांडो के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालोद जिले की महिला कमाण्डो सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। जिसके तहत स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, मतदाता जागरूकता, साइबर इम, सड़क दुर्घटना रोकने, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, कुपोषित बच्चों को गोद लेकर सुपोषित करने आदि कार्य किए जा रहे हैं।

### अपराधों को रोकने में मिलेगी मदद

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने कहा कि महिला कमांडो नारी शक्ति का अनुपम एवं बेहतरीन उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि उनके सक्रिय कार्यों के फलस्वरूप निश्चित रूप से अपराध में कमी आएगी। एसपी भगत ने कहा कि महिला कमाण्डो पुलिस विभाग के कार्यों में सहयोग कर हमें गौरवान्वित कर रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि रात्रिकालीन गश्त करने से निःसंदेह अपराधों को रोकने में बड़ी मदद मिलेगी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा महिला कमाण्डो की 100 टीम को टार्च, सीटी, लाठी एवं 10 गांव की महिला कमाण्डों टीम को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालोद जिले की लगभग 1 हजार 500 महिला कमांडो ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम स्थल महिला कमाण्डो से सराबोर नजर आ रहा था। कार्य म में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के अलावा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुआ एनटीपीसी इलेवन और नगर निगम इलेवन के बीच रोमांचक मुकाबला, सुपर ओवर में हुआ जीत-हार का फैसला



पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा शहर के घंटाघर मैदान में आयोजित स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के दूसरे दिन बुधवार को दो मैच हुए। मैच शिक्षा विभाग इलेवन एवं उद्यानिकी विभाग इलेवन के बीच खेला गया।उद्यानिकी विभाग की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके बाद शिक्षा विभाग की टीम ने 43 रन के लक्ष्य को छठवें ओवर में ही एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस तरह शिक्षा विभाग की टीम ने मैच को 9 विकेट से जीत लिया। दूसरा मैच एनटीपीसी इलेवन और नगर निगम इलेवन के बीच खेला गया जो बेहद रोमांचक रहा। जिसमें जीत-हार का फैसला सुपर ओवर में तय हुआ। टॉस एनटीपीसी इलेवन ने जीता था लेकिन मैच नगर निगम इलेवन ने जीत लिया। एनटीपीसी इलेवन ने फिल्डिंग चुना तो नगर निगम इलेवन की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी टीम ने निर्धारित 12 ओवर खेलकर 126 रन बनाए। उक्त लक्ष्य का पीछा करने एनटीपीसी इलेवन की टीम उतरी जो पूरे 12 ओवर खेलते हुए मैच को ड्रा कर लिया। इसके बाद मैच में जीत-हार के फैसले के लिए नए नियम के अनुसार सुपर ओवर से दोनों टीमों को एक-एक ओवर का मैच खिलाया गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर निगम की टीम ने निर्धारित 6 गेंद में 20 रन बनाकर एनटीपीसी के सामने एक ओवर में 21 रन का लक्ष्य रखा। एनटीपीसी इलेवन की टीम उतरी तो शुरुआत के तीन गेंद में एक-एक रन ही बना सकी। इसके बाद चौथी गेंद पर शून्य और पांचवें दिन पर विकेट चला गया, छठवें गेंद पर भी कोई रन नहीं बना। इस तरह रोमांचक मुकाबला नगर निगम इलेवन की टीम ने मैच जीत लिया।

# सांसद अजगले ने ली डीएमएफ की बैठक

## अजगले ने कहा- जरूरी कामों को DMF फंड से करवाये प्रशासन

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com




सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा गुहाराम अजगले की अध्यक्षता मे सक्ती जिले के कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद गुहाराम अजगले ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता सहित नवगठित सक्ती जिले के अधोसंरचना जैसे विकास कार्यों में डीएमएफ की राशि का सदुपयोग करने कहा। बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रस्तावित कार्य योजना में शामिल कार्यों के संबंध में बारी - बारी से जानकारी दी गई। जिस पर जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारीयों की उपस्थिति में चर्चा और विचार विमर्श के साथ विभिन्न कार्यो का अनुमोदन किया गया, बैठक में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा गुहाराम अजगले द्वारा उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जिले के बेहतर विकास के लिए उनके सुझाव भी लिए गए। सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद मे जरूरी कार्यो को प्राथमिकता देते हुए उस पर कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले के बेहतर विकास के लिए विभिन्न जरूरी कार्य डीएमएफ मद से किए जाएंगे, जिससे कि जिले का बेहतर विकास किया जा सके। बैठक में सक्ती विधायक डॉ. चरणदास महंत के वर्चुअल उपस्थिति के साथ ही जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे,ज्ञात हो की शक्ति जिले में जिला गठन के पश्चात जिला खनिज न्यास निधि से शक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा अनेकों कार्य स्वीकृत किए गए थे, किंतु विडंबना यह है कि जिले के सरकारी विभागों की उदासीनता के चलते आज भी कार्य लंबित पड़े हुए हैं,तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण न होना एवं गुणवत्ता का पालन न होना यह शक्ति जिले में प्रमुखता से देखा जा रहा है, जिसकी शिकायत बैठक के दौरान जन प्रतिनिधियों ने भी सांसद एवं कलेक्टर के समक्ष की है।

# आदिवासी विकास विभाग ने सभी छात्रावासों में न्योता भोज का कार्यक्रम किया आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर जिले के आदिवासी विकास विभाग द्वारा सभी छात्रावासों में न्योता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रावास में बच्चों के लिए खीर, पूरी, मिठाइयां सहित तरह-तरह के पकवान बनाए गए। जिले के ग्राम रामगढ़ स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में कलेक्टर ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन किया। उन्होने बच्चों से बात-चीत की और उन्हे उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पहली बार छात्रावास में इस तरह के आयोजन से बच्चे काफी खुश नजर आएं। कलेक्टर ने छात्रावास के बच्चों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के सभी आश्राम एवं छात्रावासों में न्योता भोज का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने बच्चों के बीच उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएं रखने के लिए इस तरह के और भी आयोजन समय-समय पर किए जाने की बात कहीं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई। सामुदायिक भागीदारी पर आधारित इस योजना के अंतर्गत विभिन्न त्योहारों एवं अवसरों जैसे जन्मदिन, राष्ट्रीय पर्व आदि पर्व पर बच्चों के साथ भोजन किया जाता है। न्योता भोज के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों का पोषण सुनिश्चित करने के साथ-साथ समानता की भावना विकसित करना है। इसी तारतम्य में जिले के छात्रावासों में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# थानेदारों ने पैदल गश्त कर सार्वजनिक स्थल पर पकड़े 15 कथित नशेबाज

## सड़क नियम तोड़ने वालों पर लगाया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले में अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं। इसका पालन सुनिश्चित करते हुए विभिन्न थाना/चौकियो में विशेष अभियान चलाया गया। महकमें के राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीम ने शहर के चौक-चौराहो पर पैदल गश्त की। इस दौरान नशे में वाहन चलाने के आरोप में 5 व सड़क नियमों की अनदेखी करने के आरोप में 17 लापरवाह वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थल को अड्डा समझकर शराबखोरी करते 15 लोगों को भी पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर शहर के मुख्य चौक/चौराहो पर पैदल गश्त की। उन्होंने मादक पदार्थो का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में विभिन्न थाना-चौकी अंतर्गत पैदल गश्त की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नेहा वर्मा के देखरेख में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की गई। अलग-अलग स्थालों में महकमें के अधिकारी व जवानों ने पैदल गश्त की। शहर के मुख्य चौक-चौराहो, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर गश्त की गई। सड़क नियमो की अनदेखी व मादक पदार्थो का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान एक ही दिन में 17 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इनमें नशे में वाहन चलाने 5 लोगों के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट व सार्वजनिक स्थल में मादक पदार्थो का सेवन करने के आरोप में 15 लोगों के विरुद्ध 36(च) के तहत कार्यवाही की गई।

# अधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण देकर उन्हें दायित्वों से अवगत कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले ने सेक्टर अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों पर अपने क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने की जिम्मेदारी रहती है, इसलिये निर्वाचन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां रखें। साथ ही मतदान दल के सभी सदस्यों के दायित्वों एवं इव्हीएम संबंधी जानकारी रखते हुए उनके कार्यों के संपादन पर नजर रखें। क्षेत्र में निर्भीकता के साथ लोग मतदान करें इसके लिए भी सेक्टर अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण कर जागरूकता पैदा करें। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्रीमती पार्वती पटेल ने कहा कि निर्वाचन संबंधी विविध प्रपत्रों का अध्ययन पूर्व अनुभव के साथ ही प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी के अनुरूप अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन मूलभूत सुविधाएं जैसे रैम्प, जल, बिजली, शौचालय आदि की जानकारी एकत्रित करें।

# पीएससी और व्यापम प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जनमन पत्रिका का वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला जनसंपर्क कार्यालय मुंगेली द्वारा पी.एस.सी. और व्यापम प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जनमन पत्रिका का वितरण किया गया। छात्रों ने बताया कि जनमन पत्रिका में शासन की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों से जुड़ी अद्यतन जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी जाती है। इस पत्रिका को पढ़ने से न केवल शासन की नीतियों और कार्ययोजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है बल्कि पी.एस.सी., व्यापम जैसी राज्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इससे प्रश्न पूछे जाते हैं। इसलिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दृष्टि से यह पत्रिका महत्वपूर्ण है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे मुंगेली के छात्र अरुण बघेल ने जनमन पत्रिका के संबंध अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस पत्रिका में राज्य सरकार की उपलब्धियों और आम जनता के लिए उपयोगी योजनाओं के बारे में सारगर्भित जानकारी दी जाती है यह पत्रिका प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। मुंगेली जिले के पथरिया के शैलेंद्र नेताम ने बताया कि जनमन पत्रिका के माध्यम से शासन द्वारा शुरू की गई नवीन योजनाओं और उपलब्धियां के बारे में जानकारी मिलती है उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के लिए काम हो रहा है, सरकारी नौकरी के लिए भर्ती निकल रही है जिससे छात्रों में खुशी का लहर है। इसी प्रकार मुंगेली के दशरंगपुर के प्रतियोगी छात्र राधेश्याम जायसवाल ने बताया कि वे जनमन पत्रिका के नियमित पाठक है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में जनमन पत्रिका से काफी प्रश्न पूछे जाते हैं। राधेश्याम ने कहा की आगामी शिक्षक भर्ती और पी.एस.सी. की जांच को लेकर की गई घोषणाओं से सभी प्रतियोगियों में उत्साह का माहौल है।

# सोंठी एवं टेमर रेलवे फाटक में बनेगा ओवरब्रिज प्रधानमंत्री मोदी 26 को करेंगे वर्चुअल कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com




सक्ति रेलवे स्टेशन के सोंठी रेलवे फाटक एवं टेमर रेलवे फाटक ने नए आरओबी का भूमि पूजन 26 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री राव साहेब पाटील दानवे एवं दर्शना जरदोश वर्चुअल रूप से करेंगे तथा उपरोक्त वर्चुअल कार्यक्रम की तैयारी को लेकर दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे मंडल बिलासपुर के अधिकारियों का 22 फरवरी को शक्ति आगमन हुआ तथा उन्होंने शक्ति रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर के सामने प्रस्तावित 26 फरवरी के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की,इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि 26 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से बुकिंग काउंटर के सामने वर्चुअल कार्यक्रम होगा, जहां बड़ी एलइडी के माध्यम से मोदी जी के लाइव कार्यक्रम को दिखाया जाएगा, जिसमें शक्ति शहर, आसपास के समस्त ग्रामीण क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं तथा समूह के लोगों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, साथ ही इस पूरे वर्चुअल आयोजन के दौरान जहां स्थानीय अतिथियों की भी गरिमामय उपस्थिति में यह वर्चुअल कार्यक्रम होगा तो वहीं कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी संपन्न होगा, रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 26 फरवरीको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित अन्य मंत्रीगण भारत देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनः विकास का लक्ष्य लेकर 1500 रोड ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का भूमि पूजन तथा लोकार्पण करेंगे एवं यह कार्यक्रम अपने आपमें गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा, तथा इसे लगभग 50 लाख लोग एक साथ देख सके इस दिशा में भारतीय रेलवे भी प्रयासरत है, रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि शक्ति रेलवे स्टेशन के नजदीक होने वाले उपरोक्त दो बड़े कार्यक्रमों के अलावा रॉबर्टसन रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर भी यह वर्चुअल कार्यक्रम होने हैं, तथा रेलवे के अधिकारियों ने आम नागरिकों से एवं स्कूली बच्चों से तथा पत्रकार साथियों से भी अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# उड़ीसा नंबर की बलेनो कार में ले जाया जा रहा है हजारों रुपए की कीमत का गांजा जब्त

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति जिले में आईपीएस पुलिस अधीक्षक की स्थापना के बाद से ही नशे पर लगाम करने पुलिस सभी थाना क्षेत्र में सक्रिय है,अवैध शराब को पकड़ने जहां पुलिस प्रतिदिन अनेकों मामले दर्ज कर रही है, तो वहीं गांजे को लेकर भी पुलिस की बड़ी कार्रवाई हुई है,अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा ले जाने वाले छह आरोपियों को मालखरौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है,7.560 किलो गांजा के साथ गांजा तथा परिवहन करने में प्रयुक्त एक बलेनो भी जब्त हुई है,विवरण इस प्रकार है कि, जिला सक्ती में जब से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पदभार ग्रहण किया है तब से लगातार अवैध रूप से नशा करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही जारी है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है, इसी तारतम्य में दिनांक 20.02.24 को मूखबीर से सूचना मिला कि, कुछ लोग नीले रंग के उड़ीसा पासिंग वाले बलेनो कार में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर छपोरा से सक्ती की ओर जाने वाले हैं, सूचना पर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चंद्रहास सिन्हा तथा थाना मालखरौदा के संयुक्त टीम आरोपियों के घेराबंदी में लगे, रात्रि करीब 10:00 बजे मुखबिर सूचना के आधार पर एक नीले रंग के बलेनो क्रमांक OD 23 त्त 2786 को पोता मेन रोड में महराज चाय, नाश्ता दुकान के पास घेराबंदी कर रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ कर NDPS अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी लिया गया जिसमें कार की डिक्की में 07 पैकेट में अवैध रूप से गांजा बरामद किया गया। उक्त गांजा को विधिवत कार्यवाही करते हुए कुल 7.560 KG कीमती 38000/- तथा गांजा परिवहन करने में प्रयुक्त बलेनों कार OD 23 त्त 2786 कीमती 08 लाख, कुल कीमती 8,38,000/- रू को विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(b) NDPS Act. के तहत कार्यवाही कर 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया । उक्त मामले में गांजा परिवहन करने में शामिल और लोगो की पतासाजी की जा रही है,संपूर्ण कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चंद्रहास सिन्हा, थाना प्रभारी मालखरौदा राजेश चंद्रवंशी, उप निरीक्षक चंद्रप्रकाश कंवर,ए एस आई राधे राठौर, प्र.आ. अश्वनी जायसवाल, आरक्षक - शत्रुघन जांगड़े, डमरूधर गबेल, रोहित सिदार, विरेंद शांडिल, दीपेंद्र मधुकर, वेश जाटवर, संजीव राठौर और महिला आ. अपशा परवीन का सराहनीय भूमिका रहा।

## मोदी की गारंटी पर दिखा महतारियों का भरोसा

# महतारी वंदन के तहत आए 2 लाख 87 हजार 565 आवेदन, 23 तक आएंगे अंतिम आकंड़े

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होने आकांक्षी जिला कोरबा में भी जबरदस्त उत्साह दिखा। अंतिम मियाद 20 फरवरी तक की स्थिति में जिले में 2 लाख 87 हजार 565 हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों में 2 लाख 83 हजार 689 आवेदन ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। पंचायतों एवं वार्डों में अंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास अभी करीब 25 से 30 हजार ऑफ लाइन फार्म जमा होने की बात कही जा रही। जिसको सत्यापन के बाद पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इस तरह करीब सवा 3 लाख हितग्राही कोरबा जिले से लाभान्वित होने के आसार हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी पूरी करने जा रही है।महतारी वंदन योजना के तहत शासन द्वारा मार्च माह से ही प्रदेश की 21 वर्ष से अधिक आयु की पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करने प्रथम चरण में 5 फरवरी से ऑनलाइन और ऑफलाइन जमा लिए जा रहे थे जिसे पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन की तिथि 20 फरवरी शाम 6 बजे तक ही तय की गई थी। जिसके तहत आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले में 2 लाख 87 हजार 565 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 2 लाख 83 हजार 689 आवेदन अपलोड किए जा चुके हैं। आवेदनों के सत्यापन के उपरांत जल्द ही अनंतिम सूची जारी की जाएगी। अनंतिम सूची जारी करने के बाद दावा आपत्ति भी ली जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। पहले चरण में जितने भी आवेदन आएंगे, उनके सत्यापन के बाद प्रथम बार डीबीटी के माध्यम से आधार लिंक बैंक खातों में मार्च माह की राशि, मार्च माह में ही अंतरित की जाएगी। योजना के तहत छत्तीसगढ़ की पात्र विवाहित महिलाओं के खाते में प्रति माह एक हजार रूपए, इस प्रकार साल में 12 हजार रूपए अंतरित किए जाएंगे।

**अंतिम दिन 75 हजार 561 आवेदन हुए अपलोड** -महतारी वंदन योजना के तहत फार्म अपलोड करने अंतिम दिवस में ऐसा दबाव रहा कि जिले में महतारी वंदन के निर्धारित वेबसाईट में अपलोड 2 लाख 83 हजार 689 अपलोड हुए आवेदनों में से 75 हजार 561 आवेदन अंतिम दिन 20 फरवरी को ही अपलोड हुए। सर्वर डाउन रहने की वजह से एवं सर्वाधिक फार्म अंतिम दिनों में ही प्राप्त होने की वजह से कार्यकर्ताओं,पंचायत सचिवों ने अंतिम दिन में ही पोर्टल में सबसे ज्यादा आवेदन अपलोड किए।

**23 फरवरी तक ऑफ लाइन प्राप्त आवेदन करने होंगे पोर्टल में अपलोड**- महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की मानें तो अभी भी कार्यकर्ताओं के पास ग्रामीण एवं निकाय क्षेत्रों में तकरीबन 25 से 30 हजार आवेदन ऑफ्लाइन जमा हैं ,जिनका सत्यापन कर 23 फ्रवरी की शाम 6 बजे महतारी वंदन के पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड किया जाना है।

# समस्याओं और सौदर्यीकरण के मामले पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com




विश्वहिन्दु परिषद मुंगेली ईकाई द्वारा नगर पालिका परिक्षेत्र के अंर्तगत होने वाली समस्याओं और सौदर्यीकरण के मामले पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया । दिये गये ज्ञापन के अनुसार मुंगेली नगर एवं आसपास के गांवो में मंदिर एवं स्कूलों के आसपास मांस, अण्डा, मुर्गा का विक्रय बन्द कर किसी एक स्थान पर लगाया जाये। क्योंकि सभी का अपशिष्ट पदार्थ नदी नालों में फेका जाता है। जो कि उचित नहीं है। उसे बंद करने की मांग की, इसके अलावा मुंगेली नगर के पड़ाव चैक में यातायात व्यवस्था के तहत् अव्यवस्थित वाहन, ढेला आदि को हटाने, दाऊपारा चैक व्यवस्थित करने, पड़ाव चैक से लोरमी रोड तिराहा तक सड़क सर्कीण है। उसे चैड़ीकरण कर यातायात व्यवस्था में सुधार हो। प्रत्येक मोहल्ले, वार्डो में आदतन शराब के नशेड़ी, नाइट्रा का सेवन कर नसे में पड़े रहने वाले लोग वार्ड वासियों को परेशान एवं हैरान करते है, ऐसे लोगों के परिवारों से मिलकर उन्हें नशा मुक्ति केन्द्र भेजा जाये। नगर में नाले की सफाई व्यवस्था सप्ताह में 2-3दिन नियमित रूप से हो ।

# सड़क हादसे और दुर्घटना रोकने रोड मैप तैयार

## एनएच के सभी तिहारा-चौहारे पर बनाई जाएगी रंबल स्ट्रीप, हैलमेट की अनिवार्यता पर जोर

पायनियर संवाददाता ≺ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले में शहर और राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य स्थलों पर होने वाली सड़क हादसे और दुर्घटनों को रोकने के लिए बनाई गई कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं एवं हादसों पर काफी चिंता जताई गई है। बैठक में दोपहिया वाहनों स्कूटी, बाईक या कार या अन्य वाहनों के साथ होने वाली सड़क दुर्घटनों की तीन प्रमुख कारण सामने आई है। इन तीन प्रमुख वजहों में पहला शराब या अन्य नशे के सेवन में वाहन चलाना, दूसरा स्कूटी व अन्य वाहनों की हाई स्पीड और तीसरा प्रमुख कारण स्कूली विद्यार्थियों को उनके माता-पिता व अन्य अभिभवकों द्वारा स्कूटी या अन्य भारी दुपहियां वाहनों की चलाने की अनुमति देना। साथ ही बिना हैलमेट के वाहन चलाना सड़क हादसे के शिकार होना भी प्रमुख कारणों में शामिल है। कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस नए वर्ष 2024 की जनवरी से लेकर बहुत कम समय में अधिक सड़क दुर्घटना और हादसें के शिकार पर गंभीर चिता जताते हुए सड़क हादसे और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए रोड़ मैप तैयार किया गया है। कलेक्टर ने जिले के भीतर सभी ऐसे शैक्षणिक स्थान स्कूल, आश्रम-छात्रावास या आंगनबाड़ी केन्द्र जो प्रमुख मार्गो पर संचालित है, ऐसे प्रमुख मार्गो में सावधान बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश राठौर, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एक-एक सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई है। समीक्षा में सड़क हादसें और दुर्घटना के तीन प्रमुख कारण ज्यादातर घटनाओं में सामने आई है। बैठक में बताया गया कि बीते महज डेढ़ माह में जिले के भीतर 31 सड़क दुर्घटना के प्रकरण सामने आई है। इस सड़क दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मृत्यु और 24 लोग घायल हुए है। कलेक्टर महोबे ने नशा कर वाहन चालने वाले चालकों, हाई स्पीड चलाने वाले चालकों और स्कूटी और अन्य वाहन चालने वाले नाबालिक वाहन चालकों पर एक अभियान चलाकर कठोरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने हैलमेट की अनिवार्यता पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए है। बैठक में जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्ग और जिले के अंदर प्रमुख बड़े मार्गों पर होने वाले सड़क हादसों की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिले के भीतर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और हादसों में नियंत्रण करने के लिए रोड़ मैप तैयार किया गया है। इस रोड मैप के मुताबिक जिले के राष्ट्रीय राजमार्गो और अन्य प्रमुख मार्गो पर होने वाले सड़क हादसों स्थल का चिन्हांकित किया गया है। इस चिन्हांकित स्थलों पर एनएच के प्रमुख चौहार और तिराहा स्थलों पर सड़क दुर्घटनों को नियंत्रण करने के लिए रंबल स्ट्रीप बनाने के निर्देश दिए है। इसके लिए एनएच के अधिकारी को कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार एनएच को जोड़ने वाले सभी प्रमुख सड़कों पर मुख्य मार्ग के भीतर कुछ ही दूरी पर स्पीड़ ब्रेकर बनाने के लिए लोक निर्माण एवं संबंधित संड़कों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बच्चों ने ग्रहण किया स्वादिष्ट भोजन

पायनियर संवाददाता ≺ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर नेता भोजन की शुरुआत करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र रामानुजगंज के जलकेश्वर पार में मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। उक्त आयोजन में उस स्कूल के बच्चों का बड़ा सौभाग्य हुआ कि पहली बार उन्हें स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर प्राप्त हुआ। नहीं तो आए दिन दाल भात नमक तो खाने के लिए बच्चे मजबूर ही है इसके लिए कभी कोई अधिकारी या संबंधित अधिकारी इस और ध्यान नहीं देते।

# न्युवोको विस्टास ने पटना में अपना दूसरा रेडी-मिक्स प्लांट लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट ग्रुप ने पटना-II के रूप में अपने दूसरे अत्याधुनिक रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट (आरएमएक्स) के उद्घाटन के साथ अपने आरएमएक्स नेटवर्क का विस्तार किया है। रानीपुर मिल्की चक, बेगमपुर, बाईपास पर रणनीतिक रूप से स्थित, यह प्लांट पटना क्षेत्र में हाई क्वालिटी निर्माण सामग्री प्रदान करने के लिए न्युवोको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रणनीतिक रूप से पहले प्लांट से लगभग 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, पटना-II न्युवोको के रीजनल तौर पर प्रमुख प्लांट के रूप में स्थित है। यह क्षेत्र में न्युवोको के सीमेंट प्लांट तक तेजी से पहुंच प्रदान करके उन बाजारों की क्षमता का लाभ उठाने में मदद करेगा, जिनमें अभी तक पहुंच नहीं हुई थी। निकटवर्ती औद्योगिक, कमर्शियल और आवासीय विकास से इसकी निकटता समय पर हाई क्वालिटी वाले ठोस समाधान की गारंटी भी मिलती है। प्रशांत झा, चीफ, रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट और मॉडर्न बिल्डिंग मैटीरियल्स बिजनेस, न्युवोको विस्टास ने इस नए प्लांट के उद्घाटन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि पटना-II प्लांट का शुभारंभ बिहार में कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए समाधान प्रदान करने के लिए न्युवोको के समर्पण को दर्शाता है। यह नया प्लांट न केवल क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगी बल्कि हमें अपने ग्राहकों को अधिक कुशलता से सेवा देने में भी सक्षम बनाएगा। पटना-II प्लांट की क्षमता 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है और इसमें ट्विन शाफ्ट मिक्सर है जो सभी ग्रेड के कंक्रीट का उत्पादन करने में सक्षम है। इसमें एक्सकॉन के ब्रांडों के तहत वैल्यू एडेड प्रोडक्ट (वीएपी) शामिल हैं। इनमें न्युवोको मिक्स के साथ एक्सपर्ट कंक्रीट, कंक्रीटो विज़ुअलाइजिंग सेल्फ-कॉम्पैक्टिंग स्मार्ट कंक्रीट, लाइट वेट कंक्रीट (स्ट्रक्चरल और नॉन-स्ट्रक्चरल ग्रेड्स), फाइबर एनरिच्ड कंक्रीट, हाई स्ट्रेंथ कंक्रीट, वाटर एंड क्रैक रजिस्टेंट कंक्रीट, फाउंडेशन एक्सपर्ट कंक्रीट- इकोड्यूर- ग्रीन कंक्रीट रेंज, आर्टिस्टी- डेकोरेटिव कंक्रीट फ्लोर्स और इंस्टामिक्स- उपयोग के लिए तैयार बैग्ड कंक्रीट शामिल हैं। पटना-II एक विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र की अलग अलग तरह की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है, जिसमें हाजीपुर, मसौढ़ी, फतुआ, पानापुर, गया रोड पर संपत चौक और पटना के कई सारे उपनगर शामिल हैं।

# दल्लीराजहरा के बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं के द्वारा मानपुर चौक




पायनियर संवाददाता ≺ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

20 फरवरी को भारत रत्न, संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश यात्रा राजनांदगांव जिले से होते हुए बालोद जिले में पहुंची। दल्ली राजहरा के बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं के द्वारा मानपुर चौक में स्वागत किया गया। उसके पश्चात वाहन रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए अंबेडकर मेमोरियल हाल में अस्थि दर्शन के लिए आम जनता के लिए रखा गया। यात्रा में नागपुर से आए धम्माचारी अमृत सिद्धि के द्वारा धम्म देशना दिया गया। अस्थि कलश यात्रा के साथ अमृत रत्न, शेखर बौद्ध, आर्य दिव्य, विवेक धम्म, अक्षयवज्र धम्ममित्र संघप्रिय, पी.जी. बौद्ध, संजय बौद्ध, संघमित्रा, के.के.सोंनटेके शामिल हुए। भीमराव अंबेडकर के अस्थि दर्शन के लिए बौद्ध समाज एवं राजहरा के प्रबुद्ध नागरिकों ने अस्थि दर्शन कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम सम्यक बौद्ध महासभा महाप्रज्ञा बुद्ध विहार छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के तत्वाधान में संपन्न किया गया।मंच संचालन दिलीप सुखदेवे ने किया। इस अवसर पर अशोक बांबेम्श्वर अध्यक्ष सम्यक बौद्ध महासभा, भीमराव भैंसारे अध्यक्ष प्रज्ञा बुद्ध विहार, फेरूलाल बांबेम्श्वर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज, हेमंत कांडे प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, दिलीप मेश्राम जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, बी.एल .बौद्ध त्रिभुवन बौद्ध, जनक लाल ठाकुर पूर्व विधायक , काशीराम निषाद पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, विजय जोगदंड, हीरालाल पवार, सुदामा शर्मा, ओमप्रकाश रामटेके, सुरेंद्र मेश्राम, ईश्वर खोबरागड़े, सुबोध कांबले, गोरेलाल बांबेश्वर, गोवर्धन रंगारी, रमेश भगत, ईश्वर खोबरागड़े, विपिन करवाड़े , के.के.बांबेश्वर, रोशन पाटिल, गोवर्धन रंगारी संपत, संतोष मेश्राम, सुनील गोटे बिसन कांडे, सुरेश कांबले, तरुण बोरकर, संजय सवालकर, अरुण उके, राजेंद्र मेश्राम, कमल कांत रामटेके, चंद्रकुमार बारसागडे, प्यारे मेश्राम कमल कांत मेश्राम, उत्तम उके, सुरेंद्र रामटेके, अमित बंबेश्वर, चंद्ररेखा नादेश्वर अध्यक्ष महिला मंडल सम्यक बौद्ध महासभा, जोत्सना कांबले महिलाअध्यक्ष महाप्रज्ञा बुद्ध विहार, कविता तीगोटे महिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज, एवं बौद्ध उपासक उपासिकायें शामिल हुए।

# एसपी बेमेतरा ने किया आकस्मिक निरीक्षण, समय पर कार्यालय नहीं पहुचने वाले को कारण बताओं नोटिस



पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिला पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय पर कार्यालय नहीं पहुचने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा शासन द्वारा निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से जिला पुलिस कार्यालय पहुचने अधिकारी/ कर्मचारियों को समझाईस दिया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को शाखा के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने तथा कार्यालय के शाखाओं में लंबित शिकायत/ जांच, लंबित स्थायी/गिरफ्तारी, संमस वारंट, लंबित मोटर वारंट, मेडिकल बिल, यात्राभत्ता, सिक, अवकाश, गैरहाजिर प्रकरण, सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त जवाबदावा, लंबित गुम इंसान, लंबित पेंशन एवं अन्य, निर्माण कार्यों, फर्मो से प्राप्त लंबित बिल आहरण/ भुगतान करने, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत/पत्रों एवं शाखाओ में विभागीय पेंडिग शिकायत जांच व पत्रों की शीघ्र निकाल करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा समस्त शाखा प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत/जांच एवं पत्रों का अवलोकन कर सही समय पर जानकारी भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित पुलिस कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# रामायण हमे भक्ति में शक्ति एवं विश्वास की देती है शिक्षा : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम निनवा में आयोजित रामचरित मानस सतसंग नवधा सम्मेलन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा शामिल प्रभु रामचंद्र जी के छाया चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि रामायण का प्रत्येक पात्र हमे बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है,ऐसे धार्मिक आयोजन के होने हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस आधुनिकता के दौर में भी संस्कारवान हो, रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है, बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो लेकिन अच्छी नियत एवं गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है,इसीलिये हमे सदैव सच्चाई के रास्ते पर ही चलना चाहिए, रामायण हमे भाईचारा की शिक्षा देता है,एक ओर जहां लक्ष्मण ने 14 साल भाई राम के साथ वनवास किया वहीं दूसरे भाई कैकेयी के पुत्र भरत ने राजगद्दी के अवसर को ठुकरा दिया, रामायण का प्रत्येक चरित्र भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, सुमित्रा जी सभी निःस्वार्थ भाव से त्याग, समर्पण बलिदान एवं अनन्य भक्ति की शिक्षा देते हैं, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, अनिल दुबे नारायण पटेल, इंदे वर्मा, गौतम साहू,मोहित साहू, चैन सिंह वर्मा, बुधु निषाद, रोहित यादव, भोखम साहू,रामावतार वर्मा,रोहित यादव,संतोष यादव, बिसौहा निषाद, राजेश साहू, राजेन्द्र साहू, उपेश यादव ।

# विधायक चातुरी नंद ने महासमुंद जिले में महिला अपराधों के दर्ज प्रकरण की गृह मंत्री से ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ≺ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विधायक चातुरी नंद विधानसभा में महासमुंद जिले में महिला अपराधो के दर्ज प्रकरण के तारांकित प्रश्न में प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से पूछा कि महासमुंद जिले के विभिन्न थानों में साल 2023-24 में 20 जनवरी 2024 तक महिला उत्पीडन के कितने मामले दर्ज किए गए है और कितने महिलाओं और बालिकाओं ने लिखित शिकायत कर एफ्आईआर की मांग की है। विधायक के सवाल में गृहमंत्री ने अपने लिखित जवाब में जानकारी दी है कि महासमुंद जिले के विभिन्न थानों में उपरोक्त अवधि के दौरान महिला उत्पीड़न के 98 मामले दर्ज किए गए है। जिनमें 55 प्रकरणों में महिलाएं और 43 में बच्चियां है जिनके शिकायत के आधार पर एफ्आईआर की गई है। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि प्रायः देखा गया है कि महिला उत्पीड़न के संवेदनशील मामलों में भी थानों में तुरंत एफ्आईआर नहीं लिखी जाती है कई मामलों में मेरे दखल के बाद एफ्आईआर की गई है। महिला अपराध में तुरंत एफ्आईआर होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। बता दें कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद अपने बेबाक अंदाज और तथ्यपरक सवालों से विधानसभा में एक दमदार नेत्री के रूप में सामने आई है जिनके विद्वता के मुरीद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी हुए थे जिन्होंने मुक्त कंठ से उनकी सराहना की थी।

# एमेजॉन भारत में समुद्र तल से 4,500 फीट की ऊंचाई पर हिमालय तक ग्राहकों के ऑर्डर पहुंचाता है

### गजौली गांव के महर्षि आश्रम में पैकेज डिलीवर करने वाली एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

amazon

ऊपरी हिमालय में समुद्र तल से 4500 फीट की ऊंचाई पर मौजूद गजौली में बना महर्षि आश्रम भारत में करीब 60 ध्यान अभ्यासियों के लिए एक शांत आश्रय की जगह है। यह एक ऐसा आश्रम है जहां दुनिया भर से लोग ध्यान का अभ्यास करने और आंतरिक शांति पाने के लिए आते हैं। बाहरी दुनिया द्वारा ध्यान न भटके इसलिए आश्रम को बाकी दुनिया से अलग और एकांत रखा गया है। हालांकि यह अभ्यासकर्ताओं के लिए एक बेहतरीन वातावरण है, लेकिन फिर भी यह स्थान रोजमर्रा की जरूरतों को इनसे काफी दूर कर देता है। किसी भी जरूरत के लिए नजदीकी शहर तक जाने के लिए पहाड़ी इलाके से पास के गांव गजौली तक 30 से 40 मिनट की पैदल यात्रा तय करनी पड़ती है। और अगर पास के शहर उत्तरकाशी जाना हो तो उसके लिए स्थानीय सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेना पड़ता है। यह यात्रा न केवल मुश्किल है, बल्कि इसमें बहुत समय भी लग जाता है, क्योंकि आश्रम के आसपास कोई दुकान या डिलीवरी विकल्प नहीं है। लेकिन वर्ष 2020 में पूरा माहौल ही बदल गया जब एमेजॉन डॉट इन गजौली गांव में महर्षि आश्रम तक डिलीवरी करने वाली पहली और एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी बनी। इसने तो मानों सपनों को साकार ही कर दिया हो। अब यहां के लोग भारत के किसी भी कोने से चीजें ऑर्डर कर सकते हैं, और उन्हें उनके दरवाजे पर ही डिलीवरी मिल जाती है।

# क्वांटम कंप्यूटिंग से भविष्य में होगा, क्रांतिकारी परिवर्तन : प्रो. गिरीश कान्त

### विप्र कॉलेज और साइंस कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नेशनल सेमिनार का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com




विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय तथा शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में क्वांटम कंप्यूटिंग विषय पर तीन दिवसीय नेशनल सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश कान्त पांडेय, पूर्व कुलसचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय तथा डॉ. अनिल कुमार तिवारी प्राचार्य, दिशा महाविद्यालय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय सेमिनार के उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश कान्त पांडेय ने अपने उदबोधन में कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग आने वाली भविष्य के लिए कंप्यूटर के क्षेत्र में एक नया युग स्थापित करेगा। जिससे हर एक चीज बहुत आसानी से बहुत तेज गति से संचालित होगा। मेडिकल साइंस में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है। मानव जीवन की औसत आयु 120 से 125 वर्ष तक हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि क्वांटम कंप्यूटिंग का रिसर्च फील्ड में बहुत बड़ा उपयोगी साबित हो सकता है। आने वाले भविष्य में इसके माध्यम से रिसर्च आसान, सुविधाजनक और तीव्र गति से किया जा सकता है। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि साइंस कॉलेज के साथ यह पहला संयुक्त आयोजन है। क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर हाइ ब्रीड मोड में तीन दिनों तक विषय विशेषज्ञों के माध्यम से चर्चा करने का उद्देश्य यही है कि हमारे विद्यार्थी कंप्यूटर के क्षेत्र में होने वाले क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए खुद को अपडेट रखें और जिस प्रकार कंप्यूटर के क्षेत्र में भारत के युवाओं का बोलबाला है, इसी तरीके से भविष्य में कम्प्यूटर के क्षेत्र में विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद इसके प्रथम सत्र वक्ता एनआईटी के डॉ. तीर्थ कुमार साहू ने बताया कि क्यूबिट के माध्यम से हम क्वांटम कंप्यूटिंग के एक नए क्षेत्र में पहुंच सकते हैं।

# ओला ईलेकट्रिक ने दाम में कटोती के बाद तीन दिन में 10,000 स्कूटर की बिक्री की



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओला ईलेकट्रिक के पीछ्ले सप्ताह अपने एस1 प्रो, एस1 एर और एस1 एक्स+स्कुटर्स के दाम में रू. 25,000 तक की कटोती करने के पश्चात उन की बिक्री में जबरदस्त बढोतरी होने की खबरे प्राप्त हो रही है। जानकार सूत्रो के मुताबिक अलग अलग मीडिया की खबरों के अनुसार, कंपनी ने सिर्फ तिन दिन में 10,000 स्कुटर्स की जबरदस्त बिक्री की है, जो उस की एवरेज दैनिक बिक्री में तीन गुना बढोतरी के बराबर है। बिक्री में यह उछाल ईस बात के संकेत माने जा सकते है की दाम में यह व्यूहात्मक कटोती ओला की ईलेकट्रिक व्हिकल्स की महत्वाकांक्षा में गेम चेन्जर बन सकती है। ओला ईलेकट्रिक ने पीएलआई स्कीम जैसे सरकारी प्रोत्साहनो का सही लाभ उठाया है और हरेक स्कुटर पर रू 15,000-20,000 तक की सबसिडी प्राप्त की है। उस के साथ में, कंपनी अपने मजबूत दाम स्ट्रकचर और वर्टिकली ईन्टिग्रेटेड टेकनोलाजी के साथ संयोजन के चलते ईन बचतों का लाभ सीधा ग्राहको को पहोंचा सकी है। भारत की टु व्हिलर बाजार महाकाय है और 2024 में उस का मूल्य 299.18 बिलियन अमरिकी डालर्स का माना गया है, जो और भी बढ़ोतरी के लीए सज्ज है और 2029 तक वह बढ कर 347.41 बिलियन अमरिकी डालर्स तक का होने का अनुमान है. फिलहाल मोटरसाईकिल्स ईस बाजार में अपनी प्रैकटीकल उपयोगिता और किफायती होने की वजह से सर्वोपरि है, तो ईलेकट्रिक व्हिकल्स की प्रगति भी बिजली के तेजी से बढने के आसार है और सरकार के समर्थन एवं जलवायु मुद्दो की चिंताओ के चलते 2028 तक ईन की बिक्री सालाना चक्रवृद्धि आधार पर 10.39 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

# राजिम एवं मैनपुरखुर्द में 24 फरवरी को विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का होगा आयोजन

**गरियाबंद।** विकसित भारत विकासित छत्तीसगढ़ अंतर्गत 24 फरवरी को जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली रूप से प्रदेश की जनता को सम्बोधित करेंगे। इसके लिए कार्यक्रम स्थल में एलईडी स्क्रीन लगाया जायेगा। कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों सहित आम नागरिक भी शामिल होंगे। विधानसभा राजिम अंतर्गत मेला ग्राउंड सांस्कृतिक डोम में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही विधानसभा बिन्द्रानवागढ़ अंतर्गत ग्राम मैनपुरखुर्द के फॉरेस्ट ग्राउंड में विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी भी सौंपी है।


**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401091000031**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 अ सन- 2023-2024
छुरियाकला (प.ह.नं. 00220),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-शीरीन खान,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग.शासन,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शीरीन खान आ. अहमद भाई निवासी इन्द्रावती कालोनी राजतालाब रायपुर, तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम छुरियाकला, प.ह.नं. 20, तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 26/2, 26/3, 60 रकबा 0.089, 0.085, 0.117 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.291 हेक्टेयर में राजस्व अभिलेख में अपना नाम सुधार किए जाने आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 11/03/2024 को उपस्थित होकर अपने दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**तहसील-छुरिया**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401091000041**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 अ सन- 2023-2024
चंदेनीडीह (प.ह.नं. 00220),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-शमीमुल हक,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग.शासन,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शमीमुल हक आ. रमजानुल हक, जाति मुसलमान, निवासी वार्ड नंबर 05 नगर पंचायत छुरिया, तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा ग्राम चंदेनीडीह, प.ह.नं. 20, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव स्थित अपने भूमि स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 66/2 रकबा 0.162 हेक्टेयर में राजस्व अभिलेख में अपना नाम सुधार किए जाने आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 11/03/2024 को उपस्थित होकर अपने दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**तहसील-छुरिया**

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202401210900017 वर्ष 2023-2024
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/धारक आशीष कुमार पिता शंकरलाल जाति सोनार निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार के द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14 डी प्लाट नं. 72/6, 73/2 क्षेत्रफल 5962 वर्गफीट भू-भाटक 77.45 रू. भूमि जो कि धारक/आवेदकगण पार्वती पति शंकरलाल, विकास कुमार, विवेक, शिवम, विनिता पिता बसंतकुमार, रीता पति बसंतकुमार, विजयकुमार, सुरेशकुमार पिता भगवानदीन, राहुल, राजूल पिता राजेश कुमार, संजय कुमार, विनय कुमार पिता भगवानदीन, आशीष कुमार पिता शंकरलाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीज/पट्टा अवधि दिनांक 31/03/1995 को समाप्त होने के कारण नवीनीकरण किये जाने हेतु मेनटेनेंस खसरा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर (नजूल) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को प्रेषित आवेदन पत्र नजूल अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त भूमि का नवीनीकरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/02/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथ के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**बलौदाबाजार**

**कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**// मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/481/NIT No 41/जि.नि.स./2023-24 सुकमा, दिनांक-21/02/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मरम्मत कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | हड़मा स्टेडियम के इंडोर भवन का नवीनीकरण कार्य | 14.48 | |
| 2 | Construction & 1000 mm Dai pipe Culvert 16 nos Burkapal to Duled | 46.24 | |
| 3 | Construction & 3.00 m Slab Culvert 4 Nos & 1000 mm Dia Pipe Culvert Burkapal to Duled | 44.33 | |
| 4 | Renovation & Construction Work of Girls Hostel Errabore Konta | 105.29 | |
| 5 | Construction of 5x6.00 Metre Span Minor Bridge (Open Foundation Type) Burkapal-Duled Road RD 7000.00 Metre | 86.99 | 05/03/2024 |
| 6 | Construction of Minor Bridge (Open Foundation Type) 48.00 Metre Burkapal-Duled Road At RD 2400.00 Metre | 149.36 | |
| 7 | कलेक्टर परिसर सुकमा में उद्यान निर्माण एवं विकास कार्य | 28.03 | |
| 8 | Extension and strengthening of facilities at CHC Konta | 28.95 | |
| 9 | Construction of 02 no. G Type Doctors Quater at CHC Konta | 26.59 | |
| 10 | Construction of 02 no. I Type Quater at sub Health Center Potakpali | 26.15 | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगीः-
**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**(डिप्टी कलेक्टर)**
**नोडल अधिकारी**
**जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)**

G-07982/4

# सिर्फ बिल में दस्तखत करने पहुंचती हैं अफसर, उनका प्रभार संभाल रहे व्याख्याता इस महिने ही रिटायर हो रहे

■ शिक्षा विभाग में भर्राशाही चरम पर, पड़ोसी जिले में मूलपदस्थापना लेकिन राजनांदगांव में अफसरी कर रहे

## प्रभारी की सेवानिवृत्ति के बाद स्कूल में पद रिक्त हो जाएगा, अफ़सरी कर रहीं नोडल अफ़सर अध्यापन व्यवस्था से सालों से दूर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा विभाग में आत्मानंद स्कूलों की नोडल अफसर रश्मि सिंह की मूल पदस्थापना को लेकर नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि, उनकी मूलपदस्थापना डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम बुद्धु भरदा में है। यहां उनका प्रभार लंबे समय से व्याख्याता बोदेलकर संभाल रहे हैं। यह भी जानकारी सामने आई है कि बोदेलकर सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इस परिस्थिति में स्कूल में पद रिक्त होने की आशंका है। गौरतलब है कि, आत्मानंद स्कूलों की नोडल अफसर रश्मि सिंह ही जिला शिक्षा विभाग में नियुक्ति को लेकर बखेड़ा खड़ा हुआ है। इस संबंध में उनकी शिकायत शिक्षा मंत्री और सचिव स्तर तक हो चुकी है। बताया जाता है कि वें ट्राईबल से संविलियन में आई हैं। उन्हें जिला साक्षरता मिशन में जिला परियोजना अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति मिली थी। लेकिन यह परियोजना कुछ सालों पहले ही बंद कर दी गई जिससे उनकी प्रतिनियुक्ति भी स्वतः निरस्त मानी जानी चाहिए। बावजूद इसके उन्हें विभाग में ही दूसरी जिम्मेदारियां सौंप दी गई। वहीं उनकी मूलपदस्थापना को लेकर भी नई जानकारी आ रही है। पहले जानकारी थी कि उनकी पदस्थापना ग्राम मासूल में है। लेकिन हालिया मिली जानकारी के अनुसार उनकी नियुक्ति डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम बुद्धूभरदा में प्राचार्य के पद पर है। यहां उनकी अनुपस्थिति में व्याख्याता बोदेलकर को प्रभारी बनाए जाने की जानकारी है। यह भी बताया जा रहा है कि बोदेलकर इस महिने ही सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इस स्थिति में स्कूल में पद रिक्त हो जाएगा।


जिला शिक्षा विभाग की साख पर बट्टा, कार्यालय में सालों से जमे हुए हैं कनिष्ठ
जिस पद पर प्रतिनियुक्ति वो सालों पहले समाप्त, ट्राईबल से आने वालों का अफसरी पर कब्जा
ट्राईबल में ही होनी थी नियुक्ति
ट्राईबल से आकर दफ्तर में अफसरी कर रहे प्राचार्य व्याख्याताओं की शिकायत सचिव तक पहुंची
डीएमसी की मूलपदस्थापना पड़ोसी जिले में
ट्राईबल के और भी तैनात
रायपुर, सोमवार 19 फरवरी 2024
पायनियर
संस्कारधानी 10
दागी डीईओ शिक्षामंत्री कार्यालय में संलग्न, प्रतिनियुक्ति का पद समाप्त होने के बाद भी दफ्तर में जमी हुई हैं महिला प्राचार्या, इधर ट्राईबल के व्याख्याता भी अफसरी में जमे हुए
जिला शिक्षा विभाग कार्यालय में अंधेरगर्दी, बेपटरी सिस्टम में नियम-प्रावधान की धज्जियां उड़ाई जा रही
कनिष्ठ प्राचार्या ने प्रभार मिलने की बात नकारी... लेकिन अब प्रतिनियुक्ति पर सवाल
सिस्टम पर बट्टा, ट्राईबल के कई अफसरी का मजा ले रहे
शिक्षा मंत्री के कार्यालय में दागी डीईओ की तैनाती...
कभी स्कूल ही नहीं गई, प्रतिनियुक्ति वाला पद समाप्त फिर भी जमी हुई है अधिकारी
मंत्री कह रहे शिक्षकों की कमी.. इधर अध्यापन वाले दफ्तर नहीं छोड़ रहे


### सिर्फ बिल में दस्तखत करने पहुंचती हैं

बताया जा रहा है कि बीते कुछ सालों से सिंह बुद्धूभरदा में महिने में सिर्फएक दफा बिल पर दस्तखत करने आती हैं। कई बार तो वे ये जहमत भी नहीं उठातीं और उनके दस्तखत के लिए बिल जिला शिक्षा विभाग में उनके चेंबर तक लाया जाता है। उनका वेतन इसी शाला से आहरित हो रहा है। शिक्षा विभाग के अफसर इन मामलों की जानकारी अब तक छिपाते आए हैं। उनकी मूल पदस्थापना और दूसरे सवालों के जवाब विभाग से नहीं मिल रहे हैं। हालांकि पायनियर ने यह जानकारियां विभाग के अन्य माध्यमों से हासिल की है।

### वरिष्ठों के ऊपर कनिष्ठ को तरजीह

सिंह की अफसरी की शिकायत को लेकर कुछ और महत्वपूर्ण बिंदु है। मसलन वे ट्राईबल की प्राचार्या हैं तो उन्हें उस क्षेत्र में ही नियुक्त किया जाना चाहिए। दूसरी यह भी कि वरिष्ठता म में भी वें काफी नीचे हैं। उनसे वरिष्ठ कई प्राचार्य मौजूद हैं जिन्हें प्रशासनिक कामकाज के लिए विभाग में जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। अलबत्ता कनिष्ठों को ये मौके दिए जा रहे हैं जो कि अनुचित है। इन मामलों में डीईओ की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं।

### मोहला-मानपुर के विषय व्याख्याता राजनांदगांव में अफसर

ट्राईबल के विषय व्यख्याताओं की भी शिक्षा विभाग में तैनाती को लेकर शिकायतें सामने आई हैं। जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे और सहायक परियोजना समन्वयक पारस झाड़े की तो मूलपदस्थापना पड़ोसी जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में बताई जाती है। जबकि वे जिला मुख्यालय राजनांदगांव में जमे हुए हैं। डीएमसी सतीश ब्यौहारे की सेवाएं उनके मूल जिले को लौटाया जाना चाहिए था लेकिन उन्होंने सिस्टम में लूप का फायदा उठाते हुए वे यहीं जमे हुए हैं। पारस झाड़े एक गंभीर मामले में जेल जा चुके हैं और फिलहाल जमानत पर हैं। उनकी मूलपदस्थापना भी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में बताई जाती है। यहां तैनात सहायक परियोजना समन्वयक आदर्श वासनिक भी ट्राईबल के ही विषय व्याख्याता हैं।

# रक्तदान शिविर में 42 अनुयायियों ने किया रक्तदान
## नरेंद्राचार्य संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अनंतश्री विभूषित जगदगुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्य संस्थान द्वारा समाज सेवा के उद्देश्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसरा में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्तदान जगदगुरु के भक्तों व अनुयायियों द्वारा किया गया। शिविर में संस्थान के पदाधिकारीगण अनुयायियों को प्रेरित करने पहुंचे थे। आयोजकों ने पॉयनियर ग्रुप को बताया कि जगदगुरु नरेंद्राचार्य समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। देशभर में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक एक लाख यूनिट ब्लड डोनेशन का संस्थान की ओर से लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम आसरा में आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर मयंक साहू, प्रभारी जगदीश सोनी के साथ पूरी टीम एवम् स्थानीय डॉक्टर निराला, डॉक्टर मुमताज बेगम के अलावा स्टॉफ ने सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर अनुयायियों के हौसला अफजाई करने संस्थान के पदाधिकारी जिले के निरीक्षक रामकृष्ण मिरी, जिला सेवा अध्यक्ष राजाराम पंचारी, महिला अध्यक्ष टिको बाई तारम, तारत लाल, नोलचंद, ओमकार, चमन लाल, गेंद लाल, हरीश साहू ने सहभागिता प्रदान की। इस दरम्यान संस्थान के जिलाध्यक्ष राजाराम पंचारी द्वारा 20वीं बार रक्तदान कर मिसाल कायम की। उक्त अवसर पर ग्राम के परमा राम साहू, सतानंद दुबे, नरेंद्र चंद्रवंशी, ओमकार साहू, राधे लाल भारती, नूतन साहू सहित अन्य गणमान्यजन सहित रक्तवीर काफी संख्या में उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया टैलेण्ट हंट प्रोग्राम में पंजीयन करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारतीय खेल प्राधिकरण के वेबसाईट पोर्टल में खेलो इंडिया टैलेण्ट हंट प्रोग्राम में पंजीयन की अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024 तक दिया गया है। उक्त तिथि 08 मार्च 2024 तक बढ़ाने की संभावना है। जिले में संचालित समस्त विद्यालयों से अधिक से अधिक पंजीयन कराया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ में योजनानुसार पहला मूल्यांकन अभियान 4 जिलों दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव एवं सरगुजा में 08 मार्च 2024 तक होगा। 09 से 18 वर्ष आयु वर्ग में कुल 10 खेलों क्रमशः हॉकी, फुटबाल, कबड्डी, वॉलीबाल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन एवं बाक्सिंग पंजीयन किया जाना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार के सहायता या आवश्यकता होने पर अजय नामदेव सर्वदे, सहायक संचालक, साई सीआरसी भोपाल को मोबाईल नंबर 9558577657 पर संपर्क कर सकते है। इसके अलावा जिला कीड़ा अधिकारी से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिन्हें राशनकार्ड जारी नहीं है, उन्हें भी राशनकार्ड की पात्रता

**दुर्ग।** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा आदेश पारित किया गया है कि ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशनकार्ड जारी नहीं है, उन्हें भी पात्रतानुसार राशनकार्ड जारी करने हेतु आदेशित किया गया है। खाद्य नियंत्रक के अनुसार खाद्य विभाग एवं श्रम विभाग समन्वय कर राशनकार्ड जारी करने हेतु प्रयासरत् है। अतएव ऐसे सभी पंजीकृत हितग्राही जिन्हें अन्त्योदय या प्राथमिकता राशनकार्ड अभी तक जारी नहीं हुआ है, वे अपने स्थानीय निकाय ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर ई-श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता के छायाप्रति के साथ शीघ्र आवेदन पत्र प्रस्तुत करें ताकि उन्हें राशनकार्ड जारी किया जा सके।

# अधिकारी कर्मचारी 23 को मांगेंगे मोदी की गारंटी
## महंगाई भत्ता के लिए प्रदर्शन कर सौपेंगे ज्ञापन

डोंगरगांव नगर। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निर्णय अनुसार महंगाई भत्ता व अन्य मांग के लिए मोदी की गारंटी को अमल कराने 23 फ़रवरी को अधिकारी व कर्मचारी द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। एसोसिएशन द्वारा डोंगरगांव में 23 फ़रवरी को दोपहर 01 बजे सामूहिक प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस संदर्भ में डिप्लोमा इंजीनियर्स एशोसिएशन छत्तीसगढ के उप प्रांताध्यक्ष



आरके गजभिये ने पॉयनियर को बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निर्णय अनुसार महंगाई भत्ता व अन्य मांग के लिए मोदी की गारंटी को अमल कराने 23 फ़रवरी दोपहर अवकाश को अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## जितेन्द्र साहू का निधन

**राजनंदगांव।** लखोली वार्ड नम्बर 35 निवासी जितेन्द्र साहू का 21 फरवरी को तकरीबन शाम 5:00 बजे निधन हो गया। उनका एक माह से रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा 22 फरवरी दोपहर 12:00 उनके निज निवास स्थान लखोली से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि जितेंद्र नगर निगम टांका घर में कार्यरत कर्मचारी रेखा लाल साहू के पुत्र थे।



# डंडा लेकर सड़क पर खड़े होने वाले यातायात कर्मियों को तत्काल हटाए पुलिस प्रशासन : मदन साहू

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

इन दिनों यातायात पुलिस के चेकिंग अभियान को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि, यह अभियान यातायात कानूनों के पालन और सुरक्षा का विषय न रहकर ग्रामीण वाहन चालकों से उगाही और उन्हें परेशान किया जाने का अभियान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि - शहर और आऊटर इलाकों में ऐसे अभियान की कोई मॉनिटरिंग नहीं होती जिससे इसके असल उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि - पुलिस अधीक्षक को ऐसे मामलों पर त्वरित तौर पर संज्ञान लेना चाहिए। सामान्यजन को हो रही असुविधाएं और निर्मित हो रही अप्रिय स्थिति चिंताजनक है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि - ग्रामीण इलाकों में हो रही जांच में ग्रामीणों को रोककर परेशान किया जा रहा है। उन्हें यातायात नियमों में गलती या खामी पर समझाईश दी जानी चाहिए लेकिन मौके पर मौजूद



रहने वाले जवान चालान का डर दिखाकर वसूली कर रहे हैं। कई बार ऐसा भी प्रतित होता है कि यातायात विभाग को राजस्व जुटाने का कोई टारगेट मिला हुआ है और वे बस चालान काटने के लिए सड़क किनारे मौजूद हैं। यातायात पुलिस अपने मूल कर्तव्यों से हटकर डराने और वसूली जैसे मामलों में सक्रिय है जो कि उचित नहीं है। शहर आने वाले ग्रामीण वाहन चालकों के साथ किए जाने वाले व्यवहार पर भी उन्होंने निराशा जताई। मदन साहू ने कहा कि - किन्हीं कामों से, स्वास्थ्यगत कारणों से या किसी और वजह से अपने परिवार के साथ या अकेले शहर पहुंचने वाले लोगों को शहर के बीच रास्तों में डंडे दिखाकर रोक दिया जाता है। भोले-भाले ग्रामीण सहम जाते हैं। वे आवश्यक कार्यों के लिए भी राजनांदगांव आने से डरने और हिचकिचाने लगे हैं।

# संतों की जीवन मे दर्शन होता है, प्रदर्शन नही : रामज्ञानी



■ दर्रीजंगल में जारी है महायज्ञ, संकीर्तन एवं रामकथा

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

भरत जी रामायण के ऐसे पात्र हैं जिनके जीवन मे राम की आगाध भक्ति है, जिनके जीवन मे श्री राम की भक्ति का दर्शन तो है, प्रदर्शन नही, क्योंकि सच्चे सन्तों के जीवन मे केवल दर्शन होते हैं प्रदर्शन नही। उक्त गूढ़ दर्शन की बातें दर्री शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में जारी श्रीरामकथा में संतश्री रामज्ञानी दास महात्यागी ने कही। तिरखेड़ी आश्रम महाराष्ट्र से पधारे संतश्री ने भरत चरित्र का सटीक बखान करते हुए कहा कि जो श्रीसीता राम को हृदय में धारण करके श्रीभरत चरित्र का गायन व श्रवण करेगा।

वह भावरस से विरक्त होकर भव सागर से पार हो जाएगा। रामायण हमें सिर्फ पूरी याद है, तो उसका कोई मूल्य नही, अगर रामायण हमारी जीवनशैली बन जाये तो वह बेहद महत्वपूर्ण है। रामायण केवल उनके लिए काम की है, जिनके अंदर राम बनने की प्यास है। जिस प्रकार सागर में पानी हो, और हम सागर किनारे खड़े हैं यदि हमारे अंदर प्यास है, तो सागर का पानी पानी है, अन्यथा उस पानी का कोई मूल्य नही। जिस प्रकार पानी का मूल्य प्यास से है, बस। उसी प्रकार ही रामायण का मूल्य राम के विश्वास में है।

**दर्शनार्थ पहुँचे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष**-आयोजन के मीडिया प्रभारी विमल जैन ने बताया कि रामकथा का श्रवण करने जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू एवं उपाध्यक्ष सुयश नाहटा पहुंचे थे। इन्होंने श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में दर्शन कर कथावाचक संत रामज्ञानी महात्यागी एवं आश्रम सन्त त्रिलोचन ब्रह्मचारी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

# तेन्दूपत्ता व्यापारी भोजानी का दावा कोर्ट के आदेश पर बंद किया रास्ता
## आवाजाही मार्ग पर भूमि मालिक ने लगाया बेरिकेड्स

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के नीलगिरी कालोनी के एक मुख्य आवाजाही वाले रास्ते को निजी जमीन बताकर भूमि मालिक ने बेरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया है। तेन्दूपत्ता व्यापारी संजय भोजानी का दावा है कि उक्त जमीन से गुजरे रास्ते पर उनका मालिकाना हक है। वह लंबे समय से कोर्ट में जमीन के एवज में प्रशासन से मुआवजे के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। कोर्ट ने नगर निगम को मुआवजा राशि देने का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि नगर निगम ने आर्थिक तंगी का हवाला देकर मुआवजा राशि देने से इंकार कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद व्यापारी भोजानी ने कमला कॉलेज रोड को जोडने् वाले इस रास्ते में बेरिकेड्स लगा दिए। उन्होंने बेरिकेड्स में एक बैनर चस्पा कर दिया है। जिसमें उन्होंने आम रास्ता नहीं होने का हवाला देकर चारो तरफ से बाउंड्रीवाल निर्माण कराने का जिक्र किया है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कहा कि कोर्ट ने भूमि मालिक के पक्ष में फैसला दिया है। जिसमें उन्हें मुआवजा देकर जमीन निगम के अधीन रखने का निर्देश है। निगम की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जमीन की आवाजाही बंद करने का फैसला पूरी तरह से अनुचित है। एसडीएम से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। नीलगिरी का यह मुख्य रास्ता नेशनल हाईवे को भी जोड़ता है। एक बड़ी आबादी इस रास्ते से रोज गुजरती है। भूमि मालिक भोजानी का कहना है कि 18 हजार स्क्वेयर फीट की यह भूमि है। निगम ने मुआवजा देने से इंकार कर दिया। उनके सामने रास्ता बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बताया जा रहा है कि नगर निगम आयुक्त के समक्ष रास्ता बंद करने की शिकायतें पहुंची है। वह एसडीएम से चर्चा कर बेरिकेड्स हटाने को लेकर कार्रवाई कर सकते हैं। फिलहाल निजी जमीन बताकर भूमि मालिक ने मुख्य रास्ते को बंद कर इस क्षेत्र के बाशिंदों की मुश्किलें बढ़ा दी है।

### वामपंथी उग्रवाद से ग्रसित क्षेत्र की मांगों एवं सुझाव के संबंध में बैठक

# कलेक्टर ने युवाओं से पूछा - क्या चाहिए... सुझावों पर एक्शन प्लान बनाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एस जयवर्धन ने वामपंथियों उग्रवाद से सर्वाधिक ग्रसित क्षेत्र के जनजाति युवा एक्सचेंज कार्यक्रम के दौरान प्राप्त मांगो एवं सुझाव के संबंध में अधिकारियों एवं इस क्षेत्र के युवाओं की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के युवाओं के द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर रखे गये मांगो एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कार्य योजना निर्धारित कर क्रियान्वयन करने के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस क्षेत्र के युवाओं के द्वारा अपने गांव में सड़क निर्माण, स्कूल निर्माण, स्वास्थ्य सेवा विस्तार, महाविद्यालय, पेयजल आदि मांग रखा गया था। कलेक्टर ने बिंदुवार एक-एक कर सभी मांगों एवं सुझावों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर वस्तु स्थिति एवं हालत की जानकारी ली। बैठक में मुख्य रूप से स्कूलों में शिक्षक की कमी पर आवश्यकता अनुसार शिक्षकों की कमी को पूर्ति करने कहा गया। इसी प्रकार विद्यालय की मांग पर उच्च शिक्षा विभाग के नियमावली के अनुसार कार्यवाही करने कहा गया। पेयजल की समस्या पर यह बात स्पष्ट हुई की अधिकांश गांव में नल जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, कहीं कोई गंभीर समस्या नहीं है। कलेक्टर ने सड़क निर्माण की मांग पर लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए हैं। स्वास्थ्य सेवा विस्तार के संबंध में स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना को लेकर स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। महाविद्यालय में प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब की मांग पर प्रपोजल तैयार कर प्रेषित करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में सभी अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए सभी मांगों व समस्याओं का समाधान करने कहा गया है। बैठक में आईटीबीपी मोहला मुकेश, आईटीबीपी मानपुर सुनील कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवागण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर जिले के आश्रम व छात्रावास में किया गया न्योता भोजन
## पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत समुदाय एवं संगठन भी पूरक पोषण के रूप में करें योगदान

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के अवसर पर जिले में आज न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन सभी आश्रम एवं छात्रावास में किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत न्योता भोजन कार्यक्रम जनसहभागिता से आयोजित किया गया। बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन दिया गया। बच्चों को खीर, पूड़ी, पुलाव, गुलगुला भजिया, सलाद एवं अन्य स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। खुशी के माहौल में बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फउठाया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन को न्योता भोजन के रूप में उत्साह एवं खुशी के साथ मनाया गया।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत शालेय अवधि में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना भारत सरकार के साथ राज्य शासन की भी अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। न्योता भोजन समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद करेगा। यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाले भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने में मदद करेगा।

# जंगली हाथी ने महिला को कुचलकर मारा, फसल व घर को भी पहुंचाया नुकसान, रायगढ़ वन परिक्षेत्र के कांटाझरिया गांव की घटना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com







जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांटाझरिया में बीती रात जंगली हाथी के हमले से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने के पश्चात आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कसडोल के आश्रित गांव कांटाझरिया में बीती रात करीब 10 बजे एक जंगली हाथी ने गांव में दस्तक देते हुए एक महिला चमरीन मांझी पति स्व. सुंदर मांझी 60 साल को अपने भारी भरकम पैरों से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया वहीं वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जंगली हाथी के हमले से महिला की मौत के बाद आसपास के आधे दर्जन से भी अधिक गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इस संबंध में रायगढ़ रेंजर लीला पटेल ने बताया कि कांटाझरिया में बीती रात हाथी के हमले से महिला की मृत्यु हुई है। मृतका के परिजनों को तात्कालिक सहयता राशि दी गई है। कुछ फसल और मकान को भी हाथी ने नुकसान पहुंचाया है। इस मामले आगे की प्रक्रिया की जा रहे है।

**फसल व मकान को भी पहुंचाया नुकसान**-बताया जा रहा है कि मृतका अपने नतनिन के साथ रहती है। जिस वक्त जंगली हाथी ने महिला के कुचलकर मौत के घाट उतारा उस समय उसकी नतनिन टीवी देखने बगल के घर में गई हुई थी। इसी दरम्यान जंगली हाथी के द्वारा फसल और मकान को क्षति पहुंचाते हुए महिला को कुचलकर मार डाला।

**परिजनों को दी गई मुआवजा राशि**-रायगढ़ वन परिक्षेत्र के कांटाझरिया में जंगली हाथी के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलने के बाद रायगढ़ रेंजर लीला पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर तात्कालिक सहायता राशि के रूप में मृतका के परिजनों को 25 हजार रूपये की सहायता दी है। साथ ही फसल और मकान का प्रकरण बनाते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**दो दिन पहले बाल-बाल बचा था बाईक सवार**-गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक दंतैल हाथी आसपास के जंगलों में विचरण कर रहा हैं। दो दिन पहले ही राटरोट रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे बाईक सवार एक युवक जंगली हाथी से टकराते-टकराते बचा था।

**गांव-गांव में कराई जा रही मुनादी**-रायगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगलों में पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथी के विचरण करने की जानकारी वन विभाग के द्वारा लगातार गांव-गांव में जाकर मुनादी कराते हुए गांव के ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। साथ ही साथ गांव के ग्रामीणों को जंगल की ओर नही जाने की बात कही जा रही है ताकि क्षेत्र में जनहानि की घटना घटित न हो।

# शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित एवं समृद्ध बिहार पर परिचर्चा 24 को

- 24 फरवरी को पटना पहुंचने प्रोग्रेसिव ग्रुप के डॉ एस मधूप,सुरजदेव सिंह कुशवाहा, और डॉ अनिल कुमार बेतिया ने बिहार की जनता से संयुक्त रूप से की अपील



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित एवं समृद्ध बिहार पर परिचर्चा करने के लिए राजधानी पटना में पूरी तरह से तैयारी पूरी हो चुकी है कार्यक्रम के मुख्य कन्वेनर डॉ एस मधूप ने जानकारी देते हुए कहा कि 24 फरवरी को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित हो रही परिचर्चा को लेकर पूरे बिहार से लोग आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में बिहार के समृद्धि के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर परिचर्चा होगी क्योंकि बिहार को समृद्ध बनाना है तो शिक्षा की अलख जगाना बेहद हीं महत्वपूर्ण है लोगों के अंदर शिक्षा के प्रति जागरूकता कैसे फैलाया जाए, शिक्षा में और क्या.क्यासुधारकरने की आवश्यकता है ताकि बिहार फिर से एक नए मुकाम हासिल करने में सफलता पा सकें साथ हीं स्वास्थ्य पर भी परिचर्चा होगी की आखिरकार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतते हुए समय के साथ क्या.क्या करनी चाहिए। बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को कैसे सुधारा जाए ताकि लोगों को इलाज के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। डॉ अनिल ने कहा की इस कार्यक्रम में बिहार झारखंड के हर जिला से लगभग हजारों की संख्या में जोश खरोश और उत्साह के साथ लोग पटना कृष्ण मेमोरियल हॉल गांधी के पास पहुंच रहे है। दरअसल में इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वित और स्वास्थ को बनाया गया है जिनके उपस्थिति में बिहार को समृद्ध बनाने के लिए तमाम बड़ी मुद्दों पर परिचर्चा की जाएगी। और एक नया इतिहास लिखा जायेगा।

## रैरूमाखुर्द पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को चंद घंटे में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द में स्थानीय महिला जाकर उसके साथ गांव का एनोश टोप्पो (उम्र 32 साल) द्वारा डरा धमका कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि 19 फरवरी के रात एनोश टोप्पो और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा विवाद हुआ जिसमें एनोश की पत्नी घर छोड़ कहीं चली गई। रात करीब 10 बजे एनोश उसकी पत्नी को खोजते हुए इसके घर आया और उसकी पत्नी को पूछने पर नहीं आना बताई। तब एनोश उसकी पत्नी को गांव में ढूंढने अपने साथ ले गया। इसी बीच गांव के सुनसान स्थान पर महिला के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और घटना किसी को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दिया।

# मां दंतेश्वरी हाईस्कूल में 10वीं के बच्चों को दी गई बिदाई

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



माँ दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा, धमतरी में कक्षा तीसरी से नवमीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा 10 वीं के विद्याथियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से शुरू हुआ। कु. जागृति देवांगन एवं कुं डिम्पल तारक ने सरस्वती वंदना हे शारदे मां की प्रस्तुति दी। कक्षा नवमीं की छात्रा कुं माया देवांगन ने प्रभारी प्राचार्या लक्ष्मी रावटे का एवं कुं गायत्री गुप्ता, कुं कामना गुप्ता, कु. दिप्ती देवांगन ने वरिष्ठ शिक्षको का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। स्वागत गीत कुं रोहनी वर्मा एवं साथियों ने प्रस्तुत किया। छात्र/छात्राओं से कुं संगीता साहू, कुं सेविका यादव, कुं टिकेश्वरी, योगराज साहू ने स्कूल के अपने अनुभवो एवं पुरानी यादो के साथ साथ, विचारो को सबके साथ साझा किया। साथ ही बाकी छात्र/छात्राओं को मनोरंजन की दृष्टि से कुछ टास्क भी दिया गया जैसा कि चुटकुल, शायरी, गीत, रोने की आवाज, साड़ी पहन कर डांस करना एवं डांस आदि। प्राचार्या लक्ष्मी रावटे ने छात्रो को स्कूल की परीक्षा के साथ साथ जिदंगी की परीक्षा में भी हमेशा सफ्ल होने की शुभकामनाएं दी एवं छात्रो को अनुशासित आचरण की प्रशंसा की साथ ही बताया गया कि बच्चे अपने गुणो को पहचानते हुए एक लक्ष्य निर्धारित करे और कड़ी मेहनत करे। कार्यक्रम का संचालन कुं जागृति देवांगन ने तथा आभार प्रदर्शन कु. दीक्षा साहू न किया। सभी शिक्षको ने बच्चो को परीक्षा में सफल होने अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अन्त में सभी के लिए स्वल्पाहार रखा गया। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्रगण उपस्थित थे।

# शहर में फेरी कर सामान बचने वालों की ली पुलिस ने ली क्लास



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर कल रायगढ़ शहर के थाना कोतवाली, कोतरारोड़, चक्रधरनगर और जूटमिल क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सडक किनारे जडी बूटी, कपड़े,खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उन्हें फटकार लगा कर उनका मुसाफिरी दर्ज किया गया। थाना प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करने की समझाइए दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर बीते दिनों जिले के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत निवासरत सजायाफ्ता और संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल रहे आरोपियों की वर्तमान गतिविधियों की जांच का अभियान थाना स्तर पर चलाया गया था।

# अवैध शराब पर अलग-अलग कार्रवाई में 8 आरोपियों से 84 लीटर महुआ शराब और 30 पाव देशी प्लेन शराब जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में अवैध शराब पर अभियान स्तर पर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 21 फरवरी को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब विक्रय करने वालों पर छापेमार कार्यवाही किया गया जिसमें चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी सुशील सारथी निवासी टीवी टावर छोटे अतरमुडा से 30 लीटर अवैध महुआ शराब तथा जूटमिल पुलिस द्वारा छातामुड़ा चैक निवासी परमेश्वर साहू ऊर्फ पण्डा और दीलिप दास निवासी टुरकुमुड़ा को एक्टिवा स्कूटी में शराब परिवहन करते पकड़ा गया है जिनके पास से 30 पाव देशी प्लेन शराब जप्त किया गया है। वहीं कोतरारोड़ पुलिस द्वारा ग्राम गेजामुडा में अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए तीन महिला आरोपी- कैलाश यादव, शरनमती सिदार और दूतिका सिदार से 41 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती की गई है। इसी कड़ी में पुलिस चैकी जोबी द्वारा 07 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी सुरज कुमार डनसेना को पकड़ा गया है तथा छाल पुलिस ने ग्राम हाटी में अवैध शराब बेच रही महिला हेम कुंवर चैहान से 04 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है।

अवैध शराब पर अभियान में कल 08 आरोपियों से 84 लीटर अवैध महुआ शराब, 30 पाव देशी प्लेन और एक स्कूटी एक्टिवा जप्त कर आरोपियों पर पृथक-पृथक आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई किया गया है।

# प्राथ. शाला तरसींवा में डॉ. उमेश-झमित सिन्हा द्वारा किया न्योता भोजन कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला तरसींवा विकास खंड धमतरी में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें तरसींवा निवासी डा.उमेश सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नि झमित सिन्हा द्वारा शाला के बच्चो को खीर-पुडी का वितरण किया गया। बच्चो ने बडे ही उत्साह के साथ इस व्यंजन का लुत्फ उठाया। इस आयोजन से सामुदायिक सहभागिता को बढावा मिल रहा है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुशीला साहू, पुष्पा सिन्हा पंच, पायल साहू, धर्मिन सिन्हा, डॉ उमेश सिन्हा, झमित सिन्हा, सत्यवती सिन्हा, प्रधान पाठक गैंदकुमारी साहू, खिलेश्वर साहू, ओमप्रकाश सिन्हा मोनिका मुखर्जी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार कुल 117 नग नशीली कैप्सूल एवं मनः प्रभावी औषधि जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com






मुखबिर सूचना मिला कि आमातालाब रोड तालाब पार के पास में एक व्यक्ति अवैधानिक रूप से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल का बिक्री करने की सूचना पर तत्काल हम स्टाफ गवाहान के साथ मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर आरोपी गौतम उर्फ गोलू राजपुत पिता जयसिंह राजपुत 38 वर्ष आमातालाब रोड पोस्ट ऑफिस वार्ड थाना सिटी कोतवाली जिला धमतरी को पकडकर का विधिवत सम्पूर्ण कार्यवाही पर आरोपी के कब्जे से एक पारदर्शी प्लास्टिक डिब्बा में डिसीक्लोमिने हाइड्रोक्लोराइड ए ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड एंड अस्टमीनोफेन कैप्सूल्स स्पेस-ट्रांसन प्लस वेक्स केयर लिखा 6 नग खाली पत्ता प्रत्येक में 3-3 पत्ता एवं एक पारदर्शी पॉलीथीन में खुला 117 नग कैप्सूल मनः प्रभावी औषधि था। कुल नशीली कैप्सूल 117 नग पॉलीथीन सहित वजनी 72 ग्राम एवं मनः प्रभावी औषधि वजन 45.045 ग्राम कीमती 760 रूपये एवं आरोपी के कब्जे से बिक्री रकम 8200 रूपये मिलने पर गवाहों के समक्ष मौके पर जप्त कर विधिवत कार्यवाही कर सीलबद किया गया है। आरोपी गौतम उर्फ गोलू राजपूत का कृत्य नारकोटिक एक्ट के पाये जाने से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 92/24, धारा 21 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया गया हैं।उक्त कार्यवाही में डीएसपी परि विंकेश्वरी पिंदे, थाना प्रभारी धमतरी निरी ब्रिजेश तिवारी, सउनि अनिल यदु, रिखी राम साहू का योगदान रहा।

# ज्ञान अमृत विद्यालय द्वारा कक्षा 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों को दी बिदाई

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के विधार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अफ्जल अली रिजवी, अध्यक्षता जगदीश सोनी (उपप्राचार्य ज्ञान अमृत विद्यालय) एवं विशेष अतिथि कोशलेश्वरी दुबे, नेहा पद्मवार के रूप में मंचस्थ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों का एवं कक्षा 12वीं के विधार्थियों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनोरंजक नृत्य, चुटकुले एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विधार्थियों द्वारा विद्यालय में बिताए गए पल को याद करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। कक्षा 12वीं के समस्त विधार्थियों को उपहार भी प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि अफ्जल अली रिजवी ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत के द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विधार्थियों का लक्ष्य होता है परीक्षा में अच्छे अंको से उत्तीर्ण होना और अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करना। विद्यालय के उपप्राचार्य जगदीश सोनी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा को बोझ की तरह ना ढोवे क्योंकि यह आपका मित्र है। यह प्रकाश देता है, आगे का मार्ग प्रशस्त करता है। अनुशासित शिष्ट और सदाचारी बच्चे आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक कार्य में सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। कोई भी कार्य पूरा करने के पहले विधार्थियों को संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र साहू,भिलाषा चौहान, संतोषी वर्मा, कु. लक्ष्मी देवांगन, कु. भावना कहार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कु. भूमिका जैन ने किया।

## नशा छोड़कर घर, परिवार और गांव को दें अच्छा माहौल : कलेक्टर नम्रता गांधी

# एकीकृत ग्राम योजना निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





नगरी विकासखण्ड के ग्राम बसाहट पीपरहीभर्री में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत एकीकृत ग्राम योजना निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण के समापन अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा की शासन की मंशानुरूप सरकारी योजनाओं को आप लोगो तक पहुंचाने के लिए हम आपके बीच आये हैं। समाज के लोग संगठित होकर इन योजनाओं का लाभ उठाये। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि नशा छोड़कर अपने घर, परिवार सहित गांव को एक अच्छा माहौल प्रदाय करें। कलेक्टर ने आगे कहा कि आप सभी जल, जंगल, जमीन से जुड़े हुये लोग हैं और प्रकृति को बचाने में अपना योगदान दे रहे हैं। आपको आगे बढ़ाने के लिये शासन द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं हैं, आप सभी पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ लें तथा अपने बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान दें। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का मूल उद्देश्य आप सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास, सडक़, मोबाईल मेडिकल यूनिट, बैंकिंग सेवा, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता, खेती-किसानी तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों से जोड़कर आपका और समाज का विकास करना है। कार्यक्रम के आरंभ में सक्रिय सदस्य श्रीमती लता बाई ने ग्राम सामाजिक मानचित्र, संसाधन मानचित्र, गैप एनालिसिस, लघु वनोपज कार्ययोजना एवं आजीविका कार्य इत्यादि के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव के लोग सामुदायिक फ्लों की खेती करना चाहते हैं, जिसके लिये भूमि उपलब्ध है। कलेक्टर ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराने पर कलेक्टर ने गांव में पेंयजल की समस्या को दूर करने हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय करने, बच्चों को पोषण युक्त भोजन प्रदाय करने और प्रारंभिक शिक्षा देने के लिये नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र के लिये प्रस्ताव देने भी कहा। साथ ही कलेक्टर ने ग्राम के समीप निर्मित डबरी, खेत और प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत बनने वाले आवास स्थलों का मुआयना कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग डॉ.रेशमा खान, सीईओ जनपद पंचायत नगरी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा मैदानी अमला उपस्थित रहा।

# तमनार को कालिख में तब्दील कर देगा शारडा इनर्जी एंड मिनरल लिमिटेड का विस्तार

## बजरमुडा व ढोलनारा के लोगों पर पड़ेगा खासा असर

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा प्रदूषित कहे जाने वाले रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में भी उद्योगों का विस्तारीकरण लगातार जारी है। जिला प्रशासन और सरकारी सिस्टम पूरे तमनार एरिया में बृहद उद्योगों को फलने फूलने के लिए खुली छूट दे रखा है। पहले से बदसूरत अबो- हवा वाले तमनार के बजरमुडा में एक और फैक्ट्री शारदा एनर्जी एंड मिनिरल्स को कई गुना विस्तार की अनुमति देने के लिए पूरा सिस्टम लग गया है, जिसकी जनसुनवाई 1 मार्च को रखी गई है। इस उद्योग के विस्तार से बजरमुडा, ढोलनारा ही नहीं बल्कि पूरा तमनार कालिख के चपेट में आ जाएगा। आदिवासी क्षेत्र तमनार में जिस गति से शासन प्रशासन भारी उद्योगों की स्थापना व कोल माइंस को बढ़ावा दे रहा है उससे आने वाले दिनों में यह क्षेत्र इंसानों के रहने लायक नहीं रह जाएगा। वर्तमान में जो स्थिति जग जाहिर है कि यह क्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा प्रदूषण वाला क्षेत्र कहा जाता है जो खुद शासकीय रिपोर्ट में दर्ज है। जिस बुनियाद पर तमनार को औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया था वह बुनियाद कहीं नजर नहीं आता है। इन कोल कंपनियां व उद्योगों के सीएसआर और डीएमएफके नाम पर जो फंड जारी किया जाता है वह इस क्षेत्र में कहीं नजर नहीं आता। बीते चार दशक में पूरा तमनार कोयला खनन और औद्योगिक विस्तार से खोखला हो गया है। शासन प्रशासन की दोहरी नीति और इस क्षेत्र को औद्योगिक डंप एरिया बनाने में अब तक जारी है।

# छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में हरिचंदन के कार्यकाल को एक वर्ष पूरे हुए

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com





राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बतौर कल 23 फरवरी को एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां उच्च संवैधानिक पद पर साहित्यकार और संवेदनशील व्यक्ति राज्यपाल के रूप में आसीन हैं। राजभवन के दरवाजे सभी के लिए खुले रहते हैं। हर तबके, वर्ग और समाज के लोग राज्यपाल से भेंट करने आते हैं और संतुष्ट होकर जाते हैं। राज्यपाल को छत्तीसगढ़ के लोग अत्यंत सरल, सहज लगते हैं और वे सभी से आत्मीयता के साथ मिलते हैं। हरिचंदन ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति का पद संभालने के बाद कुलाधिपति के रूप में सबसे पहले राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली और उनके विश्वविद्यालयों की गतिविधियों एवं समस्याओं की जानकारी लेकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उनका कहना हैं कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है और इसका प्रभाव उसके भविष्य पर भी पड़ता है। इसलिए सभी विश्वविद्यालयों को समय पर दीक्षांत समारोह सम्पन्न करना चाहिए। उनके इस निर्देश के बाद राज्य के 11 शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह आयोजित हुए और लगभग 4 लाख विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां एवं पदक प्रदान किये गये। कुलाधिपति के रूप में वे विद्यार्थियों को राष्ट्र की सेवा करने एवं गरीब, शोषित व वंचित वर्ग के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि सर्वाधिक युवाओं की आबादी वाले इस देश के युवाओं को सकारात्मक दिशा में ले जाना आवश्यक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस दौरान छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था। उन्होंने छत्तीसगढ़ राजभवन के आतिथ्य को अत्यंत सराहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर देश में विकसित भारत /2047 अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से युवाओं को जोड़ने के लिए राज्यपाल के निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों की कार्यशाला राजभवन में आयोजित की गई। राज्यपाल का मानना है कि इस मिशन को सफल बनाने के लिए युवाओं के नवीन विचारों को राष्ट्र निर्माण में शामिल करना होगा। युवा शक्ति का उपयोग करके हम भारत को एक विकसित और सशक्त भारत के रूप में आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी की अनूठी पहल का क्रियान्वयन राज्यपाल हरिचंदन के निर्देशन में किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 26 राज्यों एवं 7 केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस राजभवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत बड़े ही उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया है। विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए इस कार्यक्रम में अब तक (गुजरात, महाराष्ट्र, ओड़िशा, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, गोवा, असम, नागालैण्ड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरांखड, झारखण्ड, मेघालय, उत्तरप्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, केन्द्र शासित प्रदेशों लद्दाख, चंडीगढ़, अंडमान निकोबार द्वीप, पुडूचेरी, लक्षद्वीप, दादर एवं नगर हवेली तथा दमन दीव) का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत युवा संगम कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी एक-दूसरे राज्यों का भ्रमण कर वहां के खान-पान, संस्कृति, रहन-सहन से रूबरू हो रहें हैं। इस कड़ी में गोवा और नागालैण्ड के विद्यार्थी भी छत्तीसगढ़ पहुंचे थे। राज्यपाल ने उनसे मुलाकात की और वैचारिक आदान-प्रदान भी किया। उनका कहना है कि विद्यार्थी ऐसा कार्य करे जिससे देश गौरवान्वित हो और एक भारत-महान भारत का उद्देश्य पूरा हो सके। राज्यपाल हरिचंदन की पहल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का प्रसारण राजभवन में सुना गया। मोदी ने कार्यक्रम की विभिन्न कड़ियों में छत्तीसगढ़ के हस्तियों से बातचीत की, साथ ही उनका उल्लेख किया। काष्ठ शिल्पकार अजय मंडावी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा था कि वे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के गुमराह युवाओं को सही मार्ग दिखा रहें हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## सरकारी जमीनों पर चहुंओर कब्जा

मीनल चौबे ने सभापति प्रमोद दुबे से कहा कि, उनके पास इसके लिखित दस्तावेज उपलब्ध हैं। इसमें निगम सचिव के हस्ताक्षर के साथ राजश्री सद्भावना समिति को शताब्दि नगर में निर्मित नगर निगम के सामुदायिक भवन का हस्तांतरण किया गया है। उनके इस आरोप पर सदन में हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने सदन को बताया, नगर निगम और स्मार्ट सिटी से भवन पर 1 करोड़ रुपए शानो शौकत में खर्च कर दिया। नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी द्वारा सामुदायिक भवन के हस्तांतरण के बाद टेंडर कर अनुबंधित एजेंसी से 55 इंच साइज के 4 सोनी टीवी, 5 मॉडयूलर किचन, 4 वुडन टेबल, 4 प्लाईवुड का साइड टेबल, प्लास्टिक की 40 चेयर, 7 सोफासेट, 2 एक्जिक्यूटिव टेबल, 4 कम्प्यूटर टेबल, 2 वाशिंग मशीन, 4 सुजाता मिक्सचर मशीन, एलजी रेफ्रिजरेटर, वाटर कूलर की खरीदी की गई। नगर निगम की सामान्य सभा के प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष ने प्रश्न किया था कि नगर निगम के सामुदायिक भवन में अधिकारिता किसकी रहती है, किसी भी संस्था को नगर निगम के पार्षदों की जानकारी के बिना क्या नगर निगम आवंटित कर सकता है? शताब्दि नगर के सामुदायिक भवन मामले में किस नियम के तहत एनजीओ को इसका आवंटन किया गया। जवाब में एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने सदन को बताया, सामुदायिक भवन की अधिकारिता निगम के पास रहती है। उस भवन की चाबी जोन 10 के कमिश्नर के पास ही है। बिना पार्षदों की जानकारी के भवन का आवंटन होना गंभीर विषय है। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। सामुदायिक भवन के साजो-सज्जा में किसके कहने पर राशि खर्च की गई और किस मद में यह राशि खर्च हुई है, इसकी जांच कराएंगे। सभापति प्रमोद दुबे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सदन की आसंदी ने नगर निगम कमिश्नर को जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, निगम कमिश्नर महापौर से चर्चा कर जांच कमेटी बनाएं और 15 दिन के भीतर इसकी जांच करायें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने कलेक्टर ने अधिकारियों से की चर्चा

## बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 24 फरवरी को होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 24 फरवरी को आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के संबंध में समस्त विभागों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम को वृहद् बनाया जाए। इसके लिए हर पहलुओं पर बिंदुवार जानकारी अधिकारियों को दी। ज्ञात हो विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन 24 फरवरी को राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। इसके लिए कलेक्टर ने सभी विभागों को गुणवत्ता पूर्ण तैयारी करने को कहा। बैठक में एसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दो उद्योगों का संचालन बंद और एक उद्योग को दूषित जल उपचार संयंत्र में आवश्यक सुधार करने हेतु नोटिस पत्र दिया गया

## कलेक्टर ने औद्योगिक इकाईयों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण विभाग की टीम द्वारा भनपुरी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित जल प्रदूषणकारी प्रकृति के उद्योगों की जांच की गई। उक्त जांच में 03 गैल्वेनाईजिंग इकाईयों/उद्योगों में उल्लंघन की स्थिति पाये जाने पर पर्यावरण विभाग द्वारा 02 उद्योगों को जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने पर संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक उद्योग को दूषित जल उपचार संयंत्र में आवश्यक सुधार करने हेतु नोटिस पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने भनपुरी औद्योगिक क्षेत्र एवं आस-पास के क्षेत्र में संचालित उद्योगों द्वारा जल प्रदूषण किये जाने की शिकायत पर छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, को आवश्यक जांच तथा कार्यवाही करने निर्देश दिया था। इसी तारतम्य में पर्यावरण विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों से होने वाले जल एवं वायु प्रदूषण की लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। डॉ सिंह द्वारा आगे भी सभी औद्योगिक इकाईयों पर लगातार निगरानी रखी जाने तथा पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के

# सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ तथा कनिष्ठ की परीक्षा 25 फरवरी को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ तथा कनिष्ठ (एमबीडी23) परीक्षा 25 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक 59 परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए उत्तम प्रसाद रजक, डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारी रायपुर एवं आशुतोष देवांगन, डिप्टी कलेक्टर नोडल अधिकारी तथा केदार पटेल सहायक संचालक कौशल विकास रायपुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# विधायक शेष राज हरवंश ने सदन में उठाया आयुष्मान कार्ड का मामला

पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र की समस्याओं एवं जनहित से जुड़ी मुद्दों को लेकर के विधानसभा पामगढ़ के विधायक शेषराज हरवंश के द्वारा विधानसभा सत्र में निरंतर जोर-जोर से मुद्दा उठाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आयुष्मान कार्ड के संबंध में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए सदन में मामला उठाया। आयुष्मान कार्ड तो बन गया है लेकिन उसका समुचित लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है उसमें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जिनको समस्या आ रही है उनका समाधान भी संभव नहीं हो पा रहा है। विधायक शेषराज हरबंश ने कहा कि आयुष्मान व खूबचंद बघेल योजना के तहत इलाज करने वाली नोडल एजेंसी का कार्यालय नया रायपुर में शिफ्ट कर दिया गया है। अब हर आवेदन करता को कह दिया जाता है कि आवेदन नया रायपुर में दिया जाएगा यह स्थिति शिकायतों के निदान की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुरानी व्यवस्था लागू होनी चाहिए। पहले यह कार्यालय शास्त्री चौक स्थित डीकेएस अस्पताल के पीछे था। वर्तमान में ऐसे कई प्रकरण है जिनके कार्ड किन्हीं तकनीकी कारणों से ब्लॉक हो जाता है दूरस्थ गांव से आए पीड़ितों को अपना कार्ड ठीक करवाने हेतु नया रायपुर जाना पड़ रहा है। रायपुर से 30 से 35 किलोमीटर दूर जाकर अपनी दिक्कतों को दूर करने का प्रयास कितना दुभर है समझा जा सकता है। वहां जाने को साधन मिलते हैं न सुविधा। विधायक ने शासन से यह मांग की कि आयुष्मान कार्ड का समस्त हितग्राहियों को आसानी से लाभ प्राप्त हो कोई भी उनके लाभ से वंचित न रहे ऐसी व्यवस्था लागू की जाए तभी आयुष्मान कार्ड बनाना सार्थक होगा। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समस्या से अवगत होकर सदन में तत्काल घोषणा की आयुष्मान कार्ड से संबंधित सभी तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा और आयुष्मान कार्ड सभी जगह चलेगा। अब सभी जगह आयुष्मान कार्ड में पेमेंट होगा।

# राज्य के सभी नवीन व ऑनगोईंग प्रोजेक्ट में यूनिट्स के क्रय-विक्रय के पहले रेरा में पंजीयन जरूरी

## प्रोजेक्ट लागत की 10 प्रतिशत शास्ति और 03 वर्ष के कारावास का प्रावधान

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने स्पष्ट किया है कि भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-3 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त नवीन व ऑनगोईंग प्रोजेक्ट्स को प्रोजेक्ट में यूनिट्स को किसी भी रीति से विज्ञापित, विपणित, बुक या उसका विक्रय या विक्रय करने की प्रस्थापना अथवा क्रय करने के लिये व्यक्तियों को आमंत्रित करने के पूर्व प्रोजेक्ट का छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीयन कराना अनिवार्य है। रेरा के रजिस्टार ने बताया कि उक्त प्रावधान का उल्लघंन किये जाने की स्थिति में रेरा अधिनियम की धारा-59 अंतर्गत प्रोजेक्ट लागत के 10 प्रतिशत तक की शास्ति अधिरोपित किये जाने एवं 03 वर्ष तक के कारावास का भी प्रावधान है। राज्य के चार जिलों (रायपुर, विलासपुर, कवर्धा, कांकेर) में विगत पाँच वर्षो में जारी की गई विकास अनुज्ञाओं के प्रथम दृष्टया अवलोकन से यह संज्ञान में आया है कि लगभग 157 ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं, जिन्होंने प्रोजेक्ट्स की मार्केटिंग व विक्रय के उद्देश्य से विकास अनुज्ञा प्राप्त करने के उपरांत भी प्रोजेक्ट को छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीकृत नहीं कराया है। प्राधिकरण द्वारा उनको नोटिस भी जारी किया जा रहा है। साथ ही प्राधिकरण को नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अवलोकन से यह भी प्रतीत हो रहा है कि उक्त श्रेणी के प्रोजेक्ट्स की संख्या और अधिक भी होने की भी संभावना है। ऐसे रेसीडेन्शियल एवं कॉमर्शियल प्रोजेक्ट्स व प्रमोटर्स द्वारा अधिनियम के प्रावधानों व प्राधिकरण के निर्देशों का लगातार उल्लघंन किया जाना परिलक्षित हो रहा है। प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण व अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन कराये जाने के उद्देश्य से ऐसे 157 प्रमोटर्स के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कठोर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया है। ताकि ऐसे प्रोजेक्ट में भवन/भूखंड ऋय करने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्राधिकरण द्वारा अगले चरण में राज्य के अन्य जिलों में स्थित नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालयों से जारी की गई विकास अनुज्ञाओं की जानकारी मंगायी जा रही है।




# मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह नाकाम रही है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह नाकाम रही है। 100 दिन में महंगाई कम करने का झांसा देकर केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अब जनता के प्रति जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। भुखमरी इंडेक्स में भारत लगातार नीचे आ जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार देश के 45 करोड़ युवा गलत आर्थिक नीतियों से हताश होकर नौकरी की तलाश ही बंद कर चुका है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था तेजी से उल्टे पांव भाग रही है। जीडीपी लगातार लक्ष्य और अनुमान से कम हो रहा है। नई नौकरी तो दूर लोगों की लगी लगाई नौकरी छीनी जा रही है बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है, लेकिन मोदी सरकार आत्ममुग्धता से बाहर ही नहीं आ पा रही है। अगर देश की सरकार ही जिम्मेदारी नहीं लेगी तो समस्या का समाधान कैसे होगा? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है। देश की जीडीपी 8.2 से गिरकर 5.7 हो गयी है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन बिगड़ने से आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है। देश पर कुल कर्ज का भार 3 गुना बढ़ चुका है। विगत 12 महीनों में डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 12 प्रतिशत से ज्यादा गिर चुका है। मोदी राज में विगत एक माह में ही विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 26 बिलियन डॉलर कम हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 2014 की तुलना में 20 परसेंट कम होने के बावजूद डीजल और पेट्रोल 30 से 40 रुपए प्रति लीटर महंगे बेचे जा रहे हैं। थोक और खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय सीमा से लगातार ऊपर है लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजीपतियों के मुनाफे पर केंद्रित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि रूपया 1 डॉलर के मुक़ाबले 82 पार करने पर तुला हुआ है। पिछले 18 महीनों में रुपए के मूल्य में 12 प्रतिशत से ज़्यादा गिरावट हो गयी है। मोदी सरकार के 8 साल के कार्यकाल में रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 24 रुपए (43.5 प्रतिशत) तक गिरा है। मोदी के राज में भारत की विदेशी मुद्रा भंडार पिछले 1 महीने में 26 बिलियन डॉलर कम हुआ, 1 साल में 642 बिलियन डॉलर से गिरकर 545.5 बिलियन डॉलर पर पहुँचा। रुपया कमजोर होने का मतलब है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403